# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 20 मई 2026




शाह का स्वागत करते सीएम साय, सीएम डॉ. यादव भी रहे मौजूद

## हफ्ते में दूसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

# प्रति लीटर करीब 90 पैसे की हुई बढ़ोतरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में एक बार फिर से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ा इजाफा कर दिया गया है। तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में करीब 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि मात्र एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी बार है जब ईंधन के दाम इस तरह से बढ़ाए गए हैं। इस नई बढ़ोतरी से ठीक तीन दिन पहले, शुक्रवार को ही केंद्र सरकार ने देशभर में पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में तीन-तीन रुपए प्रति लीटर का भारी इजाफा किया था। मंगलवार को फिर से दाम बढ़ने के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे और महंगा होकर 98.64 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, दिल्ली में डीजल 91 पैसे महंगा होकर 91.58 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार इस बढ़ोतरी के बाद कंपनियों का दैनिक घाटा करीब 25 फीसदी कम होकर 750 करोड़ रुपए रह गया है। पहले ये लगभग 1,000 करोड़ तक पहुंच गया था। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के मुताबिक तेल कंपनियों को घाटे की भरपाई के लिए किसी राहत पैकेज या सब्सिडी पर विचार नहीं किया जा रहा है।

**इस बढ़ोतरी के बाद तेल कंपनियों का दैनिक घाटा 750 करोड़ रुपए रह गया**

### भोपाल में पेट्रोल में 95 पैसे और डीजल में 93 पैसे की वृद्धि

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में पेट्रोल में 95 पैसे और डीजल में 93 पैसे की वृद्धि हुई है। इन बढ़ी हुई कीमतों के बाद पेट्रोल 110 रुपए 95 पैसे जबकि डीजल 96 रुपए 9 पैसे पहुंच गया है। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने राज्य सरकार से विचार कर टैक्स में घटाने की बात कही है।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता की

# 'कुपोषण' के खिलाफ 'जंग' का ऐलान

### शाह की खास बातें

1. स्कूल ड्रॉपआउट दर में कमी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार
2. मिलावटखोरी पर रोक तथा पॉक्सो एवं बलात्कार के मामलों में शत-प्रतिशत दोषसिद्धि दर सुनिश्चित की जाए
3. अदालतों में पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों के त्वरित निपटारे हेतु उच्च न्यायालयों को विशेष अदालतें गठित करनी चाहिए
4. चारों राज्य केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रारूप के अनुरूप 1930 साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन के कॉल सेंटर को अपडेट करें
5. 3 वर्ष में हर आपराधिक मुकदमे को सुप्रीम कोर्ट तक अंजाम देने का लक्ष्य 2029 से पूर्व पूरा करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ के बस्तर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक संपन्न हुई। इस उच्च स्तरीय बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। अंतर-राज्य परिषद सचिवालय द्वारा आयोजित इस बैठक में बुनियादी ढांचे, सामाजिक कल्याण और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। शाह ने जल जीवन मिशन-2 पर अभी से ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि हर घर तक नल से जल पहुंचाया जा सके। स्वास्थ्य और पोषण जैसे संवेदनशील मुद्दों को रेखांकित करते हुए गृह मंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों से आह्वान किया कि वे कुपोषण के खिलाफ भारत सरकार की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें। उन्होंने राज्यों से अपील की कि वे अपना कम से कम 50% ध्यान ग्रामीण विकास और व्यक्तिगत सशक्तिकरण की योजनाओं पर केंद्रित करें। साथ ही, स्कूलों में ड्रॉपआउट दर को कम करने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। **अब चारों राज्यों के बीच कोई विवादित मुद्दा नहीं:** बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने बस्तर को पूरी तरह नक्सल मुक्त घोषित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

**केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों से मांगा साथ, मिलकर आगे बढ़ने का आह्वान**



शाह के साथ चार राज्यों के सीएम का समूह फोटो

*बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए*

मुख्यमंत्री ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सुशासन के प्रयासों की दी जानकारी

### मप्र के नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्र के लिए 330 करोड़ की माइक्रो डेवलपमेंट योजना

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मप्र में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों और सुशासन के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने सहकारिता, साइबर सुरक्षा, शिक्षा, शहरी विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, डिजिटल अधोसंरचना विकास, दूध उत्पादन आदि क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की प्रगति की जानकारी साझा की गई। मप्र में नक्सलवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों के विकास के लिए नए लक्ष्य तय किए गए हैं। नक्सलवाद से प्रभावित रहे ग्रामों के लिए 330 करोड़ रुपए लागत की माइक्रो डेवलपमेंट योजना लागू की गई है।

**मप्र में समय सीमा से पहले नक्सलवाद की समाप्ति में सफलता**

### क्षेत्रीय परिषदों की बढ़ती सक्रियता

शाह ने आंकड़ों के जरिए बताया कि वर्ष 2014 से 2026 के बीच क्षेत्रीय परिषद का तंत्र कितना मजबूत हुआ है। जहां 2004 से 2014 के बीच केवल 11 बैठकें हुई थीं, वहीं पिछले 12 वर्षों में यह संख्या बढ़कर 32 हो गई है। इस दौरान 1729 से अधिक मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें से लगभग 80% का सफल समाधान निकाला जा चुका है। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि जिस तरह देश को नक्सलवाद से मुक्ति मिली है, उसी तरह वर्ष 2029 से पहले हर आपराधिक मुकदमे को 3 साल के भीतर सुप्रीम कोर्ट तक अंजाम तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।


Hero

लिव एक्सट्रीम

ऑर्डिनरी को पीछे छोड़ो. रूटीन से बाहर निकलो. फास्टेस्ट 125CC* के साथ लाइफ़ में जोश भरो.




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in the 125cc segment as per internal testing. ^Starting exshowroom price of Xtreme 125R IBS OBD2 variant in Madhya Pradesh. T&C Apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392 , जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 977053138, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, बीरसिंहपुर पाली: श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, रीठी: प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वारा: शिवम मोटर्स, 7509839990, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

RS/Hero/05/26

रेलवे ने 3 बड़ी परियोजनाओं को दी मंजूरी

# वैष्णो देवी कटड़ा रेल रूट बनेगा अभेद्य, विश्वसनीय कनेक्टिविटी बढ़ेगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने देश के रेल नेटवर्क को और मजबूत, सुरक्षित और रफ्तार देने के लिए 2193 करोड़ के 3 बड़े प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी है। रेल मंत्रालय की ओर से मंगलवार को बताया गया कि प्रोजेक्ट का उद्देश्य जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा रूट पर सुरक्षा बढ़ाना, व्यस्त हावड़ा-दिल्ली कॉरिडोर की क्षमता का विस्तार करना और चेन्नई के सबअर्बन नेटवर्क में भीड़भाड़ को कम करना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कटड़ा सेक्शन पर होने वाले काम देश के सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में सुरक्षित और विश्वसनीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। वहीं, अन्य दो प्रोजेक्ट्स से यात्री और मालगाड़ियों दोनों के संचालन में बड़ा सुधार होगा।

माल ढुलाई को मजबूती मिलेगी

ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ाना और ठहराव समय घटेगा



### कटड़ा सेक्शन के लिए 238 करोड़ का सुरक्षा पैकेज

- जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा रेल खंड पर भूस्खलन, टनल पुनर्वास, टनल से पानी के रिसाव को रोकने और संवेदनशील स्थानों पर पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- यह इसलिए क्योंकि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और खराब मौसम के कारण इस रूट पर परिचालन में कई चुनौतियां आती हैं। हर साल लाखों तीर्थयात्री इस मार्ग से वैष्णो देवी जाते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए यह प्रोजेक्ट बेहद अहम है।

### 962 करोड़ में क्यूल-झाझा तीसरी लाइन

*हावड़ा-दिल्ली कॉरिडोर की क्षमता का विस्तार करने के उद्देश्य से इस 54 किलोमीटर लंबी तीसरी लाइन को बनाया जाएगा। फिलहाल क्यूल और झाझा के बीच की डबल लाइन अपनी क्षमता से अधिक पर काम कर रही है। इस तीसरी लाइन के बनने से ट्रेनों की लेटलतीफी कम होगी और मालगाड़ियों के संचालन में आसानी होगी। यह रूट कोलकाता/हल्दिया बंदरगाहों और नेपाल को जोड़ने के साथ-साथ कई थर्मल पावर प्लांट के लिए कोयला और माल ढुलाई का मुख्य जरिया है।*

### यह सुधार किया जाएगा

- *चेन्नई उपनगरीय सर्कुलर नेटवर्क के इस सिंगल लाइन सेक्शन को डबल लाइन में बदला जाएगा। यह लाइन 68 किलोमीटर लंबी होगी।*
- *अभी इस सिंगल लाइन पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक है। इसके डबल होने से लोकल ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ेगी और यात्रियों का समय बचेगा।*
- *यह कॉरिडोर महिंद्रा वर्ल्ड सिटी और श्रीपेरंबुदूर जैसे बड़े औद्योगिक केंद्रों को जोड़ता है। इसके अलावा, प्रस्तावित परंदूर एयरपोर्ट भी इसी रूट के पास है।*

### आर्थिक और औद्योगिक विकास को मिलेगी गति

वैष्णव ने बताया कि इन परियोजनाओं से न केवल आम यात्रियों का सफर आसान और सुरक्षित होगा, बल्कि सीमेंट, ऑटोमोबाइल, खाद्यान्न, लोहा और इस्पात जैसी प्रमुख वस्तुओं की ढुलाई में भी तेजी आएगी। यह कदम औद्योगिक विकास और व्यापार कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। यह मार्ग महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, श्रीपेरंबदूर, ओरगडम और इरुंगट्टुकोट्टई जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्रों को जोड़ता है। इसके अलावा, कांचीपुरम के निकट प्रस्तावित परंदूर हवाईअड्डा परियोजना के पास होने से इस रेलखंड की रणनीतिक अहमियत और बढ़ गई है। रेल मंत्रालय ने बताया कि दोहरीकरण पूरा होने के बाद उपनगरीय सेवाओं के साथ-साथ माल गाड़ियों की आवाजाही भी सुगम होगी, जिससे क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी और यात्रियों को तेज, सुरक्षित तथा अधिक विश्वसनीय रेल सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह परियोजना चेन्नई मेट्रोपोलिटन क्षेत्र के बढ़ते यातायात को देखते हुए रेलवे की बड़ी आधारभूत संरचना विकास योजनाओं में शामिल है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी का निधन

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व सीएम भुवन चंद्र खंडूरी का मंगलवार को निधन हो गया है। वे लंबे समय से



बीमार थे। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी मेजर जनरल खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। खंडूरी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन एवं समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

### पंजाबी गायिका इंदर कौर की हत्या

**लुधियाना।** पंजाब की म्यूजिक इंडस्ट्री को दहला देने वाली एक बेहद खौफनाक वारदात सामने



आई है। 6 दिनों से लापता मशहूर पंजाबी गायिका यशइंदर कौर उर्फ इंदर कौर की निर्मम हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मृतका का शव नीलो नहर से बरामद किया है।इसके पीछे एकतरफा प्यार और सनक की कहानी सामने आई है।

### न्यू अशोक नगर में 20 कारों में भीषण आग

**पूर्वी दिल्ली।** न्यू अशोक नगर थाना क्षेत्र के एक रिहायशी परिवार के घर में खड़ी 20 कारों में आग



लग गई। दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। थाने से चंद कदमों की दूरी पर ही पेट्रोलपंप बना हुआ है। आग का धुंआ काफी दूर से आसमान में नजर आ रहा था। ओवरहेड पानी के टैंक के पानी का भी इस्तेमाल किया गया।

### रेप करने के आरोप में बीटेक का छात्र गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** हैदराबाद में हैरानी वाला मामला सामने आया है। एक बीटेक के छात्र को क्लासमेट को



जबरदस्ती शराब पिलाकर उसका कथित तौर पर रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। घटना 14 मई की रात को हुई थी। इब्राहिमपटनम पुलिस स्टेशन में शिकायत पर 15 मई को मामला दर्ज किया गया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में कहा

# भय-बंदूक से नक्सलमुक्त हो गया बस्तर, जनता में उत्साह, विश्वास और भविष्य की आश्वस्तता बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में कहा कि आज बस्तर की जनता में उत्साह, विश्वास और भविष्य के प्रति आश्वस्तता का वातावरण सर्वत्र नजर आता है। उन्होंने कहा कि भय का माहौल, बंदूकों के साये में जीवन जीने का दौर आज समाप्त हुआ है और आज पूरा बस्तर मुक्त सांस ले रहा है। हम सबके लिए यह बड़े आनंद का विषय है कि बस्तर नक्सलमुक्त हो गया है।शाह ने कहा कि इसमें कुछ तिथियों का बड़ा महत्व है। पहली तिथि 13 दिसंबर 2023, जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में बनी। केंद्र में मोदी सरकार पहले भी थी, लेकिन यहां कांग्रेस की सरकार थी। मैं निःसंकोच कहना चाहता हूं कि ढेर सारी गैर-भाजपा सरकारों ने नक्सलमुक्त आंदोलन में हमारा सहयोग किया है, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने नहीं किया।

*आज यहां लोग खुली सांस ले रहे*

## कई भाजपा सरकारों ने नक्सलमुक्त आंदोलन में किया पूरा सहयोग




## नक्सलवाद का संपूर्ण उन्मूलन हो गया

13 दिसंबर 2023 को यहां भाजपा सरकार बनने के बाद हमने बस्तर में बचे हुए नक्सलवाद को समाप्त करने की फिर से कवायद की। दूसरी तिथि 24 अगस्त 2024, जब सभी राज्यों के डीजी की बैठक के बाद घोषणा की गई कि 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद के आतंक से मुक्त कर दिया जाएगा। तीसरी तिथि 31 मार्च 2026, सुरक्षा बलों के पराक्रम, साहस और बलिदान के कारण निर्धारित तिथि से पहले ही देश से नक्सलवाद का संपूर्ण उन्मूलन हो चुका था। चौथी तिथि 19 मई 2026 है,जब से नक्सलवाद नक्सलबाड़ी से फैलना शुरू हुआ, उसके पक्षधर बुद्धिजीवी यह बताते रहे कि नक्सलवाद इसलिए पनपा क्योंकि विकास उन क्षेत्रों में नहीं पहुंचा। जबकि सच यह था, विकास न पहुंचने का कारण ही नक्सलवाद था।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संपूर्ण विकास की परिकल्पना लॉन्च

देश में ऐसे भी क्षेत्र थे जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से भी पिछड़े हुए थे, लेकिन वहां नक्सलवाद नहीं हुआ और वे धीरे-धीरे आगे बढ़ गए, लेकिन बस्तर पीछे रह गया। 19 मई 2026 वह तिथि है, जब से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संपूर्ण विकास की परिकल्पना को लॉन्च किया जा रहा है।

### 200 सुरक्षा कैंपों को सेवा डेरा में बदला जाएगा

*शाह ने कहा कि कल ही मैंने शहीद वीर गुंडाधुर सेवा डेरा का उद्घाटन किया। बस्तर में जो 200 सुरक्षा कैंप हैं, उन्हें सेवा डेरा में बदला जाएगा। शाह ने कहा कि पूरे जिले नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए भारत सरकार यहां लगभग 200 सुरक्षा कैंप बनाए थे। सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान इन कैंपों में रहकर इलाके की सुरक्षा सुनिश्चित करते थे, लेकिन अब बस्तर नक्सल-मुक्त है, इसलिए हमने यह तय किया है कि पहले चरण में इन 200 कैंपों में से 70 या उनमें से लगभग एक-तिहाई को वीर शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा में बदल दिया जाएगा।*

### बस्तर के हर आदिवासी को एक गाय और भैंस देंगे

*शाह ने मध्यक्षेत्रीय परिषद की प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उनके अलावा राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। इस दौरान शाह ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और उन्होंने बस्तर के आदिवासियों के लिए कही घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि बस्तर के हर आदिवासी को एक गाय और एक भैंस देंगे। विकास न होने की वजह से नक्सलवाद नहीं था, बल्कि नक्सलवाद की वजह से विकास नहीं हो रहा था। आज बस्तर में विकास की नई शुरुआत हुई है। बस्तर के हर आदिवासी को एक गाय और एक भैंस देंगे। हम बस्तर संभाग में डेयरी का बड़ा नेटवर्क बनाने जा रहे हैं. जंगल के वनोपज के फायदे को आदिवासियों तक पहुंचाएंगे।*

### कांग्रेस पर साधा निशाना

*कांग्रेस ने इस अभियान में हमारा साथ नहीं दिया यहां सेंट्रल रीजनल काउंसिल की 26वीं मीटिंग हुई। बस्तर के लोगों में भविष्य को लेकर उत्साह, आत्मविश्वास का माहौल हर जगह दिख रहा है। कई गैर-बीजेपी सरकारों ने हमारे नक्सल-मुक्त अभियान का समर्थन किया है। लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने नक्सल-मुक्त अभियान में हमारा साथ नहीं दिया। 13 दिसंबर, 2023 को यहां भाजपा की सरकार बनने के तुरंत बाद हमने बस्तर में बचे हुए नक्सलियों को निशाना बनाया।*

रायबरेली में राहुल का केंद्र पर निशाना

# आर्थिक शॉक अडाणी, अंबानी और प्रधानमंत्री को नहीं आपको लगेगा



तूफान आने वाला है

राहुल गांधी रायबरेली के बछरावां में विवाह हॉल का उद्घाटन करते हुए

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले चुरुआ हनुमान मंदिर में मत्था टेका। बड़े मंगल पर उन्होंने बजरंगबली के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। यहां उन्होंने पर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो आर्थिक ढांचे बदला है, उससे तूफान आने वाला है। यूपी की जनता को शॉक लगेगा। यह आर्थिक शॉक अडाणी, अंबानी या प्रधानमंत्री मोदी को नहीं लगेगा। वह यूपी के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों को लगेगा। बहुत कठिन समय आ रहा है। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि विदेश यात्रा पर मत जाइए, जबकि प्रधानमंत्री मोदी खुद दुनिया के चक्कर काट रहे हैं।

**पेट्रोल-डीजल की महंगाई पर बरसे :** देश में पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों को लेकर राहुल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोला । राहुलने सीधे पीएम मोदी की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज जब देश और दुनिया के सामने इतना मुश्किल समय आ रहा है।

### महंगाई पर केंद्र सरकार को घेरा

*राहुल ने कहा, पेट्रोल के दाम बढ़ते जा रहे हैं। महंगाई आसमान के ऊपर जा रही है। वेकहते हैं कि राहुल को कोई समझ नहीं है। हम उनसे आज भी कह रहे हैं कि आप एक्शन लीजिए, जनता की रक्षा कीजिए। लेकिन, उनको कुछ लेना देना नहीं है। कभी हवाई जहाज से नॉर्वे चले जाते हैं, कभी जापानी चले जाते हैं, कभी कहीं और चले जाते हैं। राहुल ने कहा, नरेंद्र मोदी कहते है कि सोना मत खरीदो, इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदो, विदेश मत जाओ। इतना कहने के बाद पीएम मोदी विदेश चले जाते हैं।*

### अखिलेश से अलायंस पर बोले - मुद्दे से भटकना नहीं चाहते

*इस दौरान उन्होंने अखिलेश यादव की ससपा से गठबंधन के सवाल पर प्रतिक्रिया दी। जब पत्रकारों ने राहुल से सपा प्रमुख अखिलेश के साथ गठबंधन को लेकर सवाल पूछा, तो उन्होंने इसका सीधा जवाब देने के बजाय देश की मुख्य समस्याओं पर फोकस करने की बात कही। राहुल ने दो टूक कहा कि मैं अभी मुख्य मुद्दे से बिल्कुल भी भटकना नहीं चाहता हूं। इस समय देश में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतें सबसे बड़ा और गंभीर विषय हैं।*

मेफेयर कन्वेंशन में चौहान ने कहा

# पूर्वी भारत बनेगा देश के कृषि विकास का ग्रोथ इंजन, दिशा व दशा बदलेगी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भुवनेश्वर के मेफेयर कन्वेंशन में ओडिशा के सीएम मोहन चरण मांझी के साथ पूर्वी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का उद्घाटन किया। चौहान ने पूर्वी भारत की कृषि को अधिक उत्पादक, टिकाऊ, वैज्ञानिक और लाभकारी बनाने का सशक्त आह्वान किया। चौहान ने कहा यह केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूर्वी भारत की कृषि, किसानों की आजीविका और क्षेत्रीय कृषि रणनीति को नई दिशा देने के लिए गंभीर चर्चा का मंच है। महाप्रभु



जगन्नाथ की पावन धरती पर एकत्र हुई यह टीम एग्रीकल्चर पूर्वी भारत की खेती की हालत को बेहतर बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के संकल्प के साथ बैठी है। उन्होंने पूर्वी भारत की उर्वरा भूमि, जल उपलब्धता, विविध जलवायु और किसानों की मेहनत को इस क्षेत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि यही क्षेत्र भारत के कृषि विकास का ग्रोथ इंजन बन सकता है।

टीएमसी को लगा बड़ा झटका

# फलता पुनर्मतदान से पहले जहांगीर ने वापस लिया अपना नामांकन पत्र

एजेंसी ▶▶ कोलकता

दक्षिण 24 परगना जिले की सीट फाल्टा से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को बड़ा झटका लगा है। फाल्टा से टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान ने चुनावी मैदान से अपना नाम वापस ले लिया है। यहां पुनर्मतदान 21 मई को होना है। ऐसे में उम्मीदवार के हटने अचनाक से नाम वापस लेना एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इसघटनाक्रम पर टीएमसी प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि पार्टी को खान के इस निर्णय के बारे में सूचना मिली है। पार्टी को अभी तक यह



स्पष्ट नहीं है कि इस फैसले के पीछे क्या कारण है? खान ने उपचुनाव में चुनाव नहीं लड़ने या भाग नहीं लेने का फैसला किया है। पार्टी अभी तक उनके नाम वापस लेने के पीछे के कारण से अवगत नहीं है। यह अचानक लिया गया फैसला माना जा रहा है। पार्टी इस मामले में अधिक जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश ▶ आबकारी घोटाले में 4 हफ्तों में जवाब पेश करें

# केजरीवाल-सिसोदिया समेत आप नेताओं को हाईकोर्ट ने थमाया अवमानना नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने आपराधिक अवमानना के एक स्वतः संज्ञान मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह सहित अन्य आप नेताओं को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा द्वारा शुरू किए गए इस मामले में आरोप है कि शराब नीति मामले में न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत से रिक्यूजल याचिका खारिज होने के बाद आप नेताओं ने अदालत का बहिष्कार किया और



सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो तथा पत्रों के माध्यम से उनके खिलाफ अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां कीं। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रवींद्र डुडेजा की पीठ ने सभी आरोपियों को जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है। अदालत ने इस मामले में न्याय मित्र नियुक्त किया है तथा सभी इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड्स को संरक्षित रखने का आदेश दिया है।

### सुरजेवाला को समन 23 को पेश हों



*गुवाहाटी। असम में कथित पासपोर्ट विवाद को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। असम पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला को समन जारी किया है। पुलिस ने उन्हें 23 मई को गुवाहाटी स्थित क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में पेश होने के लिए कहा है। सीएम हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिनिकी भुयान से जुड़े कथित पासपोर्ट विवाद से यह जुड़ा बताया जा रहा है।*

पत्थरबाजी में कई जवान घायल हुए थे, वाहनों में तोड़फोड़ की थी

# मैं एसी में बैठकर तमाशा नहीं देखूंगा, दोबारा इस तरह घटनाएं हुईं तो बर्दाश्त नहीं करूंगा

बंगाल में नमाज बैन पर खुलकर बोले सीएम सुवेंदु

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि पुलिसकर्मियों पर हमले और तोड़फोड़ की घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और यदि ऐसी घटनाएं दोबारा हुईं तो मुझसे बुरा कोई नहीं होगा। सरकार ने सार्वजनिक जगहों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगाई थी, जिससे सर्कस पार्क इलाके में जब अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई हुई तो लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिसमें कुछ अधिकारी घायल हो गए थे । कई वाहनों को नुकसान पहुंचा था।

### मुस्लिम इलाकों में पत्थरबाजी से 8 जवान घायल

*सुवेंदु ने बताया कि हिंसा में 6पुलिसकर्मी और सीआरपीएफ के 2जवान घायल हो गए थे। उन्होंने कहा कि अब तक 40 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और जांच की निगरानी सीधे पुलिस कमिश्नर द्वारा की जा रही है। मैं स्पष्ट कह रहा हूं कि इस तरह की अशांति, गुंडागर्दी और राष्ट्रविरोधी, समाजविरोधी गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*


### मैं चुप नहीं बैठूंगा: मुख्यमंत्री

*सुवेंदु ने कहा कि भीड़ द्वारा उकसाए जाने के बावजूद उन्होंने संयम बरता। वे दिन बीत चुके हैं जब पुलिसकर्मी घायल हो जाते थे जबकि मंत्री वातानुकूलित कमरे में बैठे रहते थे। यह मत सोचिए कि पुराने नियम अब भी लागू होते हैं। मैं चुप नहीं बैठूंगा।*

वित्त मंत्रालय ने अफवाहों और अटकलों को किया खारिज

# मंदिरों के सोने के मुद्रीकरण की कोई योजना विचाराधीन नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सरकार ने मंदिरों के पास रखे सोने के मुद्रीकरण की किसी भी योजना से इनकार किया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को इन अफवाहों और अटकलों को पूरी तरह से गलत बताया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई योजना विचाराधीन नहीं है। वित्त मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि देश भर के मंदिर न्यासों या किसी भी धार्मिक संस्थान के पास रखे सोने के लिए मुद्रीकरण योजना शुरू करने की कोई योजना नहीं है। ये अफवाहें पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार हैं।

केंद्र सरकार ने ऐसी खबरों को झूठी, भ्रामक और निराधार बताया

### सोने की परतें 'भारत के रणनीतिक स्वर्ण भंडार' का हिस्सा नहीं



मंत्रालय ने उन दावों को भी खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि मंदिर के गुंबदों, दरवाजों या अन्य संरचनाओं पर लगी सोने की परतें 'भारत के रणनीतिक स्वर्ण भंडार' का हिस्सा मानी जाएंगी। इन दावों को भी गलत और निराधार बताया गया। सरकार ने नागरिकों से ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करने और उन्हें प्रसारित न करने का आग्रह किया है। असत्यापित जानकारी फैलाने से अनावश्यक भ्रम पैदा होता है और जनता गुमराह हो सकती है।

### अधिकृत माध्यमों पर ही भरोसा करें लोग

*सरकार ने सभी नागरिकों से केवल अधिकृत माध्यमों से जारी आधिकारिक संचार पर ही भरोसा करने का आग्रह किया है। नीतिगत निर्णयों या सरकारी योजनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों, सरकारी वेबसाइटों और सत्यापित सार्वजनिक संचार मंचों के माध्यम से साझा की जाएगी। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि जनता को सही और विश्वसनीय जानकारी मिले।*

### लोग भ्रामक खबरें न फैलाएं

*इन अफवाहों का खंडन इसलिए आवश्यक था क्योंकि वे जनता के बीच अनावश्यक चिंता और भ्रम पैदा कर रही थीं। धार्मिक संस्थानों से जुड़े संवेदनशील मामलों पर गलत जानकारी फैलने से सामाजिक सद्भाव प्रभावित हो सकता है। सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि ऐसी भ्रामक खबरों का कोई आधार नहीं है।*

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


भोपाल में और बढ़ी गर्मी, पारा 44.2 डिग्री पर पहुंचा

नौगांव में पारा 47 डिग्री, 20 शहर 44 डिग्री के पार



13 जिलों में तापमान 45 से 46 डिग्री के बीच रहने से आधे प्रदेश में तीव्र लू का असर, आज दो दर्जन जिलों में अलर्ट

# आग की 'बारिश'

**नौगांव विश्व का 6वां और देश का दूसरा सबसे अधिक गर्म शहर रहा**

**इससे पहले 7 मई 2017 को नौगांव में पारा 49.4 डिग्री रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में आसमान से मानो आग की बारिश हो रही है। मंगलवार को प्रदेश में सीजन में पहली बार नौगांव में दिन का तापमान 47 डिग्री रहा, जो विश्व का 6वां सबसे गर्म और देश का दूसरा सबसे अधिक दिन का पारा है।

भोपाल सहित 20 शहरों में तापमान 44 डिग्री पार पहुंच गया, जबकि 13 शहर 45 से 46 डिग्री के बीच रहने से आधा प्रदेश तीव्र लू की चपेट में रहा है। मौसम केंद्र ने बुधवार को भी एक दर्जन जिलों में तीव्र लू और डेढ़ दर्जन से ज्यादा जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी गर्मी दो से तीन दिन और बढ़ सकती है। हालांकि, कल के बाद कुछ हिस्सों में मामूली राहत शुरू होने की उम्मीद है।

## इन शहरों में सबसे अधिक झुलसाया

लगातार दूसरे दिन बांदा देश में सबसे गर्म रहा। पारा 47.6 डिग्री रहा। नौगांव दूसरे नंबर पर 47 डिग्री रहा। खजुराहो 46.4 डिग्री रहा। दतिया, गुना, ग्वालियर, राजगढ़, रायसेन, श्योपुर, मंडला, रीवा, सागर, सतना, टीकमगढ़ में पारा 45 से 46 डिग्री के बीच रहने से तीव्र लू का असर रहा। भोपाल में दशमलव दो डिग्री बढ़कर 44.2 डिग्री रहा। इससे कांक्रीट की सड़कों पर दोपहर में लू जैसा प्रकोप रहा। प्रदेश के 20 से अधिक जिलों में तापमान 44 डिग्री से अधिक रहने से भीषण गर्मी का असर बना हुआ है।

## आज यहां लू का प्रकोप रहेगा

बुधवार को विदिशा, दतिया, भिंड, सतना, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और रतलाम में तीव्र लू रहेगी। भोपाल, सीहोर, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, मैहर आदि जिलों में तेज गर्मी और कुछ जगह हीटवेव का असर रह सकता है।



गर्मी से बचने रेलवे स्टेशन पर पानी से तरबतर होता यात्री


Ninh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
केकेआर एमआई
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में दवा बाजार बंद


**भोपाल।** ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में 20 मई को भोपाल समेत देशभर में मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे।




ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन के आवाहन पर भोपाल के मेडिकल स्टोर संचालकों ने भी बंद का समर्थन किया है। ऐसे में शहर में करीब तीन हजार से ज्यादा मेडिकल दुकानें बंद रह सकती हैं।

### सतना-रीवा एनएच पर सड़क हादसे में 3 की मौत

**सतना।** सतना-रीवा नेशनल हाईवे पर मंगलवार दोपहर हुए एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों



की दर्दनाक मौत हो गई। यह दुर्घटना रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के हर्ष नगर करही में हुई, जहां गेहूं से लदी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई।

### सांसद वीडी शर्मा के भतीजे की कार टकराई

**शिवपुरी।** बदरवास थाना क्षेत्र के ग्राम श्रीपुर के पास सोमवार रात खजुराहो सांसद वीडी शर्मा के



भतीजे प्रशांत शर्मा की कार एक होटल संचालक की स्कॉर्पियो से टकरा गई। प्रशांत अपने परिवार के साथ मुरैना से इंदौर लौट रहे थे। एयरबैग खुलने से परिवार बाल-बाल बच गया।

आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने आदेश को बदलने से किया इनकार

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-** हम जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकते हैं, जहां बच्चे व बुजुर्ग शिकार हो रहे

# इंसानी जीवन के लिए खतरा बने रेबीज संक्रमित और बीमार कुत्तों को मारा जाए

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग कुत्तों के हमलों और खतरे के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिलजुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें।

अदालत ने कहा पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवंबर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

**आदेश का पालन नहीं करना कोर्ट की अवमानना होगी**



सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें



**एनिमल बर्थ कंट्रोल व्यवस्था ठीक से लागू नहीं की गई है**

**इसके लिए फंडिंग भी अपर्याप्त और असमान**

### डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी

डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। पीठ ने ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।

### अदालत ने दिए ये अहम निर्देश

- राज्य भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के नियमों को लागू करने के लिए उपाय करें
- हर जिले में कम से कम एक पशु जन्म नियंत्रण केंद्र स्थापित हो
- राज्यों में रेबीज रोधी टीकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो
- कुत्तों से सुरक्षा करने के निर्देशों को लागू करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए कोई एफआईआर दर्ज नहीं होनी चाहिए
- निर्देशों की निगरानी के लिए उच्च न्यायालयों को स्वतः संज्ञान लेकर मामले दर्ज करने होंगे
- राजमार्गों से आवारा पशुओं से सुरक्षित किया जाए

ट्विशा शर्मा सुसाइड केस

# पति के खिलाफ लुक आउट नोटिस, शव दिल्ली ले जाने पर अड़े परिजन

**परिजनों ने** पोस्टमार्टम रिपोर्ट से असंतुष्टि जताई

**पुलिस की** 6 टीमों की पकड़ से दूर है पति समर्थ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में भोपाल पुलिस ने फरार आरोपी पति समर्थ सिंह के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है। दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज होने के बाद से ही वकील समर्थ सिंह लगातार फरार चल रहा है, जिसके विदेश भागने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने यह कदम उठाया है। इससे पहले पुलिस ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था, जबकि कोर्ट से उसकी अग्रिम जमानत अर्जी पहले ही खारिज हो चुकी है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की छह विशेष टीमें अलग-अलग ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। दूसरी ओर ट्विशा का शव भोपाल के हमीदिया अस्पताल के शवगृह में रखा हुआ है।

### पिता ने कहा सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच हो


पीड़िता के पिता नवनिधि शर्मा ने मौजूदा जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इसे सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सौंपने की बड़ी मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) से इस संवेदनशील प्रकरण का स्वतः संज्ञान लेने का भी आग्रह किया है। नवनिधि शर्मा ने एक खुला पत्र जारी कर न्यायपालिका, वरिष्ठ वकीलों, विधि अधिकारियों और महिला अधिकारों के लिए काम करने वाले नागरिकों से सहयोग की मार्मिक अपील की है।

**सीजेआई लें स्वत: संज्ञान**

बालाघाट में दर्दनाक हादसा

## एंबुलेंस पलटी... जिंदा जल गया वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट




■ नागपुर से मरीज को लेकर परसवाड़ा आया था

परसवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खर्रा के पास मंगलवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में एंबुलेंस चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान नागपुर निवासी माइकल अंतुने मोरिस (56) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात चालक नागपुर से एक मरीज को लेकर परसवाड़ा के ग्राम सन्तरीटोला आया था।

सेहत की खबरों के बीच फैसला

## प्रेमानंद ने लिया मौन व्रत पदयात्रा और दर्शन भी बंद!

एजेंसी ▶▶ मथुरा



■ दो दिन से रुकी है प्रेमानंद की पदयात्रा

वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज ने पूर्ण मौन व्रत धारण कर लिया है। प्रेमानंद महाराज के आश्रम प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक अब अगले आदेश तक उनकी दैनिक पदयात्रा और सभी तरह के दर्शनों पर भी रोक रहेगी। आश्रम की तरफ से सोशल मीडिया पर भी भक्तों से अपील की गई है कि प्रेमानंद महाराज के दर्शनों के लिए वृंदावन न आएं।

नई तबादला नीति आ सकती है आज

## 25 मई से 24 जून तक हो सकेंगे तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ ड्राफ्ट मुख्यमंत्री सचिवालय भेजा गया

मप्र सरकार नई तबादला नीति में 25 मई से 24 जून तक की अवधि में तबादले पर लगी बैन में छूट देने जा रही है। इसे बुधवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने करीब एक महीने पहले ही तबादला नीति का मसौदा (ड्राफ्ट) तैयार कर मुख्यमंत्री सचिवालय के पास भेज दिया था।





शंटिंग के दौरान खाली थी ट्रेन, टला बड़ा हादसा

## ऋषिकेश में उज्जैनी एक्सप्रेस का डिब्बा पलटा

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के योग नगरी रेलवे स्टेशन के पास सोमवार देर रात एक बड़ा ट्रेन हादसा टल गया। खांड गांव के समीप शंटिंग के दौरान उज्जैनी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 14317) के तीन डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए, जिनमें से एक डिब्बा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के वक्त ट्रेन पूरी तरह खाली थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। जीआरपी एसपी अरुणा भारती के मुताबिक यह घटना रात करीब 9:30 बजे उस समय हुई जब लोको पायलट मंगलवार की यात्रा के लिए ट्रेन की शंटिंग कर पटरी बदल रहा था।

इंदौर क्राइम ब्रांच ने भोपाल से दबोचा

# शराब कारोबारी से मांगे 1 करोड़ रुपए हनीट्रैप वाली श्वेता जैन फिर गिरफ्तार

- पूछताछ के लिए उसे इंदौर ले जाया गया
- 2019 के हनीट्रैप कांड में सामने आया था नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश का बहुचर्चित हनीट्रैप मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। इस केस की मुख्य



श्वेता जैन

आरोपी श्वेता जैन को इंदौर पुलिस ने फिर से हिरासत में लिया है। इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने यह कार्रवाई भोपाल के मीनाल रेसीडेंसी में की, जहां से श्वेता जैन को उठाकर इंदौर ले जाया गया है। यह पूरा मामला एक शराब कारोबारी से वसूली से जुड़ा है। इंदौर के शराब कारोबारी हितेंद्र चौहान ने पुलिस में शिकायत की थी कि उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है। आरोप है कि श्वेता जैन और उनके साथियों ने हितेंद्र चौहान के कुछ निजी पलों के फोटो हासिल कर लिए थे। इन फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर कारोबारी से 1 करोड़ रुपए की डिमांड की जा रही थी। पुलिस ने श्वेता के साथ एक महिला शराब तस्कर, उसके बेटे और एक प्रॉपर्टी कारोबारी को भी हिरासत में लिया है। चौंकाने वाली बात यह कि इस गिरोह में पुलिस विभाग की इंटेलिजेंस शाखा में पदस्थ एक हेड कांस्टेबल भी शामिल है।

'कॉकरोच' वाले बयान के बाद सीजेआई ने सड़कों पर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को फिर दी नसीहत

हवाई अड्डे के नामकरण से जुड़ी याचिका पर बोले

# युवाओं को धमकी नहीं देनी चाहिए, न ही कानून-व्यवस्था बिगाड़नी चाहिए, इससे उनका करियर बर्बाद हो सकता है

सीजेआई ने युवाओं से शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से प्रदर्शन करने की अपील की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सीजेआई सूर्यकांत

सीजेआई सूर्यकांत ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर देश के युवाओं को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि किसी को भी धमकी नहीं देनी चाहिए और न ही कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है लेकिन आम लोगों के लिए परेशानी पैदा करना उचित नहीं है। कोर्ट ने यह टिप्पणी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नामकरण से जुड़ी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की।

एक सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने इस दावे पर प्रतिक्रिया दी कि सड़कों पर प्रदर्शन करने वाले युवाओं के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं और इससे उनका करियर बर्बाद हो सकता है।

### कॉकरोच वाले बयान पर दी थी सफाई

पिछले हफ्ते ही सीजेआई सूर्यकांत ने बेरोजगार युवाओं को लेकर तल्ख टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कुछ बेरोजगार युवा मीडिया, सोशल मीडिया यूजर्स, आरटीआई कार्यकर्ता और अन्य कार्यकर्ता कॉकरोच की तरह बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला करना शुरू कर देते हैं। सीजेआई ने कहा कि कॉकरोच की तरह कुछ युवा ऐसे हैं जिन्हें न तो रोजगार मिलता है और न ही पेशे में कोई स्थान। उनमें से कुछ मीडिया में चले जाते हैं, कुछ सोशल मीडिया कार्यकर्ता बन जाते हैं, कुछ आरटीआई सीजेआई ने इस मुद्दे पर अपनी सफाई भी पेश की। मुख्य न्यायाधीश ने युवाओं के बारे में अपने बयान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा था कि मीडिया के एक वर्ग ने इसे गलत तरीके से पेश किया था।

क्रेमलिन ने की पुष्टि

# 12-13 सितंबर को भारत आएंगे पुतिन, ब्रिक्स सम्मेलन में होंगे शामिल

*ब्रिक्स की बैठक में आर्थिक सहयोग, व्यापार, वैश्विक शासन और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जाती है। यह मंच उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नीतियों के समन्वय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सामूहिक आवाज उठाने का अवसर देता है*


एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होंगे। क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका में रूसी दूतावास ने एक्स पर इसकी पुष्टि की है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन एक वार्षिक बैठक है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के नेता शामिल होते हैं। इसके अलावा इसमें नए सदस्य देश भी शामिल हैं। इस बैठक में आर्थिक सहयोग, व्यापार, वैश्विक शासन और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जाती है। यह मंच उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नीतियों के समन्वय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सामूहिक आवाज उठाने का अवसर देता है।

*भारत ने 13 जनवरी 2026 को ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता संभाली*

*2024 में ब्रिक्स में शामिल हुए थे 4 देश 2025 में जुड़ा इंडोनेशिया*

### नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेंगे


व्लादिमीर पुतिन

भारत ने 13 जनवरी 2026 को आधिकारिक रूप से ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता संभाली। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अस्थिरता और बदलती चुनौतियों के बीच भारत ने 10 सदस्यीय इस समूह की अपनी अध्यक्षता को नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने का संकेत दिया है। मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता की आधिकारिक थीम, लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ किया।

**'कमल' है ब्रिक्स का लोगो**

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान सम्मेलन का लोगो भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल है। लोगो के बीच का हिस्सा 'नमस्ते' अभिवादन पर केंद्रित है। इसे विदेश मंत्रालय द्वारा सरकार के सिटीजन एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म पर शुरू किए गए एक ओपन कॉन्टेस्ट के जरिये चुना गया था। अंत में सुदीप सुभाष गांधी के लोगो को चुना गया था।

### पिछले साल आए थे पुतिन

राष्ट्रपति पुतिन ने 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए दिसंबर 2025 में भारत का दौरा किया था। इस महीने की शुरुआत में, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने नई दिल्ली में ब्रिक्स सदस्य देशों के दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया था। ब्रिक्स समूह में मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे, लेकिन 2024 में इसका विस्तार कर इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया जबकि इंडोनेशिया 2025 में इसमें शामिल हुआ था।


राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी — फाइल फोटो

### 'मानवता प्रथम' से प्रेरित है ब्रिक्स

इस वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता का विषय है- लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता के लिए निर्माण। यह विषय पीएम के मानवता प्रथम और जन केंद्रित दृष्टिकोण से लिया गया है, जो ब्रिक्स के लिए प्रेरणा का काम करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिक्स इंडिया वेबसाइट का अनावरण भी किया था। यह भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

### पीएम मोदी भी इसी साल शिखर सम्मेलन में भाग लेने रूस जाएंगे

इससे पहले भारत दौरे पर आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने 15 मई को कहा था कि वे पीएम मोदी की रूस यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मोदी ने रूस आने की पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा, व्यापार और कई अन्य क्षेत्रों में मजबूत सहयोग जारी है और रूस चाहता है कि यह साझेदारी आगे भी तेजी से मजबूत होती रहे। उनके बयान से माना जा रहा है कि मोदी इस साल भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस जा सकते हैं। हालांकि अभी तक यात्रा की आधिकारिक तारीख या कार्यक्रम का औपचारिक एलान नहीं हुआ है। भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन ज्यादातर अक्टूबर, नवंबर या दिसंबर में आयोजित होता है। पिछले कई सालों में यह अधिकतर साल के आखिरी महीनों में हुआ है। इसलिए इस बार भी माना जा रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा और शिखर सम्मेलन साल के आखिरी महीनों में हो सकता है। भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन आमतौर पर हर साल आयोजित होता है। इसकी शुरुआत 2000 में हुई थी।

## खबर संक्षेप

### सान्या बनीं पहली महिला फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर



**नई दिल्ली।** स्क्वाड्रन लीडर सान्या भारतीय वायुसेना की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं, जिन्होंने प्रतिष्ठित कैटेगरी-ए क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर यानी कैट-ए क्यूएफआइ की उपलब्धि हासिल की है। यह केवल एक व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि भारतीय नारी सामर्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के अदम्य संकल्प का जीवंत प्रमाण है। भारतीय वायुसेना ने कहा कि स्क्वाड्रन लीडर सान्या ने कैट-ए क्यूएफआइ की प्रतिष्ठित योग्यता प्राप्त कर इतिहास रच दिया है।

### स्पेन के पूर्व पीएम जपटैरो जांच के दायरे में



**मैड्रिड।** स्पेन की एक अदालत पूर्व पीएम जोस लुइस रोड्रिग्ज जपटैरो के खिलाफ सरकारी एयरलाइन को आर्थिक सहायता देने में पद के कथित दुरुपयोग और अन्य संभावित अपराधों की जांच कर रही है। मैड्रिड की राष्ट्रीय अदालत स्पेन सरकार की ओर से प्लस अल्ट्रा एयरलाइन को बचाने के संबंध में संभावित वित्तीय गड़बड़ी की जांच कर रही है, जिसे 2021 में सार्वजनिक धन से 5.3 करोड़ यूरो प्राप्त हुए थे।

पीएम मोदी तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में शामिल हुए, कहा

# लोकतंत्र व कानून के सम्मान की दृष्टि से भारत-नॉर्डिक देशों की स्वाभाविक साझेदारी

*पीएम मोदी डेनमार्क, आइसलैंड व फिनलैंड के पीएम से मिले*

एजेंसी ▶▶ ओस्लो

पीएम नरेंद्र मोदी ने तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और कानून का सम्मान के नरजिए से भारत और नॉर्डिक देशों को स्वाभाविक साझेदार हैं। पीएम ने कहा कि भारत और नॉर्डिक देशों के बीच सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है और आने वाले समय में यह साझेदारी और आगे बढ़ेगी। इसमें खासकर टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, ग्रीन ट्रांजिशन, नवीकरणीय ऊर्जा, सस्टेनेबिलिटी, नीली अर्थव्यवस्था, रक्षा, अंतरिक्ष और आर्कटिक जैसे क्षेत्रों पर फोकस होगा। नॉर्डिक देशों में नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड और स्वीडन शामिल हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन, फिनलैंड के पीएम पेट्टेरी ओर्पो और आइसलैंड की पीएम क्रिस्ट्रुन म्योल फ्रॉस्टाडोटिर से भी मुलाकात की।

पीएम मोदी ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन से भारत और नॉर्डिक देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी सहयोग को और मजबूत किया जाएगा। बता दें, पीएम मोदी इस समय पांच देशों के दौरे पर हैं। नॉर्वे उनका चौथा पड़ाव है। इससे पहले वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड और स्वीडन का दौरा कर चुके हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन अप्रैल 2018 में स्टॉकहोम और मई 2022 में कोपेनहेगन में हुए पिछले दो शिखर सम्मेलनों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए भारत-नॉर्डिक देशों के रिश्तों को और रणनीतिक बनाएगा।

### नॉर्डिक देशों के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत हुए


भारत-नॉर्डिक के दौरान पीएम मोदी के साथ नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड और स्वीडन के नेता

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और नॉर्डिक देशों ने पिछले कुछ वर्षों में असाधारण प्रगति की है। व्यापारिक संबंध मजबूत हुए हैं और निवेश संबंध काफी गहरे हुए हैं। आज के भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन का एक सबसे महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि हमने अपने संबंधों को हरित प्रौद्योगिकी और नवाचार रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह साझेदारी नवाचार को व्यापकता और प्रतिभा के साथ जोड़ेगी, साथ ही स्थिरता, विश्वसनीय प्रौद्योगिकियों और मानवता के बेहतर भविष्य के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगी।

### डेनमार्क से द्विपक्षीय संबंध मजबूत करेगा भारत



पीएम मोदी ने बताया कि ओस्लो में डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ एक सार्थक बैठक हुई। हाल के वर्षों में भारत और डेनमार्क के बीच मित्रता में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जल संसाधन, स्वच्छ ऊर्जा, जहाजरानी और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार हुआ है। आने वाले वर्षों में फिनटेक, उद्योग, रक्षा, नवाचार और अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह का सहयोग देखने को मिल सकता है।

### भारत-फिनलैंड द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करेंगे



पीएम मोदी ने फिनलैंड के पीएम पेट्टेरी ऑरपो से मुलाकात की। पीएम ने एक्स पर बताया कि फिनलैंड के पीएम पेट्टेरी ऑरपो से मिलकर बेहद खुशी हुई। भारत और फिनलैंड के बीच इस वर्ष व्यापक सहयोग देखने को मिला है। पीएम ओर्पो स्वयं एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत आए थे। हमारी मुलाकात का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करना है। हमने 6जी, एआई, शिक्षा, परमाणु ऊर्जा और अन्य जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर चर्चा की। हमने जलवायु परिवर्तन, चक्रीय अर्थव्यवस्था, सतत विकास आदि क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया।

### मत्स्यपालन के क्षेत्र में आइसलैंड के साथ बढ़ेगा सहयोग



पीएम मोदी ने ओस्लो में आइसलैंड की पीएम क्रिस्ट्रुन फ्रॉस्टाडोटिर से भी मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत आइसलैंड के साथ अपनी मित्रता को बहुत महत्व देता है। हमने स्वच्छ ऊर्जा, मत्स्य पालन, सतत विकास, भूतापीय ऊर्जा, कार्बन कैप्चर और स्टोरेज जैसे विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। नीली अर्थव्यवस्था से संबंधित क्षेत्रों में आइसलैंड की उत्कृष्ट उपलब्धियां सराहनीय हैं।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वियतनाम के साथ सैन्य वार्ता करते हुए

वियतनाम के रक्षा मुख्यालय पहुंचे राजनाथ

# समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग सैन्य प्रशिक्षण पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और वियतनाम के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हुए इस समझौते से दोनों देशों के बीच सहयोग को नई दिशा मिलेगी। रक्षा मंत्री ने इसे दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी में एक बड़ा और भविष्य उन्मुख कदम बताया है। इसके अलावा वियतनाम के साथ समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, सैन्य प्रशिक्षण तथा क्षेत्रीय स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री



### वियतनाम के राष्ट्रपति से की मुलाकात

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम के कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और राष्ट्रपति तो लाम से मुलाकात की। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की और दोनों देशों के बीच उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ, रक्षा सहयोग को और गहरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। भारत और वियतनाम के बीच घनिष्ठ और स्थायी संबंध हैं।

### हो ची मिन्ह की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

अपनी यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री ने वियतनाम के राष्ट्रपिता और महान क्रांतिकारी नेता हो ची मिन्ह की समाधि पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह अवसर हो ची मिन्ह की 136वीं जयंती का था। राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हो ची मिन्ह का दृष्टिकोण, नेतृत्व और राष्ट्रीय स्वतंत्रता के प्रति उनका समर्पण आज भी दुनिया की कई पीढ़ियों को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि भारत और वियतनाम की मित्रता साझा मूल्यों, पारस्परिक सम्मान और ऐतिहासिक विश्वास पर आधारित है।

ईरान-अमेरिका के बीच गंभीर बातचीत का दिया हवाला

# ट्रंप ने टाला ईरान पर 'हमला', इस बार खाड़ी देशों की अपील पर रुका

*ईरान को दी थी खुली चेतावनी*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर होने वाले एक बड़े सैन्य हमले को फिलहाल के लिए टाल दिया है। यह हमला मंगलवार के लिए तय किया गया था, लेकिन आखिरी वक्त में खाड़ी देशों के सहयोगी नेताओं की अपील के बाद इसे रोक दिया गया है। सोमवार को सोशल मीडिया पर ट्रंप ने खुद इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी दोनों पक्षों के बीच गंभीर बातचीत चल रही है, इसलिए उन्होंने मंगलवार को ईरान पर होने वाले सैन्य हमले को रोक दिया है।



इससे पहले ट्रंप ने ईरान को खुली चेतावनी दी थी कि अगर कोई समझौता नहीं हुआ, तो कमजोर पड़ चुके युद्धविराम के बाद फिर से भीषण लड़ाई शुरू हो जाएगी। ट्रंप ने सैन्य अधिकारियों को निर्देश दिया था कि अगर ईरान के साथ कोई स्वीकार करने लायक समझौता नहीं होता है, तो पल भर के नोटिस पर ईरान पर पूरी ताकत के साथ एक बड़ा हमला करने के लिए तैयार रहें।

### सैन डिएगो मस्जिद हमले पर ट्रंप ने जताया दुख

अमेरिका के कैलिफोर्निया में सोमवार को सैन डिएगो के इस्लामिक सेंटर के बाहर दो किशोर हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं। इस हमले में तीन पुरुषों की जान चली गई। मरने वालों में एक सुरक्षाकर्मी भी शामिल है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच 'हेट क्राइम' यानी नफरत की वजह से किए गए अपराध के रूप में कर रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस घटना पर दुख जताया है।

पाक रक्षा मंत्री ने दिया भड़काऊ बयान

# हमारे डीएनए में है इजराइल के प्रति नफरत, हमने नहीं दी उसे 'मान्यता'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने इजराइल को लेकर कई विवादित टिप्पणियां की हैं। उनका बयान ऐसे समय आया है जब वेस्ट एशिया संकट पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इजराइल के प्रति नफरत हमारे डीएनए में है।

उनके इस बयान को लेकर सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक हलकों तक बहस शुरू हो गई है। उन्होंने अपने बयान में यह भी कहा कि पाकिस्तान एकमात्र ऐसा देश है जिसने इजराइल को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता नहीं दी है। जब इजराइल की बात आती है तो पाकिस्तानी भावनात्मक प्रतिक्रिया


बेंजामिन नेतन्याहू — ख्वाजा आसिफ

देते हैं। ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान को लेकर भी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अफ़गानिस्तान हजारों वर्षों से युद्ध का मैदान रहा है। उसके साथ हमारे संबंध कभी अच्छे नहीं रहे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई अपनी पोस्ट डिलीट कर दी है, जिसमें इजराइल को मानवता के लिए अभिशाप बताया था। उनके इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है।

एजुकेशन वर्ल्ड फोरम 2026 में गूगल का बड़ा ऐलान

# भारत में राज्य सरकारों के सहयोग से 'एआई' शिक्षा को बढ़ावा देगा

*गूगल एआई एडुकेटर सीरिज शुरू करेगा*

एजेंसी ▶▶ लंदन

गूगल ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों और यूनिसेफ के साथ नई साझेदारियों की घोषणा की है। लंदन में आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड फोरम 2026 के दौरान गूगल ने देशभर में एआई साक्षरता, प्रशिक्षण और शैक्षणिक उपकरणों के विस्तार के लिए बड़े अभियान का ऐलान किया। कंपनी ने कहा कि यह पहल नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अनुरूप तैयार की गई है और इसका उद्देश्य स्कूलों तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में एआई के उपयोग को मजबूत करना है।




इस कार्यक्रम के तहत गूगल भारत में 'गूगल एआई एडुकेटर सीरिज' यानी जीईएस शुरू करेगा। यह पहल महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और असम सरकारों, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख तथा पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड के सहयोग से लागू की जाएगी। कंपनी के अनुसार यह मोबाइल-फर्स्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय शिक्षकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### 6 भाषाओं में उपलब्ध होगा

प्रारंभिक चरण में इसे असमिया, हिंदी, मराठी, तेलुगु, ओड़िया और पंजाबी समेत छह भाषाओं में उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि आगे और भाषाओं में विस्तार की योजना है। इसका उद्देश्य शिक्षकों और फैकल्टी सदस्यों को गूगल के एआई टूल्स, खासकर 'जेमिनाई' का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग सिखाना है ताकि कक्षा में पढ़ाई का अनुभव बेहतर बनाया जा सके।

नौसेना को मिलेगा नया हथियार, बिना विस्फोट के करेगा दुश्मनों पर वार

# स्वदेशी हाई-पावर माइक्रोवेव करेगा इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम को बेकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अब दुनिया के चुनिंदा देशों की उस एलीट क्लब में शामिल होने जा रहा है, जिनके पास हाई-पावर माइक्रोवेव (एचपीएम) तकनीक है। भारतीय नौसेना ने टॉन्बो इमेजिंग कंपनी को एडीआईटीआई 3.0 प्रोजेक्ट के तहत स्वदेशी एचपीएम सिस्टम विकसित करने, एकीकृत करने और नौसैनिक प्लेटफॉर्म्स पर लगाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। एचपीएम एक डायरेक्टेड एनर्जी वेपन है। यह पारंपरिक गोला-बारूद या मिसाइलों की जगह बेहद शक्तिशाली माइक्रोवेव किरणों का इस्तेमाल करता है। ये किरणें दुश्मन के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, राडार, सेंसर, कम्युनिकेशन उपकरण और ड्रोन को नष्ट या बेकार कर सकती हैं। खास बात यह है कि यह बिना किसी विस्फोट के काम करता है। दुश्मन के जहाज, विमान या ड्रोन को बिना फिजिकली हिट किए निष्क्रिय कर सकता है।

### एडीआईटीआई 3.0 प्रोजेक्ट के तहत हुआ कॉन्ट्रैक्ट


टॉन्बो इमेजिंग कंपनी का एचपीएम

यह प्रोजेक्ट रक्षा मंत्रालय के तहत आईडेक्स और डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन द्वारा समर्थित एडीआईटीआई 3.0 फ्रेमवर्क के अंतर्गत चलाया जा रहा है। टॉन्बो इमेजिंग कंपनी इस प्रणाली को विकसित करेगी और सफल परीक्षणों के बाद नौसेना के कई प्लेटफॉर्म्स पर इसे लगाया जाएगा। प्रोजेक्ट की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें एचपीएम सिस्टम के जरूरी कंपोनेंट्स - खासकर वैक्यूम ट्यूब आधारित माइक्रोवेव

**2047 तक 100% स्वदेशी लक्ष्य**

भारतीय नौसेना का लक्ष्य है कि 2047 तक न सिर्फ युद्धपोत और पनडुब्बियां, बल्कि इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम डोमिनेंस, नॉन-काइनेटिक वारफेयर और भविष्य की डिटरेंस टेक्नोलॉजी भी पूरी तरह स्वदेशी हो जाए। इससे नौसेना को बिना गोली दागे दुश्मन की इलेक्ट्रॉनिक क्षमता को बेअसर करने की शक्ति मिलेगी। यह तकनीक पारंपरिक हथियारों की तुलना में सस्ती, सटीक और प्रभावी है, खासकर स्वार्म ड्रोन और असममित खतरे के खिलाफ।

### अमेरिका ने अपाचे हेलीकॉप्टर और एम777 तोपों की डील को दी मंजूरी

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत को अपाचे



हेलीकॉप्टर और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सपोर्ट सर्विस और संबंधित उपकरणों की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी। अमेरिका के अनुसार, अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सपोर्ट सर्विस डील की अनुमानित कीमत करीब 198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं एम777ए2अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए लॉन्ग-टर्म सपोर्ट डील लगभग 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हो सकती है। अपाचे हेलीकॉप्टर सपोर्ट डील के लिए प्रमुख कंपनियां बोइंग कंपनी और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं एम777 हॉवित्जर सपोर्ट प्रोग्राम के लिए ब्रिटेन की रक्षा कंपनी बीएई सिस्टम्स को मुख्य ठेकेदार बनाया गया है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दिए संकेत

# ओमान के साथ 'टैरिफ फ्री' व्यापार समझौता 1 जून से हो सकता है लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ओमान के बीच ट्रेड एग्रीमेंट अगले महीने की पहली तारीख यानी 1 जून 2026 से लागू हो सकता है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इसके संकेत दिए। उन्होंने कहा कि सरकार ग्लोबल ट्रेड अनिश्चितताओं के बीच आयात पर निर्भरता कम करते हुए निर्यात आधारित विकास को बढ़ावा दे रही है और ओमान के साथ प्रस्तावित एफटीए इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इंडिया-ओमान के बीच बीते साल दिसंबर महीने समझौते पर साइन किए गए थे और इसके तहत भारत से मुस्लिम देश ओमान को निर्यात होने वाले 99% उत्पादों को जीरो टैरिफ श्रेणी में रखा गया।



दिसंबर 2025 में भारत-ओमान के बीच एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता साइन किया गया था। इसके तहत ओमान भारत को टैरिफ फ्री पहुंच प्रदान करेगा। इसमें भारत द्वारा ओमान को निर्यात की जाने वाली 99.38% वस्तुएं शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर भारत ने अपनी कुल टैरिफ लाइन में से 77.79% पर शुल्क में राहत की पेशकश की है। जो ओमान से आयात होने वाले 94.81% सामान को कवर करती है।

# गुरंदी में कबाड़, गल्ला और बैग की दुकानों में भड़की आग

**देर रात हादसा 5 दुकानें खाक लाखों का नुकसान**

हरिभूमि जबलपुर।

शहर के व्यस्ततम और घने व्यवसायी क्षेत्र गुरंदी बाजार दर्शन चौक में सोमवार की देर रात 11.30 बजे अचानक तेज आग भड़क गई, इस आग में पांच दुकानें खाक हो गई, इनमें से एक दुकान कबाड़ की थी और एक गल्ला दुकान, तीन दुकाने, बैग, प्लास्टिक और ड्रम की थी। देर रात इस आग को बुझाने में फायर ब्रिग्रेड के पांच वाहन और सात टैंकर लगे रहे। इस हादसे में लाखों रुपए का नुकसान हो गया। इन दुकानों में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। कबाड में रखे प्लास्टिक ड्रम में एक चिंगारी से भड़की आग ने एक बाद एक चार दुकानों को अपनी गिरफ्त में ले लिया। कुछ ही देर में आग की लपटें आसमान छूने लगीं। तत्काल ही मामले की सूचना नगर निगम के दमकल दल के साथ ही बेलबाग पुलिस थाने को दी गई। इसके बाद कुछ ही देर में पुलिस और दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया।





### रात 3 बजे बुझ सकी आग

एक के बाद एक 5 दमकल वाहन तथा 7 पानी टेंकर मौके पर पहुंचाए गए। चूंकि घटना स्थल के पास ही गल्ला मार्केट है लिहाजा गल्ला व्यापारियों में भी दहशत फैली और वे अपनी दुकानें समेटने लगे। रास्ता संकरा होने के कारण दमकल वाहनों को मौके में पहुंचने में खासा परेशानी का सामना करना पडा। आग बढ़ने की आशंका को देखते हुए मौके पर लगातार दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की मशक्कत करते रहे और अंततः आग पर तडके पूर्व लगभग 3.30 बजे पूरी तरह काबू पाया जा सका। शेख आरिफ ने बताया कि सबसे पहले एक प्लास्टिक ड्रम - कुप्पी की दुकान में आग भड़की। आग की लपटे तेजी से फैली और आस-पास की करीब 5 दुकानों तक फैल गई। दरअसल जहां आग लगी थी वहां की गलियां सकरी और तंग थी जिसे फायर ब्रिगेड हमले को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ज्यादातर दुकानें टीन शेड की रही। मौके पर पहुंचे सीएसपी महादेव नागोतिया ने बताया "आग बहुत अधिक तेज थी. यह बहुत घना इलाका है इसलिए आग बुझाने वाली गाड़ियां मौके तक शीघ्र नहीं पहुंच पा रही थीं। दुकान एक दूसरे से सटी हुई हैं, इसलिए आग बुझाने में थोड़ा समय ज्यादा लगा।

### एक दिन पूर्व ही हाईकोर्ट ने नगर निगम को जारी किया था नोटिस

जबलपुर के नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है, जिसमें कल ही मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने जबलपुर नगर निगम, व जिला प्रशासन को नोटिस जारी किया था जिसमें कहा गया "शहर के भीतर कई ऐसे कारोबार बिना फायर सेफ्टी के हो रहे हैं, जिनमें आग लगने की आशंका है। इन सभी की जांच की जाए ताकि अग्नि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### ये दुकानें जली

इस हादसे में शेख फारुख की कबाड़ की दुकान, कासिम अली की बैग निर्माण दुकान, मुन्ना पेंटर के ड्रम प्लास्टिक की दुकान और मोहित ट्रेडर्स गल्ला दुकान ताज बैग की दुकान आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गई। फायर ब्रिग्रेड के मुताबिक यहां पर प्लास्टिक के ड्रम में शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी से यह हादसा हुआ।

# प्लॉट विवाद में अपहरण और बर्बर मारपीट का आरोप

**एसपी जनसुनवाई में पहुंचा पीड़ित, ज्योतिषाचार्य राहुल दीक्षित को षड्यंत्रकर्ता बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग**

हरिभूमि, जबलपुर।

विजयनगर थाना क्षेत्र में दर्ज अपहरण और मारपीट के चर्चित मामले में मंगलवार को नया मोड़ आ गया, जब पीड़ित सतीश पाण्डे एसपी कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे और मामले में राहुल दीक्षित को मुख्य षड्यंत्रकर्ता बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोगों के दबाव के चलते अब तक वास्तविक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है।

### क्राइम ब्रांच बनकर पहुंचे बदमाश

पीड़ित सतीश पाण्डे के अनुसार 23 अप्रैल 2026 की शाम वह दीनदयाल स्थित अपने कार्यालय के बाहर मौजूद थे, तभी कुछ युवक वहां पहुंचे और स्वयं को क्राइम ब्रांच का कर्मचारी बताकर जबरन अपने साथ ले गए। आरोप है कि युवकों ने उन्हें वाहन में बैठाकर पाटन बायपास स्थित नीलकमल ढाबा के पास ले जाकर लाठी-डंडों से बेरहमीपूर्वक मारपीट की। इस हमले में उनका पैर टूट गया तथा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

### अनुबंधित प्लॉट को बेचने का दबाव

आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने मारपीट के दौरान गले से सोने की चेन, अंगूठियां और करीब 40 हजार रुपये नकद लूट लिए। पीड़ित का कहना है कि सूरतलाई क्षेत्र स्थित एक अनुबंधित प्लॉट को बेचने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था और इसी विवाद के चलते



वारदात को अंजाम दिया गया।

### कॉल डिटेल खोलेगी राज

सतीश पाण्डे ने राहुल दीक्षित पर पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके प्रभावशाली लोगों से संबंध होने के कारण जांच प्रभावित की जा रही है। उन्होंने मांग की कि राहुल दीक्षित समेत अन्य संदिग्धों की कॉल डिटेल निकलवाई जाए तथा वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### जल्दबाजी में लिए बयान

पीड़ित ने धारा 180 बीएनएसएस के तहत दर्ज अपने बयान में भी सुधार की मांग करते हुए कहा कि बयान में कई महत्वपूर्ण तथ्यों को शामिल नहीं किया गया है। मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त कर जांच का भरोसा दिलाया है।

# रेरा के चेयरमैन व अन्य रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल उठाओ कदम

**हाईकोर्ट का प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को निर्देश**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण (रेरा) के चेयरमैन और अन्य रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल कदम उठाएं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने चीफ सेक्रेटरी को अगली सुनवाई तक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं होने पर अगली सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव को हाजिर होना पड़ेगा।



अगली सुनवाई 23 जून को होगी।

रेरा एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन भोपाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गुप्ता एवं राजीव मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि रेरा चेयरमैन 14 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। ऐसे में न्यायाधिकरण प्रभावी ढंग से कार्य करने में असमर्थ है। इसके बावजूद, रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष की नियुक्ति की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। वहीं, राज्य शासन की ओर से दलील दी गई कि रेरा के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जानी है।

# उत्कृष्ट पुलिसिंग का सम्मानः पूर्व एएसपी राजेश तिवारी को मिला केएफ रूस्तमजी पुरस्कार

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में किया सम्मानित, भेंट की रिवाल्वर**

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश पुलिस में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश तिवारी को प्रतिष्ठित केएफ रूस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजधानी भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें सम्मान स्वरूप रिवाल्वर और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

यह सम्मान श्री तिवारी को वर्ष 2019-20 के लिए उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और उच्च स्तरीय व्यावसायिक दक्षता के आधार पर प्रदान किया गया। उस समय वे नरसिंहपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ थे। हाल ही में वे महिला सुरक्षा शाखा जबलपुर से सेवानिवृत्त हुए हैं।





### महिला सुरक्षा और कानून व्यवस्था में निभाई अहम भूमिका

राजेश तिवारी ने अपने सेवाकाल के दौरान महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और संवेदनशील मामलों के निराकरण में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। पुलिस विभाग में उनकी पहचान एक अनुशासित, शांत और परिणामोन्मुख अधिकारी के रूप में रही है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण अभियानों और कानून व्यवस्था संबंधी चुनौतियों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि श्री तिवारी ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में उच्चतम कोटि की व्यावसायिक दक्षता का प्रदर्शन किया, जिसके चलते उन्हें परम विशिष्ट श्रेणी में चयनित किया गया। प्रमाण पत्र पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के हस्ताक्षर अंकित हैं।

### 101 पुलिस अधिकारी और जवान भी हुए सम्मानित

राज्य स्तरीय इस समारोह में मध्यप्रदेश पुलिस के कुल 101 अधिकारियों और जवानों को भी विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि पुलिस बल समाज में सुरक्षा और विश्वास का सबसे बड़ा आधार है तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी पूरे विभाग के लिए प्रेरणा बनते हैं। पूर्व एएसपी राजेश तिवारी को मिले इस सम्मान से जबलपुर पुलिस महकमे और उनके शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। पुलिस अधिकारियों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जबलपुर के लिए गौरव का क्षण बताया।

**जेएमएफसी कोर्ट ने विवादित जमीन संबंधी पूर्व आदेश की नाफरमानी पर बरती सख्ती**

# अवैध रूप से जमीन बेचने पर बैंक खाते सील, 2.89 करोड़ होल्ड करने का आदेश

**साइबर शाखा और माढ़ोताल थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए लिखा पत्र**

**आरोप तय करने और तर्कों को सुनने के लिए 18 जून की तारीख नियत की**

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डीपी सूत्रकार की अदालत ने पूर्व आदेश की नाफरमानी करते हुए विवादित जमीन को बेचने के एक मामले में सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने मामले के तीन अभियुक्तों के बैंक खातों को सील करते हुए उनमें जमा 2.89 करोड़ की राशि को तत्काल प्रभाव से होल्ड करने का आदेश जारी किया है। इसके साथ ही साइबर शाखा जबलपुर और माढ़ोताल थाना प्रभारी को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। अदालत ने इस मामले में आरोपितों पर आरोप तय करने और तर्कों को सुनने के लिए 18 जून को अगली सुनवाई नियत की है।

दरअसल, यह विवाद परिवादी सुभाषचन्द्र केसरवानी और आरोपित पक्ष दीक्षितपुरा, जबलपुर निवासी राजेश कुमार अवस्थी, रश्मि अवस्थी व गीता अवस्थी से संबंधित है। परिवादी सुभाषचन्द्र और आरोपियों के दिवंगत पिता योगेशचंद्र अवस्थी के बीच जमीन को लेकर 13 मार्च, 1995 से सिविल कोर्ट में विवाद लंबित था। इस मामले में एक सक्षम अदालत ने सुभाषचन्द्र के पक्ष में निर्णय (डिक्री) पारित करते हुए आरोपितों को उनके पक्ष में जमीन का विक्रय पत्र निष्पादित करने का आदेश दिया था। आरोपितों को यह अच्छी तरह पता था कि अदालत ने जमीन की रजिस्ट्री सुभाषचन्द्र के नाम करने का आदेश दिया है। इसके बावजूद, अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से आरोपितों ने 26 दिसंबर, 2024 को उस डिक्रीशुदा जमीन को किसी अन्य खरीदार को दो करोड़ नवासी लाख रुपये में बेच दिया और राशि हड़प ली। परिवादी की शिकायत पर थाना माढ़ोताल में मामला पंजीबद्ध कर चालान कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने माना कि आरोपितों ने अदालत की डिक्री का उल्लंघन कर अवैध रूप से लाभ कमाया है। इसलिए, जमीन बेचकर कमाए गए 2.89 करोड़ अपराध का आगम हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कोर्ट ने तीनों आरोपितों के मोबाइल नंबरों से जुड़े बैंक खातों में 2.89 करोड़ तक की राशि को तत्काल होल्ड करने के निर्देश दिए।

**मुंबई के शन्मुखानंद हॉल में रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन**

**अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने प्रदान की 1 लाख रुपये की सम्मानित राशि**

# मानवता की मिसाल बने आशीष ठाकुर को "समाज शक्ति अवॉर्ड"

हरिभूमि जबलपुर।

श्री हरिहरपुत्र भजन समाज द्वारा आयोजित "समाज शक्ति अवॉर्ड्स कम म्यूजिकल नाइट" का रजत जयंती समारोह शनिवार को मुंबई के प्रतिष्ठित श्री शन्मुखानंद हॉल में अत्यंत भव्यता और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, उद्योगपति, गणमान्य नागरिक और कला प्रेमी उपस्थित रहे। पूरा सभागार दर्शकों से खचाखच भरा रहा और आयोजन के दौरान बार-बार तालियों की गूंज सुनाई देती रही। समारोह का मुख्य आकर्षण "समाज शक्ति अवॉर्ड" सम्मान समारोह रहा, जिसमें समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में "मोक्ष" संस्था के संस्थापक श्री आशीष ठाकुर को उनके मानवीय एवं प्रेरणादायी कार्यों के लिए प्रतिष्ठित "समाज शक्ति



अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत के अटॉर्नी जनरल श्री आर. वेंकटरमणी के करकमलों द्वारा 1 लाख रुपये की सम्मानित राशि देकर प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंच पर डॉ. के. सुब्रमणियन, श्री के.एस. जयरामन, श्री एस. परमासिवन, श्री रमेश कृष्णमूर्ति, श्रीमती गीता भेंडाले तथा स्वर्गीय परमाणु वैज्ञानिक डॉ. आर. चिदंबरम की धर्मपत्नी श्रीमती चेल्ला चिदंबरम सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जब "मोक्ष" संस्था के कार्यों का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया गया तो पूरा सभागार भावुक हो उठा। संस्था वर्षों से ऐसे बेसहारा, असहाय और लावारिस वृद्ध पुरुषों एवं महिलाओं की सेवा कर रही है, जो सड़कों पर उपेक्षित अवस्था में जीवन गुजारने को मजबूर हैं। संस्था न केवल उन्हें आश्रय देती है, बल्कि उनके घावों का उपचार, भोजन, वस्त्र, स्नान और दवाइयों की व्यवस्था भी करती है। इसके अलावा "मोक्ष" द्वारा लावारिस मृत देहों का अंतिम संस्कार कर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की जा रही है। सम्मान ग्रहण करते समय सभागार में मौजूद लोगों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ आशीष ठाकुर और उनकी टीम का अभिनंदन किया। यह क्षण कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक और प्रेरणादायी पल बन गया। रजत जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित संगीतमय संध्या ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामाजिक चेतना के संदेशों ने आयोजन को विशेष ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में श्री हरिहरपुत्र भजन समाज के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, कलाकारों, समाजसेवियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समाजहित के ऐसे प्रेरणादायी आयोजनों को जारी रखने का संकल्प दोहराया।



# एक ही गाड़ी में निरीक्षण पर निकले निगमायुक्त और अपर आयुक्त

## वार्डों में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

जबलपुर।

नगर निगम के अधिकारियों ने अलग-अलग वाहनों के काफिले की परंपरा को बंद करते हुए एक बड़ा संदेश दिया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार और अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान ने एक ही गाड़ी में सवार होकर शहर के विभिन्न संभागों का सघन दौरा किया। अधिकारियों की इस सादगी और पहल का मुख्य उद्देश्य ईंधन बचाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

### 3 संभागों का लिया जायजा

दोनों अधिकारियों ने एक साथ भानतलैया, अधारताल और सुहागी संभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डों की सफाई व्यवस्था को बारीकी से परखा और नागरिकों को मिलने वाली जनसुविधाओं को बेहतर व व्यवस्थित पाया। निरीक्षण के दौरान जब निगमायुक्त



और अपर आयुक्त मंडी मदार टेकरी के पास पहुंचे, तो वहां कुछ स्थानों पर गंदगी देखकर उन्होंने तत्परता दिखाई। अधिकारियों ने अपनी मौजूदगी में वहां सफाई कर्मचारियों से झाड़ू लगवाई और पूरे परिसर को साफ कराया। इस अवसर पर निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि सफाई केवल कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रशासनिक कड़ाई और जनभागीदारी दोनों बेहद जरूरी हैं।

### गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना

सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम अब पूरी तरह मुस्तैद है। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानदारों द्वारा सड़क पर गंदगी फैलाई जा रही थी, उन पर अधिकारियों ने तत्काल 500 रुपए का जुर्माना ठोंका। साथ ही सभी दुकानदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सख्त हिदायत दी गई कि वे अपनी दुकानों के बाहर डस्टबिन अवश्य रखें और कचरा सड़क पर न फेंकें। ऐसा न करने पर आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## कठौंदा का सीएंडडी प्लांट बना सफाई व्यवस्था का 'गेम चेंजर', मलबे से तैयार हो रहे पेवर ब्लॉक

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और मलबा मुक्त बनाने की दिशा में जबलपुर नगर निगम का कठौंदा स्थित सीएंडडी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन) वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट बड़ी उपलब्धि साबित हो रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में संचालित यह प्लांट शहर की सफाई व्यवस्था को नई दिशा दे रहा है।

प्लांट में निर्माण कार्यों से निकलने वाले मलबे, ईंट, पत्थर और कंक्रीट को वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस कर मजबूत पेवर ब्लॉक और ब्रिक्स तैयार किए जा रहे हैं। इनका उपयोग नगर निगम द्वारा फुटपाथ निर्माण, पार्कों के सौंदर्यीकरण और सड़कों के किनारे खाली स्थानों को व्यवस्थित करने में किया जा रहा है। इससे शहर में मलबे के ढेर कम हुए हैं और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार दिखाई दे रहा है। नगर निगम आम नागरिकों को भी बाजार से कम कीमत पर पेवर ब्लॉक उपलब्ध करा रहा है, जिससे लोग अपने घरों, पार्किंग और निजी निर्माण कार्यों में इनका उपयोग कर सकें। अधिकारियों के अनुसार यह प्लांट "वेस्ट टू वेल्थ" की अवधारणा का सफल उदाहरण बनकर उभरा है। मलबे के पुनर्चक्रण से प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में कमी आ रही है और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है।



## उर्स शरीफ सिहोरा में कब्बाली का शानदार मुकाबला आज

**सिहोरा।** पुराने बस स्टेंड के पास स्थित हजरत सैयद कचहरी वाले बाबा रह अलैह की दरगाह में दो दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया है । जिसमें आज बुधवार को रात्रि 9 बजे से मशहूर कब्बाल जुबेर नईम अजमेरी जयपुर एंव कब्बाल अकरम असलब वारसी बरेली उत्तर प्रदेश के बीच कब्बाली का शानदार मुकाबला होगा। मंगलवार को चादर व मिलाद शरीफ ख्वाजा गरीब नवाज की शान में पेश की गई। कौमी एकता उर्स कमेटी के तत्वावधान में आयोजित उर्स आशीष दुबे सांसद,संजय पाठक विधायक विजराघोगढ,लखन घनघोरिया विधायक पूर्व,एस के मुद्दीन संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच,प्रणय प्रभात पांडे विधायक बहोरीबंद,संतोष बरकंडे विधायक सिहोरा के मुख्य आतिथ्य,मतीन अंसारी कांग्रेस नेता,जमा खान भाजपा नेता,पप्पू वसीम समाजसेवी,नित्यनिरंजन खम्परिया पूर्व विधायक, दिलीप दुबे पूर्व विधायक,संध्या दुबे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष,रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष सिहोरा के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया है। कमेटी ने सभी कब्बाल प्रेमियों से उर्स में पहुंचने की अपील की है।

## स्वच्छता अभियान में युवाओं की भागीदारी बढ़ी, जेईसी की 160 छात्राओं ने दिया फीडबैक

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान को गति देने के लिए शहरभर में जागरूकता एवं फीडबैक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में 160 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता फीडबैक दर्ज कराया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में एडिशनल कमिश्नर अरविंद शाह ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर स्वच्छ सर्वेक्षण के महत्व को समझाया। उन्होंने युवाओं से स्वच्छता ऐप का उपयोग करने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य राजीव चंडोक



ने भी नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए पूरा सहयोग देंगे। इस अवसर पर मनीष तड़से, सौरभ उपयंत्री, आनंद मिश्रा, नरेश शर्मा एवं नरेंद्र सिंह ठाकुर सहित नगर निगम और कॉलेज प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला कार्मिकों को आत्मरक्षा का मिलेगा प्रशिक्षण, 22 मई को विशेष शिविर आयोजित

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तत्वावधान में जबलपुर स्थित विद्युत कंपनियों की महिला कार्मिकों के लिए 22 मई को आत्मरक्षा, बचाव एवं सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत यह विशेष प्रशिक्षण सुबह 11 बजे से रामपुर स्थित कल्याण केंद्र में होगा। शिविर में PXIL संस्था के विशेषज्ञ महिला कर्मचारियों को सेल्फ डिफेंस, निहत्थे मुकाबले तथा होलिस्टिक वर्कआउट का प्रशिक्षण देंगे। यह प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। फिरोज कुमार मेश्राम ने जबलपुर स्थित सभी विद्युत कंपनियों की महिला कार्मिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील की है।

## बिजली कंपनी में तबादलों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 8 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। कंपनी द्वारा जारी आदेश के अनुसार नियमित एवं संविदा कर्मचारी 19 मई से 8 जून 2026 तक स्वयं के व्यय पर स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि अधीक्षण अभियंता, महाप्रबंधक एवं उनसे उच्च पदस्थ अधिकारी इस प्रक्रिया में आवेदन नहीं कर सकेंगे। वहीं एक ही स्थान पर दो वर्ष से कम अवधि से पदस्थ कर्मचारियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। स्थानांतरण के लिए बीमारी, बच्चों की पढ़ाई, सेवानिवृत्ति में 15 माह से कम समय शेष होना, तीन वर्ष से अधिक समय तक एक ही स्थान पर पदस्थ रहना, आपसी तबादला तथा पति-पत्नी के अलग-अलग स्थानों पर कार्यरत होने जैसी परिस्थितियों को आधार बनाया गया है। कंपनी ने बताया कि केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे तथा आवेदन जमा होने के बाद उसमें संशोधन नहीं किया जा सकेगा। कर्मचारियों को आवेदन में तीन विकल्प देना अनिवार्य होगा। आदेश के अनुसार सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके कर्मचारियों को यथासंभव गृह नगर या इच्छित जिले में पदस्थ करने और पति-पत्नी को एक ही स्थान पर पदस्थ करने को प्राथमिकता दी जाएगी। कंपनी के इस निर्णय से पारदर्शी एवं सुविधाजनक तबादला प्रक्रिया की उम्मीद जताई जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर विद्यार्थियों को ऐतिहासिक धरोहरों से कराया परिचित

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस" पर "महाकौशल की ऐतिहासिक विरासत और संग्रहालयीय महत्व" विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई।कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को महाकौशल अंचल की पुरातात्त्विक एवं सांस्कृतिक धरोहरों की जानकारी देते हुए कहा कि संग्रहालय किसी भी देश की सभ्यता, संस्कृति, कला और इतिहास के संरक्षक होते हैं। उन्होंने नर्मदा घाटी के हथनौरा क्षेत्र से प्राप्त 'नर्मदाकेसिस', रूपनाथ के अशोक



शिलालेख तथा तिगवा के गुप्तकालीन विष्णु मंदिर जैसी ऐतिहासिक धरोहरों का उल्लेख किया। प्रो. अरुण शुक्ल ने संग्रहालयों को अतीत और वर्तमान के बीच संवाद का जीवंत सेतु बताते हुए कहा कि ये हमारी ऐतिहासिक चेतना और सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. बलीराम अहिरवार, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा सहित महाविद्यालय के लगभग 48 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## दुर्गा मंदिर में देवी भागवत कथा: संगठन और शक्ति का दिया संदेश

**जबलपुर।** श्री दुर्गा मंदिर फूटाताल में श्री मानस पीठ फूटाताल एवं श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालिपुरम के संयुक्त तत्वावधान में श्रीदेवी भागवत कथा सार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यासपीठ से मानस पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी गिरजानंद जी महाराज ने कहा कि संसार में तिनके से लेकर ब्रह्मा तक को जो शक्ति प्राप्त होती है, वह भगवती से ही मिलती है। उन्होंने देवी भागवत महापुराण की कथाओं का विश्लेषण करते हुए कहा कि सफलता और कल्याण का मूल आधार भगवती की कृपा और शक्ति है। स्वामी जी ने कहा कि जिस प्रकार सभी देवताओं के तेज से भगवती का प्राकट्य हुआ, उसी प्रकार समाज को भी संगठित होकर बुराइयों का सामना करना चाहिए, क्योंकि संगठन में ही शक्ति निहित है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण जगत की स्त्रियां देवी स्वरूप हैं और अभिमान त्यागकर भगवती की शरण में जाने से ही कल्याण संभव है। कार्यक्रम में पं. राजेश पांडे, देवेंद्र नेमा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से युवक की मौत

**जबलपुर।** सिहोरा थानान्तर्गत कल रात लगभग 2 बजे सडक़ पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार स्कूटी के चालक ने टक्कर मार दी। घटना में सिर में आई गंभीर चोटों के कारण युवक की मौत हो गई। घटना के बाद स्कूटी चालक अपना वाहन वही छोडक़र भाग गया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। सिहोरा पुलिस ने बताया कि गणेश नगर कछपुरा निवासी विद्या शंकर मिश्र राईट टाउन पोस्ट ऑफिस में काम करते हैं कल रात लगभग 12 बजे अपने भतीजे राजेश कुमार मिश्र के साथ बस से रीवा जा रहे थे सिहोरा के आगे ढाबा के पास बस खड़ी होने पर उतर कर चाचा भतीजे चाय नाश्ता करने लगे उसी समय बस उन्हें छोडक़र निकल गई। चाचा-भतीजे ने एक फोर व्हीलर वाले लिफ्ट मांगकर बस का पीछा किया तो बरगी के पास बने मंदिर के पास तक बस उन्हें नहीं मिल पायी तो दोनों वहीं उतर गये और दूसरी बस का इंतजार कर रहे थे। ग्राम बरगी के पास एनएच-30 हाईवे रोड के किनारे चाचा भतीजे खड़े थे। रात लगभग दो बजे राजेश मिश्र सडक़ पार कर रहा था उसी समय स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एक्स 4772 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए राजेश को टक्कर मार दी। घटना में राजेश को सिर में गंभीर चोटे आयीं थी जिसे ईलाज के लिए उसके चाचा विद्याशंकर मिश्र सिहोरा शासकीय अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर राजेश को मृत घोषित कर दिया।

## पत्नी से विवाद किया, पिता की बाईक जला दी

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत ग्राम थूहा कटंगी में पत्नी से विवाद करते हुए एक बेटे ने अपने पिता की बाईक में आग लगा दी। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम थूहा कटंगी निवासी 55 वर्षीय मजदूर मुन्ना लोधी का बेटा प्रमोद लोधी अपने परिवार के साथ अलग रहता है। गत शाम करीब 4 बजे मुन्ना लोधी से उसके बेटे प्रमोद ने मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एनजे 3338 मांगकर अपनी पत्नी नर्मदी लोधी के साथ ग्राम उड़की गया था और उडकी से आधा पौन घण्टे में घर लौट आया और बहू नर्मदी को घर के पास मोटर सायकिल से उतारा और मोटर सायकिल लेकर खेत की तरफ चला गया। बताया गया है कि लडका प्रमोद लोधी घरेलू बातों के विवाद को लेकर बहू नर्मदी से उडकी से आते समय रास्ते मे वाद विवाद किया और बहू को घर छोड़ने के बाद शाम 5 बजे मुन्ना आदिवासी के खेत में ले जाकर बेटे प्रमोद लोधी ने उसकी मोटर सायकिल में आग लगा दी, जिससे मोटर सायकिल पूरी तरह जल गयी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 326 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बल्देवबाग में ट्रांसपोर्ट कर्मी की लाश मिली

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत बल्देवबाग अग्रवाल मोटर्स के पास एक ट्रांसपोर्ट कर्मी की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। 26 वर्षीय ट्रांसपोर्ट कर्मी सोमवार की रात घर नहीं लौटे, सुबह उनकी लाश मिली। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदौल मंदिर के पास थाना कोतवाली निवासी 56 वर्षीय गुड्डू यादव एक ट्रांसपोर्ट में काम करता था। रविवार की रात वह काम से घर नहीं लौटा। उसकी तलाश करने पर बल्देवबाग अग्रवाल मोटर्स के पास उसकी लाश मिली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट होगा। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## ऑनलाईन कारोबार के खिलाफ आज बंद रहेगी दवा दुकानें

**जबलपुर।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में आज हड़ताल का ऐलान किया है जिसके तहत 20 मई बुधवार को पूरे देश के साथ जबलपुर की थोक व फुटकर दुकाने बंद रहेगी। एसोसिएशन का कहना है कि यह मुद्दा सीधे आम लोगों की सेहत से जुड़ा है। घर-घर पहुंच रही ऑनलाइन दवाओं की गुणवत्ता और निगरानी को लेकर अभी स्पष्ट सिस्टम नहीं है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

### अस्पतालों के मेडिकल शॉप बंद से मुक्त

एसोसिएशन ने बताया कि ऑनलाइन दवा व्यापार की आड़ में नकली, एक्सपायरी एवं गलत दवाओं के वितरण की संभावनाएं बढ़ रही हैं, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि अस्पतालों के अंदर संचालित मेडिकल स्टोर्स को इस बंद से मुक्त रखा गया है, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### ये हैं प्रमुख मांगें

ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए। - कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट पर रोक के साथ ही नकली और बिना निगरानी वाली दवाओं पर कार्रवाई की मांग प्रमुख है।

**डॉ. अमन पटेल-** नई बस्ती नं. 1 अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री सुशील कुमार पटेल के पुत्र डॉ. अमन पटेल (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सन्नी चौधरी-** बापू नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री सोहन लाल चौधरी के पुत्र श्री सन्नी चौधरी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री गीता विश्वकर्मा-** बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री पूरन लाल विश्वकर्मा की पुत्री सुश्री गीता विश्वकर्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला** बाई तिवारी- फूटाताल निवासी श्री राम प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला तिवारी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेश पटेल-** राजुल टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री राजेश पटेल (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश प्रसाद सोनी-** करमेता निवासी श्री जगदीश प्रसाद सोनी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गुड्डी दाहिया-** नई बस्ती नं. 1 गोहलपुर निवासी श्री श्याम लाल दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी दाहिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजनी कोरी-** सदर बगीचा नं. 69 निवासी श्री राजेंद्र कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी कोरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई पटेल-** बढ़ई मोहल्ला दमोहनाका निवासी फूलचंद पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई पटेल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती कमला बाई रजक-** दुर्गा कॉलोनी संजीवनी नगर निवासी श्री सोहन लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई रजक (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री भरत परसवानी-** गलगला निवासी श्री रमेश परसवानी के पुत्र श्री भरत परसवानी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरिहर प्रसाद सोनी-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री हरिहर प्रसाद सोनी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम सिंह रजक-** गली नं. 14, सदर निवासी श्री राम सिंह रजक (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 90/- प्रति वर्ग से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से मी. रंगीन 1300/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## बिना वजह गालीगलौज करने पर मारपीट, ईंट से हमला

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत देवरी में बिना किसी बात के गालीगलौज करने की बात पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर ईंट के टुकड़े व डंडे से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की इस वारदात में दो युवक घायल हो गए। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरी निवासी 20 वर्षीय विकास उर्फ बटला कोल की मामी चांदनी बाई कोल गत रात 10.15 बजे घर के सामने स्थित दुकान से मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती ले रही थी तभी सुरेन्द्र कोल आकर उसकी मामी से झगडा करने लगा, उसने बीच बचाव किया तो सुरेन्द्र कोल ने ईट के टुकडे से उसके सिर पर हमला कर दिया।वहीं दूसरे पक्ष बरझाई पनागर निवासी 41 वर्षीय सुरेन्द्र कोल गत रात 10.15 बजे अपने घर से अगरबत्ती लेने देवरी पनागर गया था रास्ते मे विकास उर्फ बटला कोल मिला और बिना किसी बात के गालीगलौज करने लगा, मना करने पर डण्डे से हमला कर सिर में चोटे पहुंचा दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2),बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर (म.प्र.)
रा.प्र.क्र./ /अ-6/2025-26 दिनांक- 15/05/2026
आम इश्तहार
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक महेश कुमार जैन पिता स्व. श्री हुकुम चंद जैन, निवासी राइट टाउन, जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर प्लाट नं. 424 स्थित भूमि खसरा नंबर 51 शीट 153 बी में से रकवा 888 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता मनमोहन माहेश्वरी पिता मदनलाल माहेश्वरी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31/06/1992 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 29/05/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 15/05/2026
पेशी दिनांक - 29/05/2026
न्यायालय तहसीलदार, अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

नाम सुधार
मैं, हरदीश कौर मक्कड़ उम्र लगभग 41 वर्ष पिता हरविंदर सिंह मक्कड़ निवासी 1199, नर्मदा रोड, वार्ड नंबर 9, रामपुर, चुंगी चौकी, ग्वारीघाट, विद्युत नगर, जबलपुर मप्र - 482008 आधार कार्ड क्रमांक 9143 3549 9489 की स्थाई निवासी हूं। मेरी पुत्री के आधार कार्ड क्रमांक-8313 6620 2327 में व मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम मेहर कौर (MEHER KAUR) दर्ज हो गया है जो कि पूर्णतः गलत व अमान्य है मेरी पुत्री का सही व सत्य नाम मेहेर कौर मक्कड़ (MEHER KAUR MAKKER) है जो कि मेरी शासकीय सेवा पुस्तिका व मेरे मूलनिवासी प्रमाण पत्र में दर्ज है। मेरी पुत्री का सही व सत्य नाम मेहेर कौर मक्कड़ (MEHER KAUR MAKKER) को मेरी पुत्री के आधार कार्ड, व उसके अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज करने हेतु अखबार प्रकाशन कर रही हूं शपथ पत्र दिनांक 18/05/2026 नोटरी महोदय रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय, जबलपुर मप्र
सही नाम-मेहेर कौर मक्कड़ (MEHER KAUR MAKKER)
गलत नाम-मेहर कौर (MEHER KAUR)

CHANGE OF NAME
I, ARMY No. 15416967M, RANK-HAV/AA, NAME ANJNEE KUMAR SINGH S/O HARSH NARAYAN SINGH, OF UNIT MH, JABALPUR (M.P.), R/O 02 WARD NO 1, PARSIYA ROAD, KOTRA KHURD, TEONTHAR, REWA MADHYA PRADESH 486220 solemnly declare and affirm on oath under :-I state that in my Mother Aadhar card, my Mother Name SURY KALI which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded SURYAKALI Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Mother is SURY KALI and same Name shall be corrected in my Army service Record.
CORRECT NAME-SURY KALI
INCORRECT NAME-SURYAKALI

# पश्चिम एशिया संघर्ष से बढ़ी महंगाई ने तोड़ी देश के आम आदमी की कमर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

## साबुन, डिटर्जेंट, दूध, पेट्रोल-डीजल से लेकर सोने-चांदी तक सभी हुए महंगे

मिडिल ईस्ट जंग की आंच देश दुनिया से होती हुई अब आपके घर पहुंच गई और आपको पता भी नहीं चला। मिडिल ईस्ट जंग ने मध्यम वर्गीय भारतीयों पर काफी बुरा असर डाला है, जिससे उन्हें रोज़ाना के खर्चों में शामिल कई चीज़ों के लिए ज़्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं। साबुन, डिटर्जेंट, दूध, पेट्रोल डीजल से लेकर सोने-चांदी तक सभी की कीमतों में उछाल आया। चाहे एलपीजी की ज़्यादा कीमतें हों जो सीधे खाने की चीजों पर असर डालती हैं या फॉरेन एक्सचेंज के आउटफ्लो को रोकने के लिए ज़रूरी गोल्ड इंपोर्ट ड्यूटी में बढ़ोतरी, इस जंग ने किसी भी सेक्टर को अछूता नहीं छोड़ा है। कई सेगमेंट की कंपनियों ने पहले ही कम से कम एक बार कीमतों में बढ़ोतरी की है और एनर्जी सप्लाई में रुकावट के कारण इनपुट कॉस्ट में बढ़ोतरी को देखते हुए जल्द ही एक और दौर की बढ़ोतरी की भी सोच रही हैं। ब्लू स्टार के एमडी बी त्यागराजन ने इस महीने की शुरुआत में एक अर्निंग्स कॉल में कहा, "मान लीजिए, कल पेट्रोलियम की कीमतें बढ़ती हैं और इस दौरान महंगाई अपने पीक पर होती है, तो कंज्यूमर सेंटिमेंट उन्हें खर्च न करने के लिए मजबूर कर सकते हैं।" कंपनियों के लिए, ग्लोबल मैक्रो-वोलैटिलिटी के बीच कंट्रोल्ड घरेलू महंगाई लंबे समय से एक बफर रही है, लेकिन इस लड़ाई ने उस इक्वेशन को बदल दिया है, जिससे अब से कंजम्प्शन के लिए चिंताएं पैदा हो गई हैं। कच्चे तेल और ईंधन की बढ़ती कीमतों का सीधा असर कृषि, परिवहन और पैकेजिंग पर पड़ रहा है। इस वजह से अमूल, मदर डेयरी और सांची जैसे प्रमुख ब्रांड्स ने दूध की कीमतों में लगभग 2 रुपए प्रति लीटर तक की वृद्धि कर दी है। अमूल ने कहा कि इस साल जानवरों के चारे, मिल्क पैकेजिंग फिल्म और फ्यूल की लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है।

### ईंधन की कीमतों में उछाल

फ्यूल की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी से घरों का बजट और बढ़ेगा। अपनी हालिया अर्निंग्स कॉल (फ्यूल की कीमतों में बदलाव से एक दिन पहले) में, टाटा ग्रुप की वोल्टास ने कहा कि फर्म ने कंज्यूमर्स पर कुछ कीमतों में बढ़ोतरी का बोझ डाला है और अगर आगे भी बढ़ोतरी की ज़रूरत होगी तो वह उसे आगे बढ़ाने के लिए 'तैयार' है।




### एसी की कीमतें उछली

इधर ब्लू स्टार ने एनर्जी-चेंज नॉर्म्स की वजह से एसी की कीमतों में औसतन 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और कच्चे माल की ज़्यादा कीमतों और एक्सचेंज रेट में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए और 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। एसी बनाने वाली कंपनियां युद्ध से पहले भी कॉपर जैसी कमोडिटी की ज़्यादा महंगाई से जूझ रही थीं और अब डिमांड पर असर एक और चुनौती है जिससे उन्हें आगे निपटना पड़ सकता है।

# देश को शोध और विकास पर निवेश बढ़ाना चाहिए : रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नीति आयोग ने कहा कि देश में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) परिवेश को मजबूत करने के लिए भारत को अगले चार से पांच वर्षों में इस क्षेत्र में अपने निवेश को मौजूदा के 0.64 प्रतिशत से बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का कम से कम दो प्रतिशत करना चाहिए। आयोग ने ''ईज ऑफ डूइंग रिसर्च एंड डेवलपमेंट इन इंडिया - रिमूविंग ऑब्स्टेकल्स, प्रमोटिंग एनेबलर्स'' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि सरकार को आरएंडडी से जुड़ी खरीद पर पांच प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) स्लैब बहाल करने पर विचार करना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया, भारत के आरएंडडी परिवेश को मजबूत करने के लिए अनुसंधान एवं विकास में राष्ट्रीय निवेश को मौजूदा के 0.64 प्रतिशत से बढ़ाकर अगले चार से पांच साल में कम-से-कम जीडीपी के दो प्रतिशत तक ले जाने की तत्काल जरूरत है। नीति आयोग ने यह भी सुझाव दिया कि इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए भारत को समयबद्ध और चरणबद्ध प्रोत्साहन देने की जरूरत है।

नीति आयोग के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 के तहत अनुसूची-3 (बही-खाता एवं लाभ-हानि विवरण) में आरएंडडी व्यय के लिए अलग मद शामिल करने से निजी क्षेत्र के निवेश का बेहतर आकलन हो सकेगा और कंपनियां अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश के प्रति प्रोत्साहित होंगी। रिपोर्ट में कहा गया कि आरएंडडी के लिए अधिक धन उपलब्ध कराने की आवश्यकता को देखते हुए अनुसंधान एवं विकास के लिए परमार्थ




समर्थन आकर्षित करने के उद्देश्य से अधिक साहसिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इसमें कहा गया, 'इसके लिए कंपनी अधिनियम के तहत कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) प्रावधानों को मजबूत करने और उनका प्रभावी उपयोग करने के साथ-साथ आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 133 के तहत आरएंडडी सहायता कोष में व्यक्तिगत योगदान पर अधिक कटौती (कम से कम 125 प्रतिशत) की सुविधा देने की आवश्यकता है।'

### समिति गठित करने की सिफारिश

रिपोर्ट में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के भीतर एक अंतर-विभागीय समिति गठित करने की भी सिफारिश की गई है, जो नियमित अंतराल पर बैठक कर विभिन्न विभागों एवं वित्तपोषण एजेंसियों की योजनाओं और पहल में समन्वय सुनिश्चित करे तथा योजनाओं की पुनरावृत्ति को कम करे।

## पूर्वांकरा ने चौथी तिमाही में 110 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी पूर्वांकरा लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 109.95 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से बेहतर आय के कारण कंपनी मुनाफा कमा पाई है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में कंपनी को 88 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,540.99 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 563.70 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, पूर्वांकरा लि. का शुद्ध लाभ 56.75 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में उसे 182.92 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ. ग.)**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर में भण्डारित ईमारती एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/ काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है।

काष्ठागार अम्बिकापुर
नीलाम दिनांक - 28.05.2026
समय - प्रातः 09.00 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लटठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| सागौन | 4.019 | 0 | 55.564 | 4025 | 59.583 | 4025 |
| साल | 452.505 | 0 | 4103.023 | 3030 | 4555.528 | 3030 |
| बांस | 0.000 | 0 | 1.997 | 0 | 1.997 | 0 |
| साजा | 0.000 | 0 | 35.770 | 25 | 35.770 | 25 |
| खम्हार | 115.248 | 2378 | 6.486 | 4 | 121.734 | 2382 |
| धावड़ा | 7.292 | 0 | 48.870 | 0 | 56.162 | 0 |
| नीलगिरी | 8.457 | 0 | 3.170 | 0 | 11.627 | 0 |
| सलैया | 4.127 | 0 | 42.935 | 0 | 47.062 | 0 |
| हल्दू | 0.000 | 0 | 16.672 | 0 | 16.672 | 0 |
| अन्य | 98.163 | 0 | 825.366 | 1590 | 923.529 | 1590 |
| योग:- | 689.811 | 2378 | 5139.853 | 8674 | 5829.664 | 11052 |
| जलाऊ | 203 | Chatta | 1081 | Chatta | 1284 | Chatta |

टीप:- 1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 20 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
G-262700821/3 सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)



**MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011. Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295, E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
NIT No.: 4227/ GM/MPBDC/CW/26/NIT-83 Bhopal, Dated : 19.05.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works: -
1. Construction of Sports Complex at Selda Mal Harsud Dist. Khandwa M.P.
**PAC :- Rs. 80,11.33 Lakhs**
2. Construction of Teacher Training Institute (TTI), State Institute of Educational Managment and Training (SIEMAT) and State Assessment Centre (SAC) at Village Mugaliya Chhap Bhopal with Assessment Cell and DPI at Bhopal. **PAC : - Rs. 74,66.26 Lakhs**
3. Construction of Government College at Rithi Dist. Katni M.P.
**PAC: - Rs. 13,31.17 Lakhs**
Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online for from (S. No. 01, 21.05.2026 at 18:00 hrs. to 29.06.2026 at 15:30 hrs), for (S. No. 02 and 21.05.2026 at 18:00 hrs. to 30.06.2026 at 15:30 hrs.) and (S. No. 03 and 21.05.2026 at 18:00 hrs. to 12.06.2026 at 15:30 hrs.) from website **www.mptenders.gov.in.** PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.
M.P. Madhyam/125853/2026 MANAGING DIRECTOR



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-आरएन-इन्फ्रा-एचडब्ल्यूएच-26, दिनांक:** 18.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-आरएन-इन्फ्रा-एचडब्ल्यूएच-26** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत रेलनेट इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रावधान। **बोली प्रणाली :** दो पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 11,49,95,364.54, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 22,99,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 15.05.2026 को 18.38 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 25.05.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-78/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO/201 **निविदा सूचना** Date 19/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_508844_1 Date-20/05/2026 | सं.क्र.-03 रामपुर अंतर्गत शंकरशाह नगर में पटेल मोहल्ला में विपिन पटेल से खलीफा जी व साइड कुलिया तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य। (निगम मद) | 02 माह<br>रू. 6.81 लाख | रू. 2000/-<br>रू. 6814/- | 05/06/2026 |
| 2 | 2026_UAD_508844_2 Date-20/05/2026 | सं.क्र.-03 रामपुर अंतर्गत शंकरशाह नगर में लक्ष्मी बिहार छापर मेन रोड़ रामपुर में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 02 माह<br>रू. 6.67 लाख | रू. 2000/-<br>रू. 6673/- | 05/06/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम जबलपुर



# अंतिम समय में तेज बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई

कारोबार के अंतिम समय में तेज बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 114 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 32 अंक की गिरावट आई। रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने को लेकर चिंताएं बढ़ने के साथ एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई।

■ सेंसेक्स 114 और निफ्टी 32 अंक टूटा

इसके साथ वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमत ने भी बाजार धारणा को प्रभावित किया। हालांकि, आईटी शेयरों में मजबूत लिवाली से गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। कारोबार के दौरान बाजार में ज्यादातर समय तेजी रही। लेकिन कारोबार समाप्त होने से पहले तेज बिकवाली से बाजार नुकसान में बंद



हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 114.19 अंक की गिरावट के साथ 75,200.85 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद कारोबार के दौरान एक समय यह 431.23 अंक बढ़कर 75,746.27 अंक पर पहुंच गया था। ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के अनुरोध पर ईरान पर नए हमले रोक दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ चल रही गंभीर बातचीत जारी है, जिससे एक स्वीकार्य समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है।

### इन कंपनियों ने नुकसान दर्ज किया

सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल और सन फार्मा प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इटर्नल और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।


**मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता**
**रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)**
ज्ञाप क्र.11/K/सा-2/2026-27 **निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)** दिनांक .../05/2026

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्म जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है-

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रुपए में) | धरोहर राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 21/सा./मु.अ./ 2026-27 दिनांक 14/05/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 130.670 कि.मी. से आर.डी. 135.500 कि.मी. एवं सडूमर शाखा नहर, रेनुका वितरण नहर एवं अमोदा वितरण नहर का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य | रू. 25.22 लाख (रू. पच्चीस लाख बाईस हजार मात्र)(एम.पी.,डब्ल्यू. आर.डी., यू. सी.एस.आर. 15/07/2024 पर लागू) | रू.50000/- (रू. पचास हजार मात्र) | रु. 5000/- (रू. पांच हजार मात्र) | 09 माह वषार्काल सहित |
| 2 | 22/सा./मु.अ./ 2026-27 दिनांक 14/05/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | सडूमर शाखा नहर की आर.डी.1.08 कि.मी. से निकलने वाली डुंगरिया दिनांक वितरण नहर की कुल लम्बाई 23.50 कि.मी. का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रू. 13.48 लाख (रू. तेरह लाख अडतालीस हजार मात्र)(एम.पी.,डब्ल्यू. आर.डी., यू. सी.एस.आर. 15/07/2024 पर लागू) | रू.27000/- (रू. सत्ताईस हजार मात्र) | रु. 2000/- (रू. दो हजार मात्र) | 09 माह वषार्काल सहित |
| 3 | 23/सा./मु.अ./ 2026-27 दिनांक 14/05/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | संभागीय कार्यालय करेली के आफिस बिल्डिंग की रिपेयरिंग एवं रेनोवेशन का कार्य। | रू. 11.34 लाख (रू. ग्यारह लाख चौतीस हजार मात्र) (एम.पी., पी.डब्ल्यू.डी. 01/01/2024 पर लागू) | रू. 23000/- (रू. तेईस हजार मात्र) | रु. 2000/- (रू. दो हजार मात्र) | 06 माह वषार्काल सहित |
| 4 | 24/सा./मु.अ./ 2026-27 दिनांक 14/05/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर, नहर संभाग करेली कालोनी परिसर के अन्तर्गत डब्ल्यू.बी.एम. रोड डामरीकरण का कार्य। | रू. 5.14 लाख (रू. पांच लाख चौदह हजार मात्र) (एम.पी., पी.डब्ल्यू.डी. 01/01/2024 पर लागू) | रू.11000/- (रू. ग्यारह हजार मात्र) | रु. 2000/- (रू. दो हजार मात्र) | 06 माह वषार्काल सहित |
| 5 | 25/सा./मु.अ./ 2026-27 दिनांक 14/05/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर, नहर संभाग करेली कालोनी (बरगी) का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रू. 5.04 लाख (रू. पांच लाख चार हजार मात्र) (एम.पी., पी.डब्ल्यू.डी. 01/01/2024 पर लागू) | रू.11000/- (रू. ग्यारह हजार मात्र) | रु. 2000/- (रू. दो हजार मात्र) | 06 माह वषार्काल सहित |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें। 2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है। 3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनाँक एवं समय दिनांक 02.06.2026, 17.30 बजे तक। 4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल बेवसाईट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एल. वर्मा) मुख्य अभियंता
G-13098/26 "स्वच्छता ही सेवा" रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना, बरगी हिल्स, जबलपुर



**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल सतना (म. प्र.)**
(मुख्तियारगंज रेल्वे फाटक के पास, सिविल लाईन, सतना)
E-Mail-dfotsatna@mp.gov.in Phone - 07672-223355

क्रमांक/व्यय/2026-27/5067 **निविदा आमंत्रण सूचना** सतना, दिनांक 19/05/2026

वन मण्डल सतना अंतर्गत समस्त वन परिक्षेत्र में ( Supply, Installation, Testing, Commissioning and Warranty of Play Equipment & Open Gym Equipment) कार्य हेतु पंजीकृत विनिमार्ताओं एवं प्रदायकर्ताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | निविदा का विवरण | आवश्यक सामग्री |
|---|---|---|
| 1 | (Supply, Installation, Testing, Commissioning and Warranty of Play Equipment & Open Gym Equipment) | आवश्यकतानुसार |

निविदा फार्म एवं शर्ते तथा निर्माण से संबंधित विस्तृत प्राक्कलन वन मण्डल कार्यालय सतना से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है अथवा म.प्र. वन विभाग के बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | 20-05-2026 & 06:00PM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in प्रदर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | 20-05-2026 & 06:00PM | |
| Pre Bid Meeting Date | | |
| Bid Submission Start Date & Time | 20-05-2026 & 06:00PM | |
| Bid Submission closing Date & Time | 09-06-2026 & 02:00PM | |
| Bid Opening Date & Time | 10-06-2026 & 02:00PM | |

वनमण्डल अधिकारी
G-13131/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" वनमण्डल, सतना


## आईओसी का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 56 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 56 प्रतिशत बढ़कर 11,377.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईओसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चौथी में उसका एकल आधार पर शुद्ध लाभ बढ़कर 11,377.51 करोड़ रुपये हो गया, जो 2024-25 की समान तिमाही में 7,264.85 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि इस तिमाही में उसे पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी को लागत से कम कीमत पर बेचने के कारण भारी नुकसान हुआ।


**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर**
कार्यालय पता तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर
दूरभाष 0761(2625425) ई-मेल seresjabapur@mp.gov.in

क्रमांक /592/ निविदा/ग्रायांसेवा/2026 **संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/2026-27** जबलपुर, दिनांक - 14/5/26

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों के निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा लागू निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार, ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
(निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियाँ ऑनलाईन देखी जा सकती है, पृथक से प्रकाशित नहीं की जायेगी।) विवरण निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नं | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC) (राशि रुपए में) | अमानत राशि (राशि रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | कटनी | 2026_RES_507451_1 | ग्राम पंचायत विलायतकला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | बड़वारा | 3149656.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 2 | कटनी | 2026_RES_507452_1 | ग्राम पंचायत कन्हवारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | कटनी | 3149656.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 3 | कटनी | 2026_RES_507453_1 | ग्राम पंचायत निमुआ के ग्राम कुनिया में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | विजयराघवगढ़ | 3149656.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 4 | कटनी | 2026_RES_507454_1 | ग्राम पंचायत बड़वारा में बागत घर निर्माण दीदी कैफे के पास | बड़वारा | 2776396.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 5 | कटनी | 2026_RES_507455_1 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भदौरा नं. 1 में 03 प्रयोगशाला निर्माण | कटनी | 3348879.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 6 | कटनी | 2026_RES_507456_1 | शासकीय हाई स्कूल बसुधा में 03 अतिरिक्त कक्ष एवं 01 प्रयोगशाला निर्माण कार्य | कटनी | 4530483.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 7 | जबलपुर | 2026_RES_507457_1 | महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान अधारताल जबलपुर परिसर में सीवेज सोकपिट एवं रिपेयर कार्य | जबलपुर | 3216126.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |

निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates) :-
1 Date of Publishing of Tender/ Document Download/Sale Start Date 21.05.2026 (11:00AM)
2 Technical Bid Submision End Date 27.05.2026 (06:00PM)
3 Bid Opening Date 29.05.2026 (11:00AM)

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
जबलपुर मण्डल जबलपुर
जी - 13126/26 स्वच्छता ही सेवा



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र.-2 जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001
फोन एवं फैक्स नं. 0761-2622333. ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा सूचना क्र.- 08/व.ले.ली/ 2026-27 **निविदा आमंत्रण सूचना** जबलपुर, दिनांक .............

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mpteders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_507256_pack1 | लोक निर्माण विभाग (भ/स), सं.क्र.2, जबलपुर के अंतर्गत मार्गो में मरम्मत, शोल्डर एवं कलवर्ट का कार्य। | प्रथम | 50.00 | 50000/- | 5000/- | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2026_PWDRB_507257_pack1 | सिविल लाईन स्थित बंगला नं. 578 में रेनोवेशन का कार्य। | प्रथम | 25.30 | 50000/- | 5000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2026_PWDRB_507259_pack1 | पचपेढ़ी उपखण्ड स्थित ऑफीसर्स बंगलों में फ्लोरिंग रेनोवेशन का कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2026_PWDRB_507260_pack1 | पचपेढ़ी उपखण्ड स्थित ऑफीसर्स बंगलों में किचिन एवं टॉयलेट रेनोवेशन का कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2026_PWDRB_507262_pack1 | सिविल लाईन स्थित व्ही.आई.पी. बंगलों में छत मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40000/- | 2000/- | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2026_PWDRB_507264_pack1 | मनखेड़ी कुसली इमलिया मार्ग का मजबूतीकरण का कार्य। | प्रथम | 347.64 | 347640/- | 15000/- | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2026_PWDRB_507265_pack1 | जमुनिया घर्रा मार्ग कि.मी. 1/2 पर साईज 6X3X3 मीटर बॉक्स कलवर्ट एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 88.94 | 88940/- | 10000/- | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2026_PWDRB_507267_pack1 | रानी दुर्गावती समाधि मार्ग के विभिन्न भागों में क्षतिग्रस्त स्लैब कलवर्ट, रिटर्न वॉल का मजबूतीकरण का कार्य। | प्रथम | 111.57 | 111570 | 12500/- | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 2026_PWDRB_507268_pack1 | जबलपुर जिला अंतर्गत विभिन्न शहरी मार्ग इन्द्रा नगर से रूकमनी विहार-शारदा चौक- मदनमहल - एल.आई. सी. चौक से शिमला हिल्स तथा सांई नगर - रामपुर - छापर कृष्णा हिल्स का मजबूतीकरण का कार्य। | प्रथम | 337.89 | 337890/- | 15000/- | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |

टीप:- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 28.05.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
G-13132/26 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्रं. -2, जबलपुर

## चिंतन

# आम लोगों की जान की सुरक्षा सर्वोपरि

देश में आवारा कुत्तों का मुद्दा अब आम लोगों की सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिकों के गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला, जिसमें रेबीज से संक्रमित और बेहद खतरनाक आवारा कुत्तों को जरूरत पड़ने पर यूथेनेशिया यानी दया मृत्यु (जहर का इंजेक्शन) देने की अनुमति दी गई है, एक कठोर लेकिन आवश्यक कदम माना जाना चाहिए। यह फैसला उन लोगों को कठोर लग सकता है जो पशु अधिकारों की पैरवी करते हैं, लेकिन अदालत ने साफ कर दिया है कि देश में इंसानों की जान की सुरक्षा सर्वोपरि है। लावारिस कुत्ते लगातार बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को निशाना बनाते रहे हैं। इनके लिए शेल्टर होम बनाने और नसबंदी का जिम्मा राज्य सरकारों पर है, लेकिन राज्यों में जिस तरह के हालात हैं, उसमें यह कार्य उस तरह से नहीं हो पा रहा, इसलिए सुप्रीम कोर्ट को कड़ा फैसला लेना पड़ा। लावारिस कुत्ते खतरनाक भले ही न हों, लेकिन कई प्रकार से लोगों को नुकसान जरूर पहुंचाते हैं। कई बार दो पहिया वाहन चालक इनके कारण हादसों का शिकार हो जाते हैं। कुत्तों से डरने वाले लोग भी इन्हें देखकर हड़बड़ा जाते हैं और हादसों का शिकार हो बैठते हैं। कुत्तों के काटने की खबरें भी आम हैं। बीते कुछ वर्षों में देश के लगभग हर बड़े शहर और कस्बे में आवारा कुत्तों की समस्या विकराल होती गई है। कई मामलों में छोटे बच्चों के चेहरे तक बुरी तरह नोच दिए गए। तमिलनाडु में केवल चार महीनों में करीब दो लाख डॉग बाइट के मामले सामने आना यह बताने के लिए काफी है कि स्थिति कितनी गंभीर हो चुकी है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में एक महीने में 1084 लोगों को कुत्तों ने काटा। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी ऐसी घटनाएं आम हैं। यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता की भयावह तस्वीर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बिल्कुल सही कहा कि गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर बिना भय के चल-फिर सकें। यदि कोई बच्चा स्कूल जाते समय आवारा कुत्तों के झुंड से डरता है या कोई बुजुर्ग सुबह की सैर पर निकलने से घबराता है, तो यह सीधे-सीधे नागरिक अधिकारों का उल्लंघन है। असल सवाल यह है कि वर्षों से चल रही नसबंदी और टीकाकरण योजनाएं आखिर प्रभावी क्यों नहीं हो सकीं। राज्य सरकारें और नगर निगम अक्सर बजट, संसाधनों और कर्मचारियों की कमी का बहाना बनाते रहे हैं। नतीजा यह हुआ कि आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती गई। कई शहरों में एबीसी सेंटर यानी एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर नाम मात्र के रह गए। कोर्ट ने अब हर जिले में प्रभावी एबीसी सेंटर बनाने और जरूरत के अनुसार उनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इस पूरे विवाद में पशु प्रेमियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। सड़क किनारे कुत्तों को खाना खिलाना मानवता हो सकती है, लेकिन यदि वही कुत्ते बाद में राहगीरों पर हमला करें तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? अदालत ने सार्वजनिक स्थानों पर फीडिंग पर रोक लगाकर यह स्पष्ट कर दिया कि संवेदनशीलता और जिम्मेदारी साथ-साथ चलनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति इन जानवरों के प्रति इतना ही समर्पित है, तो उन्हें अपने संरक्षण में रखने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अब यह सवाल उन पशु प्रेमियों के लिए है कि वे इन बेजुबान जानवरों के लिए क्या कर सकते हैं। अब ऐसे जानवरों को बचाने वाले पशु प्रेमी या तो इन्हें अपने पास रखें या फिर प्रशासन ऐसे खतरनाक कुत्तों को जहर के इंजेक्शन दे सकता है।



इटली और भारत
नरेंद्र मोदी, जॉर्जिया मेलोनी

# इंडो-भूमध्य रणनीतिक साझेदारी

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है।

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है। हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें।

इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटर तकनीक, जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है, को भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं। यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। "मेड इन इटली" हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, और आज इसका स्वाभाविक तालमेल "मेक इन इंडिया' पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी-जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है, एक सकारात्मक संकेत है। यह हमारी सप्लाई चेन के एकीकरण को और मजबूत करेगी। तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेज़ी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता, इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को




स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों, के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है। इटली और भारत लंबे समय से इस दिशा में सहयोग कर रहे हैं, ताकि एआई का विकास जिम्मेदार और मानव-केंद्रित हो। भारत और इटली एआई को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी मानते हैं, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान, बहुभाषी तकनीकों के जरिए एआई सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकता है, न कि उन्हें और बढ़ा सकता भारत के मानव विज़न-यानी तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की सोच और इटली की मानव-केंद्रित "एल्गोर-एथिक्स" की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बने।हमारा दृष्टिकोण भारत की विशाल डिजिटल क्षमता को इटली की नैतिक और औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, ताकि तकनीक मानव गरिमा की सेवा कर सके। सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करके, हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश एआई का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी7 अध्यक्षता और 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के निष्कर्षों का मुख्य आधार है। एआई को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए। आज की तेजी से जुड़ी हुई दुनिया में स्वतंत्रता और मानव गरिमा की रक्षा का हमारा दृष्टिकोण इसी चुनौती पर आधारित है। हमारा सहयोग अंतरिक्ष क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। अंतरिक्ष अनुसंधान और सैटेलाइट तकनीक में भारत की उल्लेखनीय प्रगति तथा इटली की एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता, संयुक्त परियोजनाओं और नई पीढ़ी की तकनीकों के विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करती है। राष्ट्रों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और स्थिरता बेहद आवश्यक हैं। हम अपनी साझा चुनौतियों का समाधान दोनों देशों के गहरे संबंधों और लंबे सांस्कृतिक जुड़ाव के आधार पर कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में 'धर्म' का विचार उस जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है, जो हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए। वहीं 'वसुधैव कुटुंबकम्' अर्थात "पूरी दुनिया एक परिवार है" का सिद्धांत आज के आपस में जुड़े डिजिटल युग में और भी अधिक प्रासंगिक लगता है। ये मूल्य इटली की मानवतावादी परंपरा से भी मेल खाते हैं, जिसकी जड़ें पुनर्जागरण काल में हैं। यह परंपरा हर व्यक्ति की गरिमा और संस्कृति की उस शक्ति पर जोर देती है, जो समाजों और लोगों को एकजुट कर सकती है। इसलिए हमारी साझा दृष्टि का उद्देश्य लोगों को केंद्र में रखते हुए भारत-इटली साझेदारी को मजबूत, आधुनिक और भविष्य उन्मुख आधार प्रदान करना है।

(लेखक नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं और जॉर्जिया मेलोनी इटली गणराज्य मंत्रिपरिषद की अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## समस्या
मनोज कुमार अग्रवाल



# ग्लोबल वार्मिंग से बिगड़ते हालात : कब जागेगा इंसान

वैश्विक तापमान यानी ग्लोबल वार्मिंग आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। इससे न केवल मनुष्य, बल्कि धरती पर रहने वाला प्रत्येक जीव यहां तक कि वनस्पति भी त्रस्त है। ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए दुनियाभर में प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समस्या कम होने के बजाय साल-दर-साल बढ़ती ही जा रही है। चूंकि यह एक शुरुआत भर है, इसलिए अगर हम अभी से नहीं संभले तो भविष्य और भी भयावह हो सकता है। वैज्ञानिक अनुसंधान की रिपोर्ट बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग धरती के वातावरण के तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी है। हमारी धरती प्राकृतिक तौर पर सूर्य की किरणों से उष्मा प्राप्त करती है। ये किरणें वायुमंडल से गुजरती हुईं धरती की सतह से टकराती हैं और फिर वहीं से परावर्तित होकर पुनः लौट जाती हैं। धरती का वायुमंडल कई गैसों से मिलकर बना है जिनमें कुछ ग्रीनहाउस गैसें भी शामिल हैं। इससे धरती के ऊपर एक प्रकार से एक प्राकृतिक आवरण बना लेती हैं। यह आवरण लौटती किरणों के एक हिस्से को रोक लेता है और इस प्रकार धरती के वातावरण को गर्म बनाए रखता है। गौरतलब है कि मनुष्यों, प्राणियों और पौधों के जीवित रहने के लिए कम से कम 16 डिग्री सेल्सियस तापमान आवश्यक होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्रीनहाउस गैसों में बढ़ोतरी होने पर यह आवरण और भी सघन होता जाता है। ऐसे में यह आवरण सूर्य की अधिक किरणों को रोकने लगता है और फिर यहीं से ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव शुरू हो जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार तो मनुष्य और उसकी गतिविधियां ही हैं। मनुष्य जनित मानव निर्मित इन गतिविधियों से कार्बन डाइऑक्साइड, मिथेन, नाइट्रोजन ऑक्साइड इत्यादि ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा में बढ़ोतरी हो रही है जिससे इन गैसों का आवरण सघन होता जा रहा है। यही आवरण सूर्य की परावर्तित किरणों को रोक रहा है, जिससे धरती के तापमान में वृद्धि हो रही है। वाहनों, हवाई जहाजों, बिजली बनाने वाले संयंत्रों उद्योगों इत्यादि से अंधाधुंध होने वाले गैसीय उत्सर्जन की वजह से कार्बन डायआक्साइड में बढ़ोतरी हो रही है। जंगलों का बड़ी संख्या में हो रहा विनाश इसकी दूसरी वजह है। जंगल कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित करते हैं, लेकिन जंगलों की बेतहाशा कटाई से यह प्राकृतिक नियंत्रक भी हमारे हाथ से छूटता जा रहा है। इसकी एक अन्य वजह सीएफसी है जो रेफ्रीजरेटर्स, अग्निशामक दमकल यंत्रों इत्यादि में इस्तेमाल की जाती है। यह धरती के ऊपर बने एक प्राकृतिक आवरण ओजोन परत को नष्ट करने का काम करती है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली घातक पराबैंगनी किरणों को धरती पर आने से रोकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस ओजोन परत में एक बड़ा छिद्र हो चुका है जिससे पराबैंगनी किरणें सीधे धरती पर पहुंच रही हैं और इस तरह से उसे लगातार गर्म बना रही हैं। आशंका यही जताई जा रही है कि आने वाले समय में ग्लोबल वार्मिंग में और बढ़ोतरी ही होगी। ग्लोबल वार्मिंग को लेकर कई दशकों से वैज्ञानिक चिंता जाहिर कर रहे थे, लेकिन सरकार और आम जनता दोनों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस साल मार्च से ही भीषण गर्मी शुरू हो गई थी। अब तो भारत के ही कई शहरों में पारा 50 डिग्री के आसपास है। माना जा रहा है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही पशु-पक्षी और वनस्पतियां धीरे-धीरे उत्तरी और पहाड़ी इलाकों की ओर प्रस्थान करेंगे, लेकिन इस प्रक्रिया में कुछ अपना अस्तित्व ही खो देंगे।इस बीच एक और चिंताजनक खबर सामने आई है। इसमें कोई शक नहीं है कि गर्मी बढ़ने से ठंड भगाने के लिए इस्तेमाल में लाई जाने वाली ऊर्जा की खपत में कमी होगी, लेकिन इसकी पूर्ति एयर कंडिशनिंग में हो जाएगी। घरों को ठंडा करने के लिए भारी मात्रा में बिजली का इस्तेमाल करना होगा। बिजली का उपयोग बढ़ेगा तो उससे भी ग्लोबल वार्मिंग में इजाफा ही होगा। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपटा जा सकता है। बशर्ते इसके लिए हमें कई प्रयास करने होंगे। इसके तहत हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को कम करना होगा। सोलर सिस्टम भी वातावरण को उष्मा दे रहे हैं। अनुसंधान बता रहे हैं कि जिन शहरों में सोलर सिस्टम अधिक हैं, वहां का तापमान तुलनात्मक एक से दो सेल्सियस बढ़ जाता है। यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। हम सभी भी पेट्रोल, डीजल और बिजली का उपयोग कम करके हानिकारक गैसों को कम कर सकते हैं। जंगलों की कटाई को रोकना होगा। हम सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। इससे भी ग्लोबल वार्मिंग के असर को किया जा सकता है। तकनीक का विकास कर हमें ऐसे रेफ्रीजरेटर्स बनाने होंगे जो सीएफसी का उपयोग न करें। अब भी नहीं जागे तो बहुत देर हो जाएगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है



संकलित
**दर्शन**

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

## समस्याएं आती-जाती रहेंगी, रुकना नहीं चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### मजबूत पंचायत, विकसित गांव

भारत को गांवों का देश कहा जाता है। आज भी देश की एक बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है और गांवों का विकास ही देश के समग्र विकास की पहचान माना जाता है। जब गांव मजबूत होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा। गांवों के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी पंचायती राज व्यवस्था है। पंचायत केवल एक प्रशासनिक संस्था नहीं, बल्कि लोकतंत्र की वह मजबूत नींव है, जिसके सहारे गांव की समस्याओं का समाधान, विकास योजनाओं का संचालन और जनता की आवाज़ को शासन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इसलिए कहा जाता है कि 'मजबूत पंचायत, विकसित गांव–हर वोट है देश की शान।' यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। इसलिए मतदान बहुत जरूरी है। *– धर्मपाल छिकारा, बरोदा*

## ट्रेंड

### दिवंगत आत्मा को नमन



उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता भुवन चंद्र खंडूरी का निधन उत्तराखंड और भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने पवित्र चरणों में स्थान दें।
**-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### भयंकर आर्थिक तूफान



हमारे सिर पर एक भयंकर आर्थिक तूफान मंडरा रहा है। 12 वर्षों में, मोदी जी ने जो ढांचा खड़ा किया, वह केवल अडानी और अंबानी के लिए था। और अब, वही ढांचा ढहने वाला है। इसका असर युवाओं, गरीबों, मध्यम वर्ग, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों पर ही पड़ेगा।
**-राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### सहयोग शिविर



प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को सभी पंचायतों में 'सहयोग शिविर' आयोजित किए जाएंगे, जहां लोग अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान पा सकेंगे। जनसेवा, समस्याओं का समाधान और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता प्राथमिकताएं हैं।
**- सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार


### गंभीरता से जांच हो



उत्तर प्रदेश की बेटी और मध्य प्रदेश के भोपाल में दहेज हत्या का मामला, इस घटना की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और पीड़ित पक्ष को न्याय मिलना चाहिए। जब दोनों राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, तो कार्रवाई न करने का क्या कारण है?
**- अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर


### चिनफिंग ने 'थ्यूसाइडिडेस ट्रैप' से ट्रंप को किया आगाह



चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 15 मई को डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई शिखर वार्ता के दौरान ईसा-पूर्व पांचवीं शताब्दी के यूनानी इतिहासकार थ्यूसाइडिडेस का उल्लेख करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति को परोक्ष रूप से चेतावनी दी। शी ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा, "दुनिया एक नए मोड़ पर आ खड़ी हुई है। क्या चीन और अमेरिका तथाकथित 'थ्यूसाइडिडेस ट्रैप' से ऊपर उठकर महाशक्तियों के संबंधों का नया प्रतिमान विकसित कर सकते हैं?" इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति में थ्यूसाइडिडेस का उल्लेख खूब हुआ है। जनवरी में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 'मेलियन डायलॉग' की प्रसिद्ध पंक्ति –शक्तिशाली वही करते हैं जो कर सकते हैं और कमजोर वही सहते हैं जो उन्हें सहना पड़ता है– का हवाला देते हुए नियम–आधारित वैश्विक व्यवस्था के कमजोर पड़ने की चेतावनी दी थी। अन्य टिप्पणीकारों ने वेनेजुएला और ईरान में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों का वर्णन करने के लिए भी इस उद्धरण का इस्तेमाल किया, कुछ ने समर्थन में और कुछ ने आलोचना के तौर पर। हालांकि, शी ने थ्यूसाइडिडेस के उस विश्लेषण की ओर ध्यान दिलाया, जिसमें उन्होंने एथेंस और स्पार्टा के बीच हुए पेलोपोनेसियन युद्ध का सबसे वास्तविक कारण बताया था।

## ऑफ बीट

### आम पकने के पहले ही क्यों गिर जाते हैं



ऑस्ट्रेलिया में हर मौसम में आम उत्पादकों को उस समय भारी नुकसान होता है, जब पेड़ों से बड़ी संख्या में फल पकने से पहले ही गिर जाते हैं। शोध में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तनाव के दौरान पेड़ों में हार्मोनल असंतुलन और कार्बोहाइड्रेट की कमी पैदा हो जाती है। फल के विकास के लिए आवश्यक शर्करा की आपूर्ति बाधित होने पर पेड़ अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और फल गिर जाता है। शोधकर्ताओं ने इसे एक आणविक "क्विट सिग्नल" बताया है, जो पेड़ को फल का साथ छोड़ने का संदेश देता है। यह संकेत जीन गतिविधि और हार्मोनल संकेतों के जटिल नेटवर्क से जुड़ा है। इस प्रक्रिया को समझने के लिए वैज्ञानिक आम के डंठल (पेडिसल) के ऊतकों में जीन गतिविधियों का अध्ययन कर रहे हैं, जहां पेड़ और फल के बीच पोषक तत्वों और संकेतों का आदान-प्रदान होता है। फल झड़ने की समस्या के लिए शोध में पौध वृद्धि नियामकों (प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर्स) के उपयोग को एक प्रभावी उपाय बताया गया है। ये हार्मोन के कृत्रिम रूप होते हैं, जो तनाव की स्थिति में पेड़ों में संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। परीक्षणों में पाया गया कि फूल आने के शुरुआती चरण में इनका प्रयोग अधिक प्रभावी रहा, जिससे पैदावार में 17 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# संस्थानों को विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना चाहिएः राज्यपाल पटेल

*जूनियर और युवक रेडक्रॉस शाखा की समीक्षा बैठक में शामिल हुए मंगूभाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि रेडक्रॉस के सिद्धांत बच्चों में सेवा, सद्भाव, करूणा और संवेदनशीलता विकसित करते हैं। उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। उनका सर्वांगीण विकास कर, उन्हें आदर्श नागरिक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए सक्षम पीढ़ी के निर्माण के लिए शैक्षणिक संस्थानों की ओर से विद्यार्थियों में रेडक्रॉस की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सभी शिक्षण संस्थानों को हर विद्यार्थी को रेडक्रॉस से जोड़ने की ज़िम्मेदारी उठाना चाहिए।

राज्यपाल पटेल सोमवार को रेडक्रॉस की मप्र राज्य शाखा इकाई की ओर से आयोजित जूनियर रेडक्रॉस एवं युवक रेडक्रॉस शाखा की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक का आयोजन होटल पलाश रेसीडेंसी में किया गया। राज्यपाल ने ईंधन बचत के दृष्टिगत अपने कारकेड के वाहनों की संख्या को आधा कर दिया है।

▶▶ विद्यार्थियों को रेडक्रॉस के सिद्धांतों से करें संस्कारित

▶▶ राज्यपाल पटेल ने ईंधन बचत के लिए अपने कारकेड को किया आधा



बैठक में मंत्रियों और पदाधिकारियों से चर्चा करते राज्यपाल पटेल।

### सफलताओं के दबाव और तनाव प्रबंधन से निपटने का हुनर सिखाएं

राज्यपाल पटेल ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान, बच्चों में ज्ञान और संस्कार को प्रदान करने वाली सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। संस्थानों को विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए। उन्हें समसामयिक चुनौतियों और जीवन की प्रतिस्पर्धाओं के लिए जुझारू बनाएं। सफलताओं के दबाव और तनाव प्रबंधन से निपटने का हुनर सिखाएं।

### वार्षिक गतिविधियों का कैलेंडर अनुसार नियमित आयोजन करें

राज्यपाल पटेल ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान, प्रदेश और जिला रेडक्रास इकाईयों के साथ सक्रिय समन्वय करें। उन्होंने देश के अन्य राज्यों में रेडक्रॉस के नवाचारों का अध्ययन कर प्रदेश की परिस्थिति के अनुरूप समावेश करने की बात कही। राज्यपाल पटेल ने जूनियर और युवक रेडक्रॉस के लिए गठित समिति को शीघ्र कार्य प्रारंभ के निर्देश दिए। पटेल का चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे ने स्वागत किया।

### सेनेटरी नैपकिन से कमजोर वर्ग की महिलाओं को विशेष लाभ मिलेगा

बैठक में जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. विजय शाह ने रेडक्रॉस के माध्यम से ब्लॉक और पंचायत स्तर पर सेनेटरी नैपकिन को कम दाम पर उपलब्ध कराने पर विचार के लिए कहा है।

### रेडक्रॉस के पंजीयन, सदस्यता प्रक्रियाओं के लिए सक्रिय समन्वय की जरूरत

उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में जूनियर और युवक रेडक्रॉस की गतिविधियों के सतत आयोजन की बात कहीं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूल स्तर पर जूनियर और युवक रेडक्रॉस के पंजीयन, सदस्यता आदि प्रक्रियाओं के लिए सक्रिय समन्वय की आवश्यकता बताई।

### राज्यपाल 4 कारकेड वाहनों के साथ पहुंचे

राज्यपाल पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर अपने कारकेड के वाहनों की संख्या आधी कर दी है। राज्यपाल पटेल सोमवार को जूनियर और युवक रेडक्रॉस की बैठक में शामिल होने के लिए केवल 4 वाहनों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। विदित हो कि राज्यपाल के कारकेड में 8 वाहन शामिल रहते थे।

## खबर संक्षेप

### राज्य वित्त आयोग 20-21 को ग्वालियर व चंबल में

**भोपाल।** छठवां राज्य वित्त आयोग 20 एवं 21 मई को ग्वालियर एवं चंबल संभाग के दौरे पर रहेगा। इस दौरान आयोग स्थानीय स्वशासी संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा आर्थिक स्वावलंबन के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से सुझाव प्राप्त करेगा। आयोग की टीम 21 मई को मुरैना में चंबल संभाग के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। आयोग की टीम केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए औचक निरीक्षण भी करेगी। आयोग की टीम 19 मई की शाम ग्वालियर पहुंचेगी। आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया, सदस्य केके सिंह तथा सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार 20 मई को ग्वालियर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

### वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**भोपाल।** पंचायतों एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग से पुनरीक्षण कार्यक्रम के पर्यवेक्षण के लिए प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को होगा। आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि जिला इंदौर के लिए डीपी तिवारी, आगर-मालवा के लिए कृष्ण मोहन गौतम, बैतूल के लिए एसपीएस सलूजा, मऊगंज के लिए एके सिंह, डिण्डोरी के लिए शैलेन्द्र कियावत, शहडोल के लिए नीरज दुबे, हरदा के लिए डीडी अग्रवाल, अनूपपुर के लिए नरेन्द्र सिंह परमार, निवाड़ी के लिए डॉ. श्रीकांत पाण्डे, ग्वालियर के लिए अरुण तोमर, सीधी के लिए एसएन रूपला, नर्मदापुरम के लिए निसार अहमद, रीवा के लिए अरुण पाण्डे और रायसेन के लिए शशि भूषण सिंह को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। ये सभी प्रेक्षक सेनि भाप्रसे के अधिकारी हैं।

### सूबेदार, उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के रिजल्ट घोषित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने सूबेदार एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 की मुख्य परीक्षा (द्वितीय चरण) का परिणाम घोषित कर दिया है। परिणाम मंडल की आधिकारिक वेबसाइट ईएसबी मध्यप्रदेश पर उपलब्ध है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 500 सीधी भर्ती पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा के परिणाम के आधार पर कुल 1639 अभ्यर्थियों का चयन अगले चरण के लिए किया गया है। इनमें 473 महिला और 1166 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 29 अप्रैल 2026 तक भोपाल, जबलपुर, सागर और सीधी में सूबेदार एवं उप निरीक्षक संवर्ग की मुख्य परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा प्रक्रिया निर्धारित नियमों और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। इसके बाद आयोजित मुख्य परीक्षा में हुए सफल अभ्यर्थियों को अब शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी), शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी), साक्षात्कार एवं दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया से गुजरना होगा। इसके बाद उन्हें पदों पर नियुक्त किया जाएगा।

## वाहनों का काफिला निकालने पर रेखा और वीरेंद्र से जवाब-तलब...

# दी सफाई, कहा-सड़क पर चलने वाले वाहनों को भी दिखा दिया हमारे साथ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकार और संगठन द्वारा तलब किए जाने पर भोपाल पहुंचे महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव और सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल से सवाल जवाब हुए। इन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल का संयमित उपयोग करने की गई अपील को दरकिनार कर स्वागत रैलियां निकाली थीं। ऐसा करने वाले निगम-मंडल, प्राधिकरण और आयोग के नवनियुक्त पदाधिकारियों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा संगठन गंभीर है। इसके तहत भिंड किसान मोर्चा नविनियुक्ति जिलाध्यक्ष को पद से हटाया जा चुका है।

पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह के सारे अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। अपील को दरकिनार कर वाहनों का काफिला निकालने वाले अन्य पदाधिकारियों को भी नोटिस जारी कर भोपाल तलब किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेखा यादव और वीरेंद्र गोयल से कहा कि कम से कम प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रव्यापी अपील का तो स्वतः पालन करना चाहिए था।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, राष्ट्रव्यापी अपील का तो स्वतः करें पालन**


गोयल, यादव से चर्चा करते डॉ. यादव, खंडेलवाल एवं डॉ. सिंह।

### रेखा, वीरेंद्र ने दी लगभग एक जैसी सफाई

वाहनों के काफिले को लेकर रेखा यादव और वीरेंद्र गोयल की सफाई लगभग एक जैसी थी। रेखा ने कहा कि मेरा आयोग की तरफ से कार्यक्रम बना था। मैंने सागर में वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। इसके बाद छतरपुर जिले के मंदिरों के दर्शन करते हुए जाने का कार्यक्रम था। रास्ते में लोगों ने स्वागत के लिए रोका तो हम रुके। इस दौरान सड़क पर चलने वाले वाहनों को हमारे काफिले में दिखा दिया गया। उन्होंने कहा कि मैं तो खुद ईवी कार से छतरपुर जिले में गई हूं। रैली निकालने का कोई कार्यक्रम ही नहीं था। वीरेंद्र ने भी कहा कि मेरे स्वागत समारोह में गिनी-चुनी गाड़ियां थीं, लेकिन कुछ लोगों ने सड़क से गुजरने वाले वाहनों को भी मेरे साथ रैली में शामिल बताकर वीडियो वायरल कर दिए।

### आदेश का इंतजार किए बगैर करना था पालन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यदि राष्ट्रव्यापी अपील की है तो हम सबको उसका बिना किसी आदेश-निर्देश का इंतजार किए स्वतः पालन करना शुरु कर देना चाहिए।

## स्वास्थ्य विभाग एवं सेवांकुर भारत प्रकल्प के बीच एमओयू

# चिकित्सा व्यवसाय नहीं, मानव सेवा का है माध्यमः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मरीज की चिकित्सा सिर्फ एक व्यवसाय नहीं, यह मानव सेवा का एक माध्यम है। हमें ऐसे चिकित्सक तैयार करने हैं, जो मानव सेवा और मरीज की सेवा के लिए तत्पर हो। यह संस्था हृदय शल्य चिकित्सा, आईवीएफ, नवजात शिशु देखभाल, एमआरआई एवं कैथ लैब जैसी उन्नत सुविधाओं के साथ-साथ संस्था महिला एवं बाल विकास, टीकाकरण अभियान, जन स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित एक समझौता ज्ञापन बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की मौजूदगी में राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग तथा सेवांकुर भारत, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान, छत्रपति संभाजी नगर (महाराष्ट्र) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश को सेवा प्रधान स्वास्थ्य नेतृत्व का मॉडल राज्य बनाना है।


एमओयू के दौरान सीएम डॉ. मोहन, डिप्टी सीएम शुक्ल व महाराष्ट्र का दल।

### अनुभव साझा सत्र एवं व्यक्तित्व विकास शिविर भी

एमओयू का मुख्य लक्ष्य सेवा-प्रधान डॉक्टरों की ऐसी पीढ़ी तैयार करना है, जो व्यवसायिक ही नहीं, समाज में परिवर्तन के वाहक भी बनें। यह एमओयू अनुभव-आधारित शिक्षण व मूल्य-आधारित नेतृत्व विकास अर्थात सेवा के जरिए सीखने के सिद्धांत पर आधारित है। इसमें एक सप्ताह देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 300 प्रतिभागियों को छत्रपति संभाजीनगर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहभागिता के लिए अनुभव साझा सत्र एवं व्यक्तित्व विकास शिविर भी किए जाएं।

### संस्था ने 70 लाख जरूरतमंद रोगियों की सेवा की

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान की स्थापना वर्ष 1989 में समाज के प्रति समर्पित चिकित्सकों की ओर से की गई थी। पिछले तीन दशकों में संस्था ने 70 लाख से अधिक वंचित एवं जरूरतमंद रोगियों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं करुणामय चिकित्सा सेवा प्रदान की है। संस्था का केंद्र बिंदु डॉ. हेडगेवार रुग्णालय, छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) है, जो सेवाभाव एवं व्यावसायिक, उत्कृष्टता के साथ आम जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। 46 परियोजनाओं का प्रतिष्ठान संचालन कर रहा है।

# वाट्सएप चैटबॉट सोलर चाचा एवं मेरा सोलर-बड़ा होनहार अभियान प्रारंभ

*ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा विभाग के साथ मिलकर करें कार्यः तोमर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए सोलर एनर्जी का इस्तेमाल आज की महती आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा विभाग के साथ मिलकर कार्य करने को कहा। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये सभी बैंकर्स और सोलर एनर्जी सेक्टर में कार्य करने वाले वेंडर्स से समन्वय पूर्वक कार्य करने का आग्रह किया।

ऊर्जा मंत्री तोमर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वाट्सएप चेटबॉट, 'सोलर चाचा' और 'मेरा सोलर-बड़ा होनहार' प्रचार अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।


उत्कृष्ट कार्य करने वाली एजेंसियों को सम्मानित करते मंत्री तोमर व शुक्ल।

### जितना अधिक प्रचार-प्रसार होगा, उतना ज्यादा लाभ

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत प्रारंभ किए गए चेटबॉट और प्रचार अभियान से निश्चित की जनता लाभान्वित होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जितना अधिक प्रचार-प्रसार होगा, उतना ज्यादा लाभ जनता को भी मिलेगा। इससे अप्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। मंत्री तोमर ने कहा कि प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ आम नागरिकों को आर्थिक लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों के उपयोग से अब योजना संबंधी जानकारी आमजन तक और अधिक सरलता एवं त्वरित रूप से पहुंचाई जा सकेगी।

## हर जिले में बनाई जाएंगी नई समितियां, प्रभारी करेंगे नियमित बैठकें

# निकाय-पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस जिला समन्वय समितियों का किया जाएगा पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों की तैयारियां तेज हो गई हैं। एक ओर निर्वाचन आयोग चुनावी तैयारियों में जुटा है, वहीं कांग्रेस ने भी संगठन स्तर पर सक्रियता बढ़ा दी है। पार्टी ने जिला स्तर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय बनाने के लिए जिला समन्वय समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से सभी जिलों में समन्वय समितियों के गठन के निर्देश जारी किए गए हैं। इन समितियों का उद्देश्य संगठन के भीतर आपसी तालमेल मजबूत करना और चुनावी तैयारियों को गति देना है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक प्रत्येक जिले में जल्द नई समिति गठित कर उसकी जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजी जाएगी।

### जिला प्रभारी करेंगे बैठकें

पार्टी ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक जिले में समिति की नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी। जिला प्रभारी इन बैठकों की अध्यक्षता करेंगे और संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। बैठकों में चुनावी रणनीति, बूथ स्तर की तैयारी और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

### नाम,नंबर सहित सूची भेजने के निर्देश

प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला प्रभारियों और जिला-शहर कांग्रेस कमेटियों को निर्देश दिए हैं कि समिति में शामिल किए जाने वाले सदस्यों की विस्तृत सूची तैयार की जाए। सूची में नाम, पद और मोबाइल नंबर शामिल करने को कहा गया है, ताकि प्रदेश स्तर पर समन्वय मजबूत किया जा सके। कांग्रेस का मानना है कि निकाय और पंचायत चुनावों से पहले संगठनात्मक एकजुटता और स्थानीय स्तर पर सक्रियता बढ़ाना जरूरी है। इसी रणनीति के तहत समितियों के पुनर्गठन को अहम कदम माना जा रहा है।

### इन नेताओं को मिलेगी समिति में जगह

जिला समन्वय समितियों में जिला प्रभारी, जिला-शहर कांग्रेस अध्यक्ष, जिला संगठन महासचिव, वर्तमान सांसद-विधायक, पूर्व सांसद-विधायक, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि, लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशी, महापौर, पूर्व महापौर, निगम और नगर पालिका अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष, मीडिया विभाग से जुड़े पदाधिकारी और जिले से संबंधित प्रदेश कांग्रेस के मनोनीत सदस्य भी हिस्सा होंगे।

### भिलाई में शराबी युवकों का उत्पात, चौकीदार को कुचलने की कोशिश

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के सुबह करीब चार बजे शराब के नशे में धुत स्कार्पियो सवार पांच युवकों ने जमकर हंगामा किया। आरोपियों ने नेशनल हाईवे फ्लाई ओवर से लगी सर्विस लेन में खड़ी कई गाड़ियों को टक्कर मार दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, स्कार्पियो की तेज रफ्तार ठोकर से सर्विस लेन में खड़ी करीब 10 गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई वाहनों के हिस्से टूट गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। घटना के दौरान वाहनों की निगरानी कर रहे चौकीदार ने जब युवकों को रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी वाहन से कुचलने की कोशिश की। हालांकि चौकीदार किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। सुपेला पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्कार्पियो सवार पांचों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

## ड्राइवर पर किया हमला, वन विभाग अलर्ट

# छत्तीसगढ़ के मरवाही के जंगल में दिखा दुर्लभ सफेद भालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा

मरवाही वनमंडल के जंगलों में इन दिनों एक दुर्लभ एल्बिनो (सफेद) भालू दिखाई देने से इलाके में कौतूहल और दहशत दोनों का माहौल है। आमादांड गांव के आसपास ग्रामीणों ने सफेद रंग के भालू को देखा, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग उसे देखने और मोबाइल से सेल्फी व वीडियो बनाने पहुंच रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, सफेद भालू ने स्थानीय निवासी लल्लू ड्राइवर पर अचानक हमला कर दिया। इस हमले में उसके हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

### यह कोई अलग प्रजाति नहींः वन्यजीव विशेषज्ञ



वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक यह कोई अलग प्रजाति नहीं, बल्कि जीन संबंधी परिवर्तन के कारण उत्पन्न एल्बिनिज्म का मामला है। इस स्थिति में शरीर में रंग बनाने वाला पिगमेंट कम या पूरी तरह अनुपस्थित हो जाता है, जिससे जानवर का रंग सफेद दिखाई देता है। घटना के बाद वन विभाग अलर्ट मोड पर है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जंगल की ओर अकेले न जाने और वन्यजीवों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। वन अमला लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रहा है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**सफेद रंग का भालू पहली बार देखा गया**

ग्रामीणों का कहना है कि काले भालुओं के बीच पूरी तरह सफेद रंग का भालू पहली बार देखा गया है। इसे देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं। हालांकि वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और भालू के करीब न जाने की अपील की है।

## कई शहरों में चोरियां, 63.50 लाख का सोना-कैश बरामद

# फेरीवाले बनकर कॉलोनियों में करते थे रेकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई और दुर्ग क्षेत्र में लगातार हो रही दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं का दुर्ग पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मेरठ, उत्तरप्रदेश से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से करीब 400 ग्राम सोना, 3 लाख 50 हजार रुपये नकद समेत कुल 63 लाख 50 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरोह ने दुर्ग-भिलाई के अलावा नवा रायपुर, बिलासपुर और जबलपुर में भी चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है।

### तकनीकी जांच और सीसीटीवी से मिला सुराग

पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर और दुर्ग क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया गया। थाना सुपेला और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने मामले की जांच शुरू की। टीम मेरठ और दिल्ली रवाना हुई। मेरठ पहुंचकर पुलिस ने हासीम खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

### फेरीवाले बनकर करते थे रेकी

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बिलासपुर से एक एक्टिवा वाहन खरीदा था, जिसका इस्तेमाल दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में रेकी करने के लिए किया जाता था। गिरोह के सदस्य फेरीवाले बनकर कॉलोनियों में घूमते थे और कपड़े तथा गलीचे बेचने का बहाना बनाकर सूने मकानों की पहचान करते थे। पुलिस के मुताबिक, बाहर ताला लगे मकानों को चिन्हित करने के बाद गिरोह वारदात को अंजाम देता था।

### मेरठ के ज्वेलर्स को बेचते थे चोरी का सोना

पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि चोरी का सोना मेरठ के सलीम ज्वेलर्स को बेचा जाता था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ज्वेलरी दुकान संचालक सलीम खान को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

*‘भारत पर दुनिया क्यों भरोसा करे, क्या भारत में मानवाधिकार उल्लंघन बंद होंगे, दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस के सवालों का जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या प्रधानमंत्री मोदी मीडिया के मुश्किल सवालों का जवाब देना शुरू करेंगे’? यह वो चंद सवाल हैं, जिन्हें नार्वे के एक प्रमुख समाचार पत्र ‘डॉग्स विसन’ की एक महिला पत्रकार हेले लिंग बीते सोमवार को ओस्लो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेहद आक्रामकता के साथ पूछना चाह रही थी।*

# ‘जाओ कोर्ट जाओ’ भारत एक देश नहीं, पांच हजार साल पुरानी सभ्यता

## नार्वे की पत्रकार की भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली

पीएम ने नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य देने के बाद ही अपनी बात को समाप्त कर दिया और वह कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल गए। जिससे झल्लाई लिंग ने कहा, पीएम मोदी ने मेरा सवाल नहीं लिया, इसकी मुझे उम्मीद नहीं थी। नार्वे प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में दुनिया में शीर्ष स्थान पर काबिज है। जबकि भारत इस मामले में 157 वें स्थान पर है।



**भारत में बवाल, आई लिंग की सफाई :** उधर, भारत में भी इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर खूब बवाल मचा। कई यूजर्स ने हेले लिंग को ट्रोल भी किया। मामले पर विवाद बढ़ता देख हेले ने एक और वीडियो अपलोड करते हुए अपनी ओर से सफाई देते हुए कहा कि मैं, किसी विदेशी सरकार की जासूस नहीं हूं। मेरा काम सिर्फ और सिर्फ पत्रकारिता करने का है। जिसमें कई बार टकराव होते हैं। लेकिन हमें पहले से तैयार किए गए जवाबों पर संतोष करने के बजाय कई बार सच्चे, स्पष्ट जवाब मांगने चाहिए।

### भारतीय अफसरों से भी सवाल पूछने के बहाने भिड़ गई

पीएम मोदी से सवाल पूछने के बाद, आयोजित की गई विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में भी हेले ने अपना यही रुख कायम रखा और वो मंत्रालय के अधिकारियों से सवाल पूछने के बहाने भिड़ गई। लेकिन उनके हाथ केवल निराशा ही लगी। नार्वे की इस पत्रकार ने सोशल मीडिया में एक वीडियो शेयर किया था। जिसे टैग करते हुए विदेश मंत्रालय ने उन्हें मीडिया ब्रीफिंग में बुलाया था। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों पांच देशों की विदेश यात्रा पर हैं। जिसका चौथा पड़ाव नार्वे है। इससे पहले वह नीदरलैंड में थे और वहां पर भी उन्होंने संबंधित देश के राष्ट्राध्यक्ष के साथ उच्च-स्तरीय बैठक के बाद केवल साझा प्रेस बयान तक ही अपने आप को सीमित रखा था। नीदरलैंड की प्रेस ने भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मीडिया के सवाल न लेने के मुद्दे को उठाया था।

### इसलिए भरोसेमंद देश है भारत

हेले के तमाम सवालों का तस्सली के साथ जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने कहा कि भारत सिर्फ एक देश नहीं बल्कि पांच हजार साल पुरानी सभ्यता है। जो लगातार बनी हुई है। दुनिया में किसी देश विशेष की पहचान उसके क्षेत्र, जनसंख्या, संप्रभुता और सरकार के आधार पर की जाती है। भारत अपने इन सभी मूल्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने वैश्विक कोरोना महामारी का जिक्र करते हुए कहा कि उस मुश्किल दौर में भी भारत ही था। जो कहीं भागा नहीं था और उसने आगे बढ़कर जरूरतमंद देशों को मदद प्रदान की थी। हमारा यही भरोसा विश्व को हम पर विश्वास करना सिखाता है। दुनिया की आबादी का छठा भाग भारत ही है। लेकिन अगर हम वैश्विक समस्याओं को देखें तो इन्हें लेकर हमारी भागीदारी छठे भाग के रूप में नहीं है।

### सवाल पूछने वाला तय नहीं करेगा जवाब

जॉर्ज के जवाब देते वक्त भी नार्वे की पत्रकार ने तल्ख लहजे में फिर से अपने तमाम सवालों की बौछार उन पर शुरू कर दी। जिस पर सख्त लहजे के साथ उन्हें बीच में टोकते हुए मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस विदेश यात्रा से संबंधित जानकारी देने का दायित्व मेरा है, जिसे मैं नियमित रूप से पूरा कर रहा हूं। आप मुझे बीच में मत टोकिए, मैं इस मीडिया ब्रीफिंग में भी अपना काम कर रहा हूं। आपको बतौर पत्रकार के रूप में सवाल पूछने का अधिकार है। जो कि आपने किया, लेकिन उसका जवाब किस तरह से दिया जाएगा। यह आप तय नहीं करेंगी। इसके बाद जॉर्ज ने कहा, हमारे देश में समानता का अधिकार लागू है। जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को अधिकार मिले हैं। अगर किसी के अधिकारों का हनन होता है तो उसके सामने अदालत जाने का विकल्प खुला हुआ है। हमें अपने लोकतंत्र पर गर्व है।

---

**खबर संक्षेप**

### ट्रंप के हाथ में है मोदी का ‘रिमोट कंट्रोल’ : राहुल



**रायबरेली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता (कांग्रेस) राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए मंगलवार को दावा किया कि मोदी का ‘रिमोट कंट्रोल’ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास है। रायबरेली और अमेठी के अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन गांधी ने प्रधानमंत्री पर तंज करते हुए कहा कि मोदी देश के किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों से इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने को कहते हैं जबकि लोगों को नौकरी और खाना तक भी नहीं मिल पा रहा है।

### एनजीटी समेत सभी ट्रिब्यूनल के चीफ का कार्यकाल बढ़ा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी ट्रिब्यूनल अध्यक्षों, प्रेसिडेंटों और सदस्यों का कार्यकाल 8 सितंबर तक बढ़ा दिया। यह फैसला ट्रिब्यूनल के कामकाज को बिना किसी रुकावट के जारी रखने के लिए लिया गया है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने एक लंबित मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। इस मामले का जिक्र नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के सदस्य के संदर्भ में किया गया था, जिनका कार्यकाल जून में खत्म होने वाला है। उनका कार्यकाल भी 8 सितंबर तक बढ़ा दिया गया।

### कैब-डिलीवरी के लिए पेट्रोल डीजल गाड़ियों पर रोक



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने एक बहुत बड़ा और कड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई हरियाणा कैबिनेट की बैठक में ‘हरियाणा मोटर वाहन नियम, 1993’ में महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दी गई। इसके तहत अब गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत एनसीआर के इलाकों में एग्रीगेटर्स, डिलीवरी सर्विस देने वालों और ई-कॉमर्स कंपनियों के बेड़े में नई पेट्रोल या डीजल गाड़ियों को शामिल करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

---

## ईरानी संसद में लाया जा रहा है कानून

# ईरान ने दी ट्रंप और नेतन्याहू की ‘सुपारी’ हत्या करने वाले को मिलेगा 500 करोड़

*अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान का युद्ध बीते 80 दिनों से जारी है। भले ही दोनों देशों कर बीच सीजफायर लागू हुआ हो, लेकिन कभी भी जंग दोबारा भड़क सकती है। इसकी वजह है अमेरिका और ईरान की तरफ से जारी भड़काऊ बयानबाजी। कभी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को घड़ी की टिक टिक चलने की धमकी देते हैं, कभी ईरान अमेरिका को हार का तंज कस देता है। इस बीच अब ईरान एक ऐसा कदम उठाने जा रहा है जिससे अमेरिका और इजरायल दोनों का ही पारा हाई हो सकता है। ईरान अब डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को जान से मारने वालों को इनाम देने का घोषणा करने जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की संसद जल्द ही एक ऐसा कानून लाने जा रही है। इसके तहत ट्रंप और नेतन्याहू की हत्या करने वाले को 5 करोड़ यूरो यानी करीब 500 करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के अध्यक्ष इब्राहिम अजीजी ने बताया कि वे ‘इस्लामिक रिपब्लिक के सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्रवाई’ के नाम से एक बिल तैयार कर रहे हैं। इस बिल के पास होते ही ट्रंप, नेतन्याहू या अमेरिकी सेंट्रल कमांड के एडमिरल ब्रैड कूपर की हत्या करने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को सरकारी खजाने से भारी-भरकम इनामी राशि दी जाएगी।




### खुलेआम दी धमकी

वहीं ईरान की सुरक्षा समिति के एक अन्य सदस्य महमूद नबावियन ने खुलेआम धमकी भी दी है। उन्होंने एक बयान में कहा, ‘संसद जल्द ही उस बिल पर मुहर लगाएगी जो उन लोगों को इनाम देगा जो मिस्टर ट्रंप और नेतन्याहू को जहन्नुम भेजेंगे।’ उन्होंने आगे कहा, ‘अगर ईरान पर दोबारा सैन्य हमले हुए, तो हमारा जवाब इतना विनाशकारी होगा कि अमेरिका और इजरायल का वजूद खतरे में पड़ जाएगा।’ जानकारों की मानें तो यह कदम ईरान की पुरानी नीति से बिल्कुल अलग है। यह पहली बार है जब ईरान संसद में बकायदा कानून पास कर किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर इनाम घोषित कर रहा है।

### खामेनेई की मौत का बदला

गौरतलब है कि इससे पहले ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमलों में बीते मार्च महीने में इजरायल के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इस हमले में खामेनेई का लगभग पूरा परिवार खत्म हो गया और इजरायल में कोहराम मच गया। अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को देश का नया सुप्रीम लीडर चुना गया। इसके बाद से ईरान ने भी इजरायल सहित खाड़ी देशों पर मिसाइलें और ड्रोंस बरसाईं। अब ईरान अली खामेनेई की मौत का बदला मौत से लेना चाहता है।

### यह कहा ट्रंप ने

*इस बीच ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने ईरान पर मंगलवार को होने वाला हमला फिलहाल टाल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे गल्फ देशों के नेताओं ने बातचीत को मौका देने के लिए कुछ दिन का समय मांगा था। इधर, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के उपाध्यक्ष महमूद नबावियन ने चेतावनी दी कि अगर ईरान या उसके नेताओं पर फिर हमला हुआ तो जवाब सिर्फ अमेरिका और इजराइल तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि उन अरब देशों को भी निशाना बनाया जा सकता है जो अमेरिका और इजराइल के साथ खड़े हैं। बता दें, ईरान तनाव और समुद्री नाकेबंदी के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में करीब 1,500 कारोबारी जहाज फंसे हुए हैं। इन पर 20 हजार से ज्यादा नाविक मौजूद हैं। एक्सपर्ट्स ने मिसाइल और ड्रोन हमलों का खतरा बताया है।*

---

**सरकारी नियंत्रण की वैधता का मामला**

# फैसला बदला, हिंदू मंदिरों पर फिर शुरू होगी सुनवाई

## 2025 में दिए अपने पुराने आदेश को वापस ले लिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी याचिकाओं पर फिर से सुनवाई शुरू करने का फैसला किया है, जिनमें तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पुडुचेरी में हिंदू मंदिरों और धार्मिक बंदोबस्तियों के प्रशासन को नियंत्रित करने वाले कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सोमवार को किया। यह मामला स्वामी दयानंद सरस्वती बनाम तमिलनाडु राज्य का है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने अप्रैल, 2025 में दिए गए अपने पुराने आदेश को वापस ले लिया। इस आदेश में अदालत ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित हाई कोर्ट में जाने के लिए कहा था। अदालत के इस आदेश को चुनौती देने के लिए याचिका दायर की गई थी।



### 2012 से लंबित याचिकाएं

2012 से लंबित इन मुख्य याचिकाओं में- तमिलनाडु हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1959, आंध्र प्रदेश धर्मार्थ और हिंदू धार्मिक संस्थाएं और बंदोबस्ती अधिनियम, 1987, पुडुचेरी हिंदू धार्मिक संस्थाएं अधिनियम, 1972 और तेलंगाना हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1987 के प्रावधानों को चुनौती दी गई थी। याचिकाओं में जिन प्रावधानों को चुनौती दी गई है, वे आयुक्तों की शक्तियों, कार्यकारी अधिकारियों और ट्रस्टियों की नियुक्ति, मंदिर के के अकाउंट्स, सरप्लस फंड के इस्तेमाल, मंदिर की संपत्ति के हस्तांतरण और हिंदू धार्मिक संस्थानों पर राज्य के सुपरविजन से संबंधित हैं।

### याचिकाकर्ताओं का तर्क

याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में अदालत में तर्क दिया है कि ये प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 19 (पेशे की स्वतंत्रता), 25, 26 और 31ए का उल्लंघन करते हैं। अप्रैल 2025 के अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि याचिकाकर्ता संबंधित हाई कोर्ट्स का रुख कर सकते हैं क्योंकि अलग-अलग राज्यों के कानूनों की व्यवस्था अलग-अलग हो सकती है। बेंच ने कहा था कि जिन राज्यों में ये कानून लागू हैं, वहां के हाई कोर्ट अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में लागू कानूनों को चुनौती देने के मामले की बेहतर जांच कर सकते हैं।

---

**वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी**

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच एफटीए से घरेलू वाहन विनिर्माण को मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत में अधिक निवेश आकर्षित करने और देश में वाहन विनिर्माण को बढ़ावा देने में मददगार होगा। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। दोनों पक्षों ने 27 जनवरी को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की। यह समझौता अगले वर्ष से लागू होने की संभावना है। वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन ने कहा कि समझौते पर बातचीत के दौरान वाहन क्षेत्र एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र के रूप में सामने आया। इसकी वजह यह है कि भारत में आयात शुल्क अधिक है, लेकिन देश ने इस समझौते के माध्यम से उन चुनौतियों को अवसरों में बदल दिया है। जैन ने कहा कि भारत ने इस क्षेत्र में कोटा-आधारित, दीर्घकालिक समाधान प्रदान किए हैं ताकि यूरोपीय संघ को भी रियायतें मिलें और भारतीय उद्योग को पर्याप्त संरक्षण भी प्राप्त हो। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते पर उद्योग मंडल फिक्की के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ‘‘इससे भारत में अधिक निवेश होगा...। भारत में अधिक वाहनों का विनिर्माण होगा और तीसरे देशों को निर्यात बढ़ेगा। इस प्रकार भारत यूरोपीय संघ की मूल्य श्रृंखला में एकीकृत हो जाएगा।’’

**यूरोपीय कारों पर शुल्क धीरे-धीरे 10 फीसदी करने पर सहमति :** भारत द्वारा यूरोपीय संघ के साथ एफटीए के तहत आयातित यूरोपीय कारों पर शुल्क को 110 प्रतिशत से धीरे-धीरे घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति जताने के बाद, आयातित यूरोपीय कारों की कीमतों में व्यापक रूप से गिरावट आने का अनुमान है। यह शुल्क प्रति वर्ष 2.5 लाख वाहनों पर लागू होगा, जो ब्रिटेन को दिए जाने वाले शुल्क से छह गुना अधिक है।

### सात यूरोपीय देशों से अभी बातचीत जारी

जैन ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएसए) पर कहा कि भारत का पहले से ही समूह के 27 सदस्य देशों में से 14 देशों के साथ यह समझौता है। उन्होंने कहा, ‘‘हम इस बारे में सात यूरोपीय देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं और छह अन्य देशों के साथ समझौते की योजना बनाई जा रही है।’’

### सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरी राशि का योगदान से बचेंगे

ये समझौते यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में सीमित अवधि के लिए काम करने वाले भारतीय पेशेवरों को सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरी राशि का योगदान करने से बचाने में मदद करते हैं। ये समझौते इस लिहाज से महत्वपूर्ण हैं कि बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में काम कर रहे हैं। जैन ने कहा, ‘‘इनमें से कई लोग एक निश्चित अवधि के लिए काम करते हैं और कई बार जहां हमारे पास सामाजिक सुरक्षा सहायता योजना (एसएसए) नहीं होती है।

### 40 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते किए

भारत और सदस्य देशों में भी सामाजिक सुरक्षा में योगदान देना पड़ता है, लेकिन वे इसका लाभ नहीं उठा पाते। इसलिए हमने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौते करने के लिए एक सुगम व्यवस्था बनाई है।’’ जैन ने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ ने 70 देशों के साथ 40 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते किए हुए हैं, जिनसे भारतीय निर्यातकों को लाभ मिल सकता है।

---

### अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी, 5 की मौत

**सैन डिएगो।** अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी। दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है। मस्जिद के इमाम ताहा हस्साने ने बताया स्कूल के सभी शिक्षक और छात्र सुरक्षित हैं। फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन लोगों से मस्जिद से दूर रहने को कहा गया है। एहतियात के तौर पर सेंटर को पूरे दिन के लिए बंद कर दिया गया।

### टीएमसी के जहांगीर मैदान से हटने पर बंगाल सीएम बोले कोई और ऑप्शन भी नहीं था : शुभेंदु

बंगाल सीएम व भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने जहांगीर के चुनाव मैदान से पीछे हटने पर



कहा कि जहांगीर फाल्टा के चुनाव मैदान से भाग गया क्योंकि उसे कोई पोलिंग एजेंट नहीं मिल रहा था। उन्होंने दावा किया कि खान के पास चुनाव मैदान से हटने के अलावा कोई और ऑप्शन नहीं था। उन्होंने कहा, ‘उसके पास कोई और रास्ता नहीं था क्योंकि उसे कोई पोलिंग एजेंट नहीं मिलता, इसलिए उसने भागने का फैसला किया।’

---

## यूपीएससी के उम्मीदवारों को मिला बड़ा तोहफा, किया गया ऐतिहासिक बदलाव


# अब प्रीलिम्स एग्जाम के तुरंत बाद जारी होगी ऑसर-की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों उम्मीदवारों के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक बहुत बड़ी खुशखबरी दी है। आयोग ने परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और छात्र-अनुकूल बनाने के लिए एक ऐतिहासिक बदलाव का ऐलान किया है। नए नियम के मुताबिक, अब यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा संपन्न होने के तुरंत बाद ही आधिकारिक आंसर-की (ऑफिशियल ऑसर की) जारी कर दी जाएगी। अब तक के नियमों के अनुसार, यूपीएससी पूरे एग्जाम की प्रक्रिया (प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू) खत्म होने और फाइनल रिजल्ट आने के बाद ही प्रीलिम्स की आंसर-की जारी करता था। इस वजह से छात्रों को लंबा इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब यह इंतजार पूरी तरह खत्म हो गया है।

**खास बातें**

- मेन्स की तैयारी के लिए नहीं होगा अब कन्फ्यूजन
- पहले फाइनल रिजल्ट आने के बाद ही होती थी जारी




### अब अंकों का कर सकेंगे मिलान

पहले आंसर-की न होने के कारण बॉर्डर पर रहने वाले छात्र (जिन्हें अपने स्कोर को लेकर संदेह होता था) यह तय नहीं कर पाते थे कि उन्हें मुख्य परीक्षा (मेंस) की तैयारी शुरू करनी चाहिए या नहीं। अब तुरंत आंसर-की आने से छात्र अपने अंकों का सटीक मिलान कर सकेंगे और बिना समय गंवाए मेन्स की तैयारी में जुट सकेंगे।

### पारदर्शिता में होगा बड़ा सुधार

हाल के वर्षों में परीक्षा के तुरंत बाद आंसर-की जारी करने को लेकर छात्रों और विशेषज्ञों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। इस कदम से यूपीएससी की मूल्यांकन प्रक्रिया पर छात्रों का भरोसा और मजबूत होगा। अगर किसी प्रश्न के उत्तर को लेकर कोई आपत्ति होगी, तो उसे भी समय रहते सुलझाया जा सकेगा।

### कोचिंग सेंटर्स के दावों पर लगेगा लगाम

एग्जाम खत्म होते ही अलग-अलग कोचिंग सेंटर्स अपनी-अपनी आंसर-की जारी कर देते थे, जिनमें अक्सर काफी अंतर होता था। इससे उम्मीदवारों में भारी भ्रम पैदा हो जाता था। अब आधिकारिक आंसर-की तुरंत मिलने से छात्रों को सटीक और विश्वसनीय सोर्स मिल जाएगा।

### कब से लागू होगा नया नियम?

यूपीएससी के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यह नया नियम आगामी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा से ही लागू कर दिया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने के कुछ ही दिनों के भीतर आयोग अपनी आधिकारिक वेबसाइट यूपीएससी.जीओवी.इन पर प्रश्न पत्र के सभी सेट्स की आंसर-की अपलोड कर देगा, जहां से उम्मीदवार इसे आसानी से डाउनलोड कर सकेंगे।

---

# पाक-बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए सख्त हुए सीएए नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने नया नोटिफिकेशन जारी कर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए धार्मिक अल्पसंख्यक आवेदकों के लिए अतिरिक्त खुलासे अनिवार्य कर दिए। अब इन देशों से भारत आने वाले हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी समुदाय के लोगों को यह बताना होगा कि उनके पास इन देशों का कोई वैध या एक्सपायर्ड पासपोर्ट



है या नहीं। अगर पासपोर्ट है, तो उसकी पूरी जानकारी देनी होगी और भारतीय नागरिकता मिलने के 15 दिन के भीतर उसे सरेंडर भी करना पड़ेगा।

**सीएए का नया नियम :** नए नियमों के मुताबिक, हर आवेदक को शपथ पत्र के जरिए यह घोषित करना होगा कि उसके पास पाकिस्तान, बांग्लादेश या अफगानिस्तान सरकार की ओर से जारी कोई वैध या एक्सपायर्ड पासपोर्ट नहीं है। अगर किसी के पास ऐसा दस्तावेज है, तो उसे पासपोर्ट नंबर, जारी करने की जगह, जारी होने की तारीख और एक्सपायरी डेट जैसी पूरी जानकारी देनी होगी। इसके बाद नागरिकता मंजूर होने पर 15 दिनों के भीतर वह पासपोर्ट संबंधित देश के दूतावास या उचित प्राधिकरण के पास जमा करना होगा।

## खबर संक्षेप

### टाटा पावर और ड्रुक ग्रीन पावर ने किया समझौता

**मुंबई।** टाटा पावर, और भूटान की एकमात्र बिजली उत्पादन कंपनी, ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन ने कौशलों को सिखाने और सुधारने का एक बड़ा ढांचा तैयार करने के लिए भूटान के थिम्पू में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता एक व्यवस्थित ट्रेनिंग सिस्टम की नींव रखता है। इसका उद्देश्य एक ऐसा वर्कफोर्स तैयार करना है यह वर्कफोर्स दोनों कंपनियों की साझेदारी में बनने वाले क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए तुरंत और आगे आने वाले समय में काम आएगी।

### 19 भाषाओं में निःशुल्क एआई उपकरण किया लांच

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने जलवायु जानकारी और जल संसाधन आकलन को अधिक सुलभ एवं किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने भारतीय जलवायु सूचना अन्वेषक मंच पर वॉटरशेडएआई नामक एक क्रांतिकारी अनुप्रयोग लॉन्च किया है। आईआईटी मंडी की हिमालयी जलवायु प्रभाव अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा विकसित यह मंच बहुभाषी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर भारत के किसी भी जलग्रहण क्षेत्र का व्यापक जलवायु आकलन मात्र 3 से 8 मिनट के भीतर तैयार करता है।

### मोटो जी37 पावर सेगमेंट का पावरफुल स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने अपना नया मोटो जी37 पावर ,मोटो जी37 और मोटो बट्स 2 को लांच किया है। यह पावरफुल लाइनअप किफायती कीमत पर सेगमेंट की सबसे दमदार बैटरी और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी के साथ स्मार्टफोन को एक नया रूप देने के लिए तैयार किया गया है। स्मार्टफोन 25 मई 2026 से फ्लिपकार्ट, मोटोरोला डॉट इन और भारत भर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। इसकी प्रभावी लांच कीमत सिर्फ 13,999 रुपए रुपए से शुरू है।

### क्यू-लाइन बायोटेक का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** क्यू-लाइन बायोटेक लिमिटेड ने अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम 21 मई 2026 को खोलने का प्रस्ताव रखती है, जिसके माध्यम से ऊपरी प्राइस बैंड पर 214.48 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य है। कंपनी के शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। यह इश्यू 10रुपए फेस वैल्यू वाले 62,53,200 इक्विटी शेयरों का है, जिसका प्राइस बैंड 326 से 343रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह इश्यू गुरुवार 21 मई 2026 को खुलेगा और सोमवार, 25 मई 2026 को बंद होगा।

## महंगे पेट्रोल-डीजल से हाहाकार : फिर बढ़े डीजल-पेट्रोल के दाम, पंप संचालकों और ट्रांसपोर्टरों ने की मोहन सरकार से टैक्स घटाने की मांग

### पांच दिनों में दूसरी बार बढ़ोतरी होने से लोगों में नाराजगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित समूचे प्रदेश में पेट्रोल-डीजल का दाम बढ़ने से हाहाकार मचा हुआ है। ईंधन के बढ़ते दामों के चलते अब लोग पैनिक होने लगे हैं। पांच दिनों में दूसरी बार बढ़ोतरी होने से लोगों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का मानना है कि मिडिल ईस्ट में युद्ध करीब डेढ़ महीने पहले थम चुका है। ऐसे में दाम बढ़ाया जाना कतई ठीक नहीं है।

लोगों का यह भी कहना है कि कीमतों में बढ़ोतरी होने से उनके बजट पर असर पड़ता है। राजधानी भोपाल में पेट्रोल में 95 पैसे और डीजल में 93 पैसे की वृद्धि हुई है। इन बड़ी हुई कीमतों के बाद पेट्रोल 110 रुपए 95 पैसे जबकि डीजल 96 रुपए 9 पैसे पहुंच गया है। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह का कहना है कि टायर, इंजन पार्ट्स, ऑयल और अन्य स्पेयर पार्ट्स भी लगातार महंगे हो रहे हैं जिससे गाड़ी चलाने की कुल लागत बढ़ गई है।

**पेट्रोल 110 रुपए 95 पैसे और डीजल 96 रुपए 9 पैसे पहुंच गया**



### आम जनता पर असर पड़ेगा : अजय सिंह



पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर से हुई वृद्धि ने आम जनता और कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। पेट्रोल पंप संचालक और परिवहन संघों ने मोहन सरकार से तुरंत टैक्स में राहत देने की मांग की है। पंप संचालकों ने कहा कि लगातार बढ़ते ईंधन दामों के चलते उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि महंगी ईंधन कीमतों की वजह से माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है, जिससे उपभोक्ताओं तक सामान महंगा पहुंच रहा है। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने मोहन सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार कर टैक्स में घटाने की बात कही। उन्होंने कहाकि मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों की राज्य सरकारें अगर समय रहते राहत न दी, तो इससे मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में परिवहन लागत बढ़ने के साथ ही महंगाई पर भी दबाव बढ़ेगा। पेट्रोल पंप संचालक और परिवहन संघों ने मोहन सरकार से ईंधन पर लगने वाले टैक्स को कम करने की मांग की है।

### पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर ट्रांसपोर्ट सेक्टर चिंतित



राजेंद्र कपूर

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहा कि देश में 73 प्रतिशत से अधिक माल ढुलाई सड़क परिवहन के जरिए होती है। ऐसे में डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से ट्रांसपोर्ट लागत बढ़ रही है, जिसका असर अंततः महंगाई के रूप में आम उपभोक्ताओं, व्यापारियों और उद्योगों पर पड़ता है।


#### फल, सब्जी व दवाइयों पर असर



सीएल मुकाती

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस नई दिल्ली और आरटीओ एवं ट्रैफिक समिति चेयरमेन सीएल मुकाती ने कहा कि डीजल ट्रकों और मालवाहक वाहनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण ईंधन है तथा ट्रांसपोर्ट व्यवसाय कोई विलासिता का क्षेत्र नहीं, बल्कि एक आवश्यक सेवा है, जो देश की अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। ईंधन कीमतों में वृद्धि भी फल, सब्जी, दवाइयों, निर्माण सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की ढुलाई लागत बढ़ा देती है।

#### अतिरिक्त आर्थिक बोझ



हरीश डाबर

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस, नई दिल्ली के डारेक्टर हरीश डाबर ने कहा कि ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पहले से ही टोल टैक्स, महंगे स्पेयर पार्ट्स, बीमा प्रीमियम, फिटनेस, परमिट और अन्य परिचालन खर्चों के दबाव में काम कर रहा है। ऐसे में ईंधन मूल्य वृद्धि इस क्षेत्र पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है।

#### राहत प्रदान की जाए



कमल पंजबानी

हर्ष ट्रांसपोर्ट कंपनी के कमल पंजबानी ने केंद्र सरकार से अपील की कि ट्रांसपोर्ट सेक्टर को आवश्यक सेवा क्षेत्र मानते हुए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में राहत प्रदान की जाए।

## आज देशव्यापी हड़ताल : भोपाल में 4 हजार और मप्र की 40 हजार दवाइयों की दुकानें बंद

### देशभर में 8 लाख मेडिकल स्टोर्स की हड़ताल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

केमिस्ट, फार्मासिस्ट और दवा वितरकों का प्रतिनिधित्व करने वाले ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स द्वारा 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया गया है।

उक्त हड़ताल के समर्थन में बुधवार को राजधानी भोपाल के 4 हजार , मध्यप्रदेश के 40 हजार और देशभर में करीब 7-8 लाख मेडिकल स्टोर हैं, जो बंद रहेंगे। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि संस्था का आक्रोश मुख्यता दो नोटिफिकेशन- जीएसआर 220(ई) और जीएसआर 817(ई) को लेकर है। उनका कहना है कि सरकार को दोनों नोटिफिकेशन को तत्काल प्रभान से वापस लेना चाहिए, क्योंकि इन प्रावधानों की वजह से ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियां एक तरह के गैर कानूनी काम कर रही हैं। यानी इनके लिए ऐसा स्पष्ट और व्यापक कानून नहीं है, जो यह तय करें कि प्रिस्क्रिप्शन की जांच कैसे होगी, दवाइयां किस नियम के तहत दी जाएंगी और नियम उल्लंघन पर कैसे जवाबदेही तय होगी।




#### दवाओं की सप्लाई प्रभावित होगी

उन्होंने कहा कि इस हड़ताल से भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर के कई हिस्सों में दवाओं की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। धाकड़ ने कहा कि यह विरोध ई-फार्मेसी और इंस्टेंट मेडिसिन डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स के लिए बने नियमों में मौजूद खामियों की तरफ केंद्र सरकार का ध्यान खींचने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि इन कमियों की वजह से ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियां पर्याप्त निगरानी के बिना काम कर रही हैं।

## स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, 25 और 26 मई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारियों ने अपनी 16 सूत्रीय मांगों के समर्थन में मोर्चा खोल दिया है। बैंक कर्मचारियों के केंद्रीय संघ ने 25 और 26 मई 2026 को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। कर्मचारी संघ का कहना है कि वे वेतन सुधार, सेवा शर्तों में सुधार और कर्मचारियों के लिए बेहतर सुरक्षा एवं सुविधाओं की मांग कर रहे हैं।

- 16 सूत्रीय मांगों पर देशव्यापी हड़ताल

उन्होंने चेतावनी दी है कि हड़ताल के दौरान बैंक की अधिकांश शाखाओं में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। एसबीआई कर्मचारियों का कहना है कि हड़ताल का उद्देश्य सरकार और बैंक प्रबंधन को उनकी मांगों के प्रति गंभीर करने के साथ-साथ कर्मचारियों के हित में ठोस कदम उठाना है। बैंक विशेषज्ञों का अनुमान है कि हड़ताल के कारण दो दिन के लिए बैंकिंग लेन-देन और ग्राहक सेवाओं पर असर पड़ सकता है। फेडरेशन की 16 सूत्रीय मांगों में उप-कर्मचारियों और सशस्त्र गार्डों की भर्ती शामिल है। बीमा उत्पादों की गलत बिक्री को रोकना भी एक मुख्य मांग है। साथ ही, कर्मचारियों के रिक्त पदों को तुरंत भरने की मांग की गई है। लक्ष्य और व्यावसायिक दबाव के कारण ग्राहकों को अनुपयुक्त उत्पाद बेचे जाने का आरोप है। आंदोलन कार्यक्रम के तहत फेडरेशन पहले ही कई विरोध प्रदर्शन कर चुका है। इनमें बैज पहनकर विरोध और दोपहर के भोजन के समय प्रदर्शन शामिल हैं। सांसदों और सरकारी अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपे गए हैं। अगले चरण में कैंडल मार्च जुलूस और प्रस्तावित अखिल भारतीय बैंक हड़ताल शामिल है।

## बैद्यनाथ द्राक्षासव स्पेशलः खाने में अरुचि और पाचन समस्याओं के लिए आयुर्वेदिक समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नागपुर

गर्मियों में शरीर पर लू और तेज धूप के प्रभाव के कारण पाचन से जुड़ी समस्याएं आम हो जाती हैं। ऐसे में आयुर्वेदिक समाधान के रूप में बैद्यनाथ द्राक्षासव स्पेशल को लाभकारी बताया जा रहा है। आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार द्राक्षासव स्पेशल खाने में अरुचि, हल्का पेट दर्द, बदहजमी और ऊर्जा की कमी जैसी समस्याओं में राहत प्रदान करता है।


यह आयुर्वेदिक टॉनिक शरीर को ऊर्जा और ताजगी देता है, साथ ही पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मियों में यदि लोग अपने आहार और जीवनशैली में संयम रखते हुए बैद्यनाथ द्राक्षासव स्पेशल का सेवन करें, तो पाचन संबंधी समस्याओं से बचाव के साथ साथ शरीर में शारीरिक शक्ति भी बढ़ती है। आयुर्वेद के अनुसार भारत में छह ऋतुएं होती हैं हेमंत, शिशिर, बसंत, ग्रीष्म, वर्षा और शरद। होली के बाद धीरे-धीरे प्रखर सूर्य की किरणों से ग्रीष्म ऋतु का आभास होने लगता है। ग्रीष्म ऋतु में अधिक ताप और सूर्य की तेज धूप के कारण शरीर में लू, उल्टी, दस्त, बदहजमी, पेट दर्द, बुखार, पेशाब में जलन, छाती में जलन और एसिडिटी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।



आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार गर्मियों में फल और सब्जियों का सेवन बढ़ाना चाहिए। विशेकर खीरा, ककड़ी, प्याज और पुदीना लाभकारी होते हैं। पानी का अधिक सेवन और धूप में निकलते समय सावधानी रखना स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। ग्रीष्म ऋतुचर्या में नींबू, कैरी और बेलफल के पानक, गुलकन्द और आंवले का मुरब्बा विशेष लाभकारी हैं। आयुर्वेद में ग्रीष्म ऋतुचर्या के अन्तर्गत आहार विहार का विस्तृत वर्णन किया गया है उसका अनुसरण कर अनेक रोगों से व उपद्रवों से बचा जा सकता है। साथ ही कुछ द्रव्यों का सेवन करके भी स्वास्थ्य को ठीक किया जा सकता है।

## डायबिटीज किडनी के लिए साइलेंट खतरा

**जबलपुर।** भारत आज दुनिया की 'डायबिटीज की राजधानी' बनता जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार, करोड़ो भारतीय इस बीमारी के साथ जी रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं की डायबिटीज का सबसे बुरा असर हमारी किडनी पर पड़ता है। सबसे बड़ी चुनौती यह है की किडनी की बीमारी की शुरुआत में कोई दर्द या संकेत नहीं देती—यह एक 'खामोश' खतरा है। ऐसा डॉ.पंकज जावंधीया-वरिष्ठ सलाहकार–नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विशेषज्ञ),मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल,नागपुर ने बताया । लेकिन चिंता की बात केवल बढ़ती डायबिटीज नहीं है। असली खतरा उन गंभीर जटिलताओं का है, जो धीरे-धीरे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचाती हैं। इनमें सबसे अधिक प्रभावित होने वाला अंग है — किडनी। उन्होंने आगे बताया कि ,बहुत से लोग यह नहीं जानते कि लंबे समय तक अनियंत्रित शुगर हमारी किडनी की महीन रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाती है। यही कारण है कि डायबिटीज मरीज को भविष्य में किडनी रोग होने का खतरा रहता है।



## मोटोरोला ने 2 स्मार्ट फोन पेश किए

**जबलपुर।** एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज अपना नया मोटो जी37 पावर , मोटो जी37 और मोटो बड्स 2 को लॉन्च करने की घोषणा की है। इस स्मार्टफोन के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए बिल्कुल नए मोटो बड्स 2 को भी लॉन्च किया गया है, जो बिना किसी प्रीमियम कीमत के ड्यूल ड्राइवर्स, 55डीबी तक के डायनैमिक एक्टिव नॉइज़ कैंसलेशन (एएनसी), हाई-रेजोल्यूशन ऑडियो, इंटेलिजेंट कनेक्टिविटी और बेहतरीन साउंड देने के लिए डिजाइन किए गए हैं।




## एयरटेल की प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा शुरु

**जबलपुर।** भारती एयरटेल ने आज प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा लॉन्च करने की घोषणा की। यह सेवा विशेष रूप से उन व्यस्त ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो काम, मनोरंजन या ऑनलाइन सहयोग के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी पर निर्भर रहते हैं। इस सेवा के लिए एयरटेल ने अपने 5जी नेटवर्क को नेटवर्क स्लाइसिंग तकनीक की उन्नत क्षमताओं से सशक्त




## राशिफल

**मेष:** खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

**वृष:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** नौकरी के लिए साक्षात्काराादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कर्क:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह:** कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**कन्या:** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**धनु:** भाई-बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**कुंभ:** कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन:** दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

## हॉलमार्किंग जागरुकता कार्यक्रमः सराफा व्यापारियों और उपभोक्ताओं को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल ने सराफा एसोसिएशन, नीमच के सहयोग से एक हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। नीमच एक अनिवार्य हॉलमार्किंग जिला होने के नाते यह कार्यक्रम ज्वेलर्स और उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण माना गया।

कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रतिभागियों सहित सराफा एसोसिएशन के प्रमुख सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ज्वेलर्स और उपभोक्ताओं को हॉलमार्किंग प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया, अनिवार्य हॉलमार्किंग दिशा-निर्देश, संबंधित विनियम, पंजीकरण एवं निरस्तीकरण प्रक्रियाएं, डिस्प्ले आवश्यकताएं और बीआईएस द्वारा जारी नवीनतम अद्यतन के संबंध में जानकारी प्रदान करना था। बीआईएस भोपाल शाखा कार्यालय से हरिओम मीणा (वैज्ञानिक-सी एवं उप निदेशक) और आकांक्षा मिश्रा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन, न्यूज पोर्टल के माध्यम से हॉलमार्क पंजीकरण, बिक्री केंद्रों के लिए डिस्प्ले आवश्यकताएं, सर्विलांस एवं बाजार नमूना दिशा-निर्देश, बीआईएस वेबसाइट, आईएसआई मार्क और बीआईएस केयर ऐप की विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




## बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों को मिलेगा पहले से अधिक रिटर्न, बढ़ाई एफडी ब्याज दरें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ग्राहकों को राहत देते हुए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी ) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर दी है, जिससे ग्राहकों को अब पहले से अधिक रिटर्न मिलेगा। बैंक की ओर से 3 करोड़ रुपए से कम की एफडी पर नई ब्याज दरें लागू की गई हैं, जो 18 मई से प्रभावी हो गई हैं। एक साल या उससे अधिक और 2 साल से कम की एफडी पर बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से 6.5 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है। 2 साल या उससे अधिक लेकिन तीन साल के कम की एफडी पर बैंक की तरफ से 6.6 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है।

**आवश्यकता है**
पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के-लड़कियां, महिलाऐ -पुरुष पैकिंग करके (22500- 64500) महीना कमाऐ, फन्ड+ बोनस- 9217961955, 8527765400

## शब्द पहेली - 6231



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 6230 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | श | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 6241

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6240 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



# 78 साल के एक्टर अशोक ने कान फेस्टिवल में मचाई धूम

**मुंबई।** कान फिल्म फेस्टिवल में 78 साल के अभिनेता अशोक सराफ ने भी शिरकत भी की। वह अपनी पत्नी और एक्ट्रेस निवेदिता जोशी सराफ के साथ शामिल हुए। इस मौके पर उनके लुक और पहनावे ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अशोक सराफ जहां कान फिल्म फेस्टिवल में बंद गले का सफेद कोट पहने नजर आए। वहीं पत्नी निवेदिता ने महाराष्ट्रियन साड़ी पहनी थी, इस पर प्रकृति से प्रेरित चित्र बने थे। दोनों हाथ में हाथ डाले, कान फेस्टिवल के रेड कारपेट पर चले। सोशल मीडिया पर फैंस ने इनके लुक और अंदाज को खूब पसंद किया। अशोक सराफ के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मराठी और हिंदी फिल्मों में उम्दा किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं। मराठी फिल्म जानकी से बतौर एक्टर उन्होंने शुरुआत की थी। इसके बाद वह बलाचे बाप ब्रह्मचारी, भूतचा भाऊ और धूम धड़ाका जैसी मराठी फिल्मों में नजर आए।

## लाइफ Style

# सारा

## एक बार धोखेबाज का टैग लग गया तो हटता नहीं



सारा अली खान अक्सर अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। अब सारा अली खान ने धोखा और धोखेबाज को लेकर बात की। सारा अली खान और आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'पति पत्नी और वो दो'को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

फिल्म प्यार, शादी, शक और धोखे पर आधारित है। इस बीच सारा अली खान ने रिश्ते में चीट करने यानी धोखा देने को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर'वाली कहावत पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जब सारा अली खान से 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर'वाली थ्योरी पर राय मांगी गई, तो एक्ट्रेस ने इससे सहमति जताई। सारा ने कहा, 'मैं मानती हूं कि एक बार धोखा देने वाला, हमेशा धोखेबाज होता है। क्योंकि, उसने धोखा दिया है। धोखेबाज की परिभाषा क्या है? अगर किसी ने धोखा दिया है, तो वह धोखेबाज है।' हालांकि, फिल्म के साथी कलाकारों आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह ने सारा के मत से सहमति नहीं जताई। आयुष्मान खुराना ने इस कहावत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'एक बार धोखा देने वाले से एक बार धोखा देने वाले बनने तक का सफर होता है। कोई भी जन्म से धोखा देने वाला नहीं होता।'वहीं ,रकुल प्रीत सिंह ने भी आयुष्मान से सहमति जताते हुए कहा कि जरूरी नहीं कि वह व्यक्ति दोबारा धोखा दे। हालांकि, सारा इससे सहमत नहीं थीं और उन्होंने कहा, 'आपको धोखेबाज का लेबल लग जाता है और इसे बदला नहीं जा सकता। अगर वह धोखेबाज है, तो संभावना है कि वह दोबारा धोखा देगा, लेकिन शायद नहीं भी दे।

## हॉलीवुड मसाला

# सिल्वेस्टर -जेनिफर ने मनाई शादी की सालगिरह



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन (रॉकी) और उनकी पत्नी जेनिफर फ्लेविन ने अपनी शादी के 29 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर सिल्वेस्टर ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी के लिए एक बेहद प्यारा संदेश लिखा है। सिल्वेस्टर ने पत्नी जेनिफर के साथ अपनी एक खूबसूरत तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की। इस खास तस्वीर के साथ उन्होंने शादी की सालगिरह की बधाई देते हुए कैप्शन में लिखा, 'तुम मेरी जिंदगी को मतलब देती हो।' सिल्वेस्टर की इस पोस्ट को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। लोगों ने कमेंट सेक्शन में इस जोड़ी को 'खूबसूरत और प्यारा जोड़ा' बताया। इसके साथ ही फैंस ने उन्हें शादी की सालगिरह की ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।



# गर्लफ्रेंड एलिस के साथ तीसरे बच्चे का स्वागत करेंगे जेमी

**लॉस एंजिल्स।** जेमी फॉक्स जल्द ही तीसरी बार पिता बनने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी गर्लफ्रेंड एलिस हक्सटेप प्रेग्नेंट हैं और दोनों अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि जेमी फॉक्स पहले से दो बेटियों के पिता हैं। उनकी बड़ी बेटी कोरिन फॉक्स एक्स पार्टनर कॉनी क्लाइन  से हैं, जबकि दूसरी बेटी क्रिस्टिन ग्रैनिस से हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसी साल जनवरी 2025 में खबरें आई थीं कि जेमी फॉक्स और एलिस हकस्टेप का ब्रेकअप हो गया है। उस वक्त एक सोर्स ने बताया था कि जेमी अपने काम में काफी बिजी हैं और उनकी जिंदगी में बहुत कुछ चल रहा है। हालांकि, बाद में दोनों फिर साथ नजर आए। उन्हें कई बार एक साथ स्पॉट किया गया, जिसमें मलिबू और मियामी की आउटिंग्स भी शामिल थीं। जेमी फॉक्स और एलिस हकस्टेप का नाम पहली बार साल 2022 में जुड़ा था, जब दोनों को कान्स में एक यॉट पर साथ देखा गया था। इसके कुछ समय बाद एलिस, जेमी की फिल्म डे शिफ्ट के प्रीमियर में भी उनके साथ नजर आई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2023 में जेमी फॉक्स की हेल्थ इमरजेंसी के दौरान भी एलिस उनके साथ मजबूती से खड़ी रहीं। उस समय एक्टर को ब्रेन ब्लीड और स्ट्रोक की समस्या हुई थी।



# कान से सामने आया हुमा का दमदार लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में शिरकत की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कान से अपना एक और दमदार लुक शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। हुमा के फैंस उनकी इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं।  हुमा कुरैशी का कान फिल्म फेस्टिवल से एक नया लुक सामने आया है। इस नए लुक में हुमा एक शानदार काले गाउन में बेहद ही खूबसूरती से पोज देती नजर आ रही हैं। रेड कार्पेट पर जाने से पहले हुमा का यह बेबाक और ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। ब्लैक गाउन के साथ हुमा ने अपने इस लुक को स्टेटमेंट डायमंड ज्वेलरी के साथ स्टाइल किया है। कान से अपनी इन शानदार तस्वीरों को हुमा ने इंस्टग्राम पर शेयर किया है। इस लुक के साथ हुमा ने कैप्शन में लिखा, 'अगर आप कान में मिलें, तो मुझे पकड़ लीजिएगा।



# भूमि ने की दलाई लामा से मुलाकात

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में दलाई लामा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। भूमि ने इस मुलाकात को बहुत खास और यादगार बताया।  भूमि ने इंस्टाग्राम पर दलाई लामा से मुलाकात की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'दलाई लामा के पास सब कुछ हल्का, शांत और अलौकिक लग रहा था।' जब वह वहां से निकलीं तो उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने लिखा, 'यह एक ऐसा एहसास है, जिसे मैं शब्दों में बता नहीं सकती, सिर्फ महसूस कर सकती हूं।' भूमि ने इस पोस्ट में कई तस्वीरें शेयर कीं। इनमें वह दलाई लामा के सामने सिर झुकाते हुए और भावुक होते हुए दिख रही हैं। कुछ तस्वीरों में मठ का शांत वातावरण भी दिख रहा है।

## टीवी मसाला



# सबा ने पूरी की सीरीज स्टॉर्म की शूटिंग बॉयफ्रेंड ऋतिक ने की है प्रोड्यूस

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड व अभिनेत्री सबा आजाद जल्द ही ऋतिक के प्रोडक्शन हाउस एचआरएक्स फिल्म्स के बैनर तले बन रहे अगले प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। हाल ही में सबा ने खुलासा किया कि उन्होंने आगामी थ्रिलर सीरीज 'स्टॉर्म'की शूटिंग पूरी कर ली है। सबा ने अपने सीरीज की कहानी और अपने किरदार को लेकर बात की। एक बातचीत के दौरान सबा आजाद ने बताया कि इस भूमिका ने उन्हें इमोशनली बहुत प्रभावित किया। उन्होंने इस किरदार को अपने करियर की अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण परफॉर्मेंस में से एक बताया। सीरीज में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए काफी हैरान करने वाली और शानदार रही। इस सीरीज ने मुझे उन तरीकों से झकझोर दिया, जिनकी मैंने उम्मीद नहीं की थी। मुझे लगता है कि मैं इसे घर ले गई और मुझे नहीं लगता कि मैं पहले कभी किसी किरदार को घर ले गई हूं। मैं लोगों के इसे देखने के लिए काफी उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि उस शो में कुछ बेहतरीन कलाकार हैं और अजीतपाल सिंह (निर्देशक) एक जीनियस हैं। स्टॉर्म की कहानी मुंबई में हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े एक घोटाले में फंसी पांच महिलाओं के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, ये महिलाएं भ्रष्टाचार, धोखे और मुंबई जैसे शहर में अपने जीवन के संघर्ष से जूझती नजर आती हैं।

## पंचायत सीजन 5 को लेकर सामने आई नई जानकारी

**नई दिल्ली।** ओटीटी की दुनिया का लोकप्रिय शो पंचायत के अगले यानी पांचवें सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले साल सीरीज का चौथा सीजन आया था, जिसका अंत एक रोमांचक मोड़ पर हुआ था। इसके बाद से ही फैंस सीरीज के पांचवें सीजन का इंतजार कर रहे हैं।



ओटीटी प्लेटफॉर्म ने पिछले महीने शो की आधिकारिक घोषणा की थी। अब शो को लेकर कुछ नई जानकारी सामने आई है। पिछले महीने अपने आगामी सीजन को लेकर जब प्राइम वीडियो ने घोषणा की थी, तब उसमें 'पंचायत' सीजन 5 का नाम भी शामिल था। पंचायत का पांचवां सीजन इसी साल 2026 में रिलीज होगा। हालांकि, सीरीज की कंफर्म रिलीज डेट का दर्शक अभी भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पांचवें सीजन में कहानी और भी आगे बढ़ेगी। मेकर्स ने पहले ही इस बात का संकेत दे दिया था कि इस सीजन में चौथे सीजन में अधूरे रह गए सवालों के जवाब मिलेंगे। साथ ही संभव है कि कई ट्विस्ट भी इस बार कहानी में नजर आएंगे। जानकारी के मुताबिक, इस सीजन में सचिव जी अभिषेक त्रिपाठी को फुलेरा में एक कठिन दौर का सामना करना पड़ेगा।

# अमिताभ ने दिखाया ईरान का 134 साल पुराना एकमात्र हिंदू विष्णु मंदिर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमिताभ बच्चन ने ईरान के बंदर अब्बास शहर में बने 134 साल पुराने हिंदू विष्णु मंदिर का एक अनदेखा वीडियो शेयर किया है, जो बहुत ही प्यारा है। इस वीडियो को शेयर कर अमिताभ ने भारत और ईरान के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक रिश्तों की झलक और उसकी अहमियत दिखाने की कोशिश की है। अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। फेसबुक पर शेयर किए विष्णु भगवान के मंदिर के इस वीडियो को देख फैंस ने कहा कि यह अमिताभ बच्चन का साल का सबसे बेहतरीन पोस्ट है। विष्णु मंदिर का वीडियो शेयर कर अमिताभ बच्चन ने लिखा है, 'ईरान के बंदर अब्बास शहर में स्थित प्राचीन हिंदू विष्णु मंदिर। काजर काल में 1892 में निर्मित, यह मंदिर शहर में काम करने वाले भारत के हिंदू व्यापारियों के लिए बनाया गया था। गाना फारसी भाषा में है।' वीडियो में 134 साल पुराने बने मंदिर की पुरानी बनावट नजर आ



रही है। साथ में विष्णु भगवान की उस सदी की मूर्तियां और नक्काशी दिख रही है। अमिताभ बच्चन जल्द की 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल में नजर आएंगे, जिसके लिए उन्होंने कुछ हफ्ते पहले कमल हासन के साथ शूटिंग भी की थी। इसके अलावा नितेश तिवारी की 'रामायणम्' के लिए भी उनके नाम की चर्चा है, पर अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# वेलकम टू द जंगल का टाइटल ट्रैक रिलीज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, दिशा पाटनी, जैकलीन, रवीना टंडन सहित कई चर्चित सितारों से सजी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। इतने सारे सितारे जहां होंगे, वहां एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलना पक्का है। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है और काफी धमाकेदार है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का गाना सोमवार को आया है। इसमें एक्शन भी है, इमोशन भी हैं और भरपूर कॉमेडी का डोज है। जंगल का इलाका है और अक्षय कुमार अपनी टोली के साथ वहां मौजूद हैं। जंगल में एक से बढ़कर एक चैलेंज सामने आते हैं। पूरी टोली सर्वाइव करती है। साथ में मस्ती भी भरपूर होती है। इस टाइटल ट्रैक के जरिए यह बात कंफर्म हो चुकी है कि अक्षय कुमार का फिल्म में डबल रोल है।  अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से यह गाना साझा किया है। उन्होंने इसके साथ

## डबल रोल निभाएंगे अक्षय



कैप्शन लिखा है, 'इस जंगल में अब दहाड़ भी होगी और शोर भी होगा। फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है'। यह फिल्म 26 जून  को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।  यह फिल्म बॉलीवुड की पॉपुलर 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की तीसरी किस्त है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, जैकी श्रॉफ, पेरश रावल, राजपाल यादव, रवीना टंडन और कीकू शारदा सहित कई चर्चित सितारे हैं। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। फिल्म के गाने की बात करें तो गाने की तो इसे संगीतकार जोड़ी साजिद-वाजिद ने कंपोज किया है। इस गाने को रीक्रिएट संस्करण के साथ जारी किया गया है। पहले की तरह इस बार भी आवाज शान ने दी है।

## अपनी अदाकारी से ऐसी छाप छोड़ी, जिसे शायद ही मिटाया जा सकता है

# बॉलीवुड की पहली पढ़ी-लिखी एक्ट्रेस, अंग्रेजों के नाक में किया था दम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लीला लिटनिस आज के दौर में आपने यह नाम नहीं सुना होगा। वह भले ही मीना कुमारी, मधुबाला और मुमताज जैसी पॉपुलर नहीं हुईं, लेकिन उन्होंने सिनेमा में अपनी अदाकारी से ऐसी छाप छोड़ी जिसे शायद ही मिटाया जा सकता है। कर्नाटक में 9 सितंबर 1909 को मराठी परिवार में जन्मीं लीला लिटनिस हिंदी सिनेमा की पहली पढ़ी-लिखी एक्ट्रेस थीं। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर प्रोफेसर थे। ऐसे में परिवार में शिक्षा को लेकर जुनून होना तो तय था। उन्होंने भी खूब पढ़ाई की और उस वक्त बीए की डिग्री हासिल की। लीला लिटनिस ने सिनेमा में कदम रखा, कभी एक्स्ट्रा बनीं तो कभी साइड रोल मिला। मगर कम लोग जानते हैं कि अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले एक टीचर थीं।



### अंग्रेजों के खिलाफ उठाई आवाज

लीला लिटनिस करीब 15-16 साल की थीं, जब उनकी शादी डॉक्टर गजानन यशवंत चिटनिस से हो गई थी। दोनों के चार बेटे हुए। इस दौरान लीला अपने पति के साथ अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठा भी उठा रही थीं। उन्होंने अपने घर में एक मशहूर फ्रीडम फाइटर एम.एन रॉय को पनाह दी थी, बिना इस डर के कि अगर किसी को पता चला तो उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। खैर, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के बीच उनकी जिंदगी में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें अपने संघर्ष से लड़ना पड़ा।

### अकेले की चार बच्चों की परवरिश

जब लीला अपने पति गजानन से तलाक लेकर अलग हुईं तो उन्होंने अपने चार बच्चों की अकेले परवरिश करने का फैसला किया। पहले उन्होंने टीचिंग की और फिर थिएटर ज्वॉइन किया। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में कदम रखने का फैसला किया। मगर यह भी कहां आसान था।

### गुमनामी में बीता आखिरी पल

लीला लिटनिस ने हिंदी सिनेमा में करीब 5 दशक तक काम किया। 30s से लेकर 80s तक काम किया और इसके बाद अपने बड़े बेटे के साथ यूएसए में शिफ्ट हो गईं। आखिरी पल उन्होंने बिना किसी लाइमलाइट के गुमनामी में बिताया। साल 2003 में 93 साल की उम्र में एक्ट्रेस का निधन हो गया था।

### 'एक्स्ट्रा' फिल्मों में किया काम

*जब लीला इंडस्ट्री में आईं तो उन्होंने बहुत संघर्ष देखा। उन्होंने कई फिल्मों में 'एक्स्ट्रा' के तौर पर काम किया और फिर साल 1937 में फिल्म जेंटलमैन डाकू से बड़ा ब्रेक मिला। लीला लिटनिस कॅरियर को संवारने वाली फिल्म कंगन साबित हुई जिसके बाद वह लीडिंग लेडी बन गईं।*


### मां के किरदार से मिली पहचान

*लीडिंग रोल्स करने के बावजूद लीला लिटनिस को असली पहचान मां के किरदार से मिले। वह दिलीप कुमार से लेकर राज कपूर और देव आनंद जैसे सुपरस्टार्स की मां की भूमिका निभा चुकी हैं। फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ वह डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। उनकी इकलौती फिल्म आज की बात को उन्होंने ही डायरेक्ट किया था। मगर फिल्म न चलने के बाद वह फिर से एक्टिंग में आ गई थीं। आपको बता दें कि लीला पहली अभिनेत्री थीं, जिन्होंने **Lux** का ऐड किया था।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 18 |
| गुजरात | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 8 | 5 | 16 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| राजस्थान | 12 | 6 | 6 | 12 |
| चेन्नई | 13 | 6 | 7 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| लखनऊ | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
555 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

# पंत की वनडे टीम से छुट्टी, टेस्ट में हुआ डिमोशन, ईशान की वापसी


## टेस्ट और वनडे टीम से बाहर बुमराह, पहली बार टेस्ट टीम में मानव सुतार और गुरनूर बरार

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी एक टेस्ट के लिए भारतीय टीम की उपकप्तानी से हटा दिया गया है और तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए वह टीम में नहीं हैं। केएल राहुल को पंत की जगह भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है जबकि शुभमन गिल कप्तान होंगे। सीनियर हरफनमौला रविंद्र जडेजा को टेस्ट मैच से आराम दिया गया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी कार्यभार प्रबंधन के तहत टेस्ट और वनडे से आराम दिया गया है लेकिन वह इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में लौटेंगे।

### वनडे टीम में प्रिंस को जगह

अजित अगरकर की अगुवाई वाली बीसीसीआई की सीनियर पुरुष चयन समिति की बैठक हुई, जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं के लिए टीम चुनी गई। 6 जून से मुल्लांपुर में एकमात्र टेस्ट खेला जाएगा जबकि तीन वनडे 14 जून से धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में होंगे। अगरकर ने चयन समिति की बैठक के बाद कहा, ‘ बुमराह इंग्लैंड दौरे पर वापसी करेंगे। वह अपने कार्यभार प्रबंधन पर काम कर रहे हैं।’ स्पिन गेंदबाज मानव सुतार और तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को पहली बार टेस्ट टीम में चुना गया है। दोनों आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हैं। वनडे टीम में प्रिंस यादव को जगह मिली है।





### अगस्त 2024 में आखिरी बार वनडे खेले थे ऋषभ

ऋषभ पंत ने अगस्त 2024 में आखिरी बार वनडे मैच खेला था। इससे पहले जनवरी 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। उनके दाहिने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया था। पंत ने वनडे में 31 मैच खेले हैं और 27 पारियों में 33.50 के औसत और 106.21 के स्ट्राइक रेट से 871 रन बनाए हैं। इसमें 1 शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं। नाबाद 125 उनका सर्वोच्च स्कोर है।

### टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साइ सुदर्शन, ऋषभ पंत, देवदत्त पडिक्कल, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर बरार, ध्रुव जुरेल और हर्ष दुबे ।

### वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बरार और हर्ष दुबे ।

## खबर संक्षेप



### 29 से इंडियन ओपन सर्फिंग टूर्नामेंट

**मैंगलुरु।** जापान में इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की दृष्टि से महत्वपूर्ण इंडियन ओपन सर्फिंग टूर्नामेंट 29 से 31 मई तक ब्लू बे तन्निरभावी इको बीच पर आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय सर्फिंग महासंघ (एसएफआई) के तत्वावधान में किया जाएगा। यहां अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। एसएफआई ने मंगलवार को जानकारी दी। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए लिटिल अंडमान प्रो 2026 का आयोजन किया गया था। इसके बाद अब इंडियन ओपन 2026 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप श्रृंखला का दूसरा पड़ाव है।

### मलेशिया मास्टर्सः अश्मिता की एकल मुख्य ड्रॉ में एंट्री



**कुआलालम्पुर।** भारत की अश्मिता चालिहा ने चीनी ताइपै की पाइ यू पो को तीन गेम के मुकाबले में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। चालिहा ने यू पो पर 21-23, 21-16, 21-16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना दुनिया की 56वें नंबर की खिलाड़ी इंडोनेशिया की टी रामाधानी वीर्यावान से होगा। आकर्षि कश्यप को कोरिया की पार्क गा युन के हाथों 21-15 20-22 7-21 से पराजय झेलनी पड़ी। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारुनन और एमआर अर्जुन ने सातवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव और फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 21-19, 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### टी20 विश्व कप के लिए अच्छी स्थिति में भारतीय टीम : स्मृति



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अच्छी स्थिति में है। महिला टी20 विश्व कप 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा। वनडे विश्व कप विजेता भारत 14 जून को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। मंधाना ने कहा, ‘हमारा अभ्यास शिविर बहुत अच्छा रहा। मैं अभी इस बारे में इतना ही बताना चाहती हूं। मैं इस बारे में कोई विशिष्ट जानकारी नहीं देना चाहती हूं कि हमने किन चीजों पर काम किया है क्योंकि विश्व कप अब काफी करीब है।’ उन्होंने कहा, ‘लेकिन मैं यह कहना चाहूंगी कि सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में दिख रही हैं।

## आज शाम 7.30 बजे से रहाणे और हार्दिक की टीमों में मुकाबला

# कठिन डगर में केकेआर, समीकरण बिगाड़ने के लिए प्रतिबद्ध एमआई

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

टूर्नामेंट की खराब शुरुआत के कारण अगर मगर की कठिन डगर में फंसी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम को अगर आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़नी होगी। मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन वह केकेआर के समीकरण बिगाड़ने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

अगर इस मैच में केकेआर हार जाती है, तो अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में लगातार दूसरे सत्र में उसकी टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रहेगी। मुंबई के खिलाफ जीत से भी केकेआर का काम पूरा नहीं होगा। उसका भाग्य अभी भी शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले मैच पर निर्भर करेगा। अगर पंजाब वह मैच जीत जाता है, तो रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ केकेआर का आखिरी लीग मैच महज औपचारिकता रह जाएगा।

### राजस्थान रॉयल्स और केकेआर के बचे दो मैच

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस प्रतियोगिता से बाहर हो चुके हैं। इससे पांच टीम पंजाब किंग्स (13 अंक), राजस्थान रॉयल्स (12), चेन्नई सुपर किंग्स (12), दिल्ली कैपिटल्स (12) और कोलकाता नाइट राइडर्स (11) बाकी बचे एक प्लेऑफ स्थान हासिल करने की दौड़ में हैं। इनमें से केवल राजस्थान रॉयल्स और केकेआर के ही दो मैच बचे हैं। राजस्थान के लिए सबसे सरल समीकरण है। लखनऊ और मुंबई के खिलाफ अपने बचे हुए दोनों मैच जीतकर 16 अंक हासिल करके क्वालीफाई करना।



### केकेआर को जीतने होंगे अपने दोनों मैच

*दूसरी ओर केकेआर को न केवल अपने दोनों मैच जीतने होंगे, बल्कि यह भी उम्मीद करनी होगी कि पंजाब की टीम लखनऊ से हार जाए। पंजाब का नेट रन रेट केकेआर से बेहतर है। केकेआर ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच में जीत हासिल की है लेकिन टूर्नामेंट के शुरू में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, जिससे टीम को काफी नुकसान हुआ। कप्तान रहाणे और कोच अभिषेक नायर को विजयी संयोजन तय करने में लगभग सात मैच लग गए।*

### फिन एलन अपनी फॉर्म में लौटे

फिन एलन ने शीर्ष क्रम में अपनी फॉर्म को फिर से हासिल कर लिया है। उन्होंने अपनी पिछली तीन पारियों में एक शतक और 93 रन की तूफानी पारी खेली है, जबकि युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और कैमरन ग्रीन का आत्मविश्वास हर मैच के साथ बढ़ता जा रहा है। शीर्ष क्रम में रहाणे एकमात्र कमजोर कड़ी रहे हैं, लेकिन उप-कप्तान रिंकू सिंह ने मध्य क्रम में फिनिशर की अपनी भूमिका को बखूबी निभाया है। केकेआर के लिए गेंदबाजी विभाग में मथीशा पथिराना और वरुण चक्रवर्ती की चोट चिंता का विषय है।

## आईसीसी महिला रैंकिंग

# फातिमा सना ने टी20 और लॉरेन ने वनडे में लगाई लंबी छलांग



एजेंसी ▸▸ दुबई

आईसीसी की ताजा जारी महिला खिलाड़ियों की रैंकिंग में पाकिस्तान की कप्तान फातिम सना ने टी20 और इंग्लैंड की तेज लॉरेन बेल ने वनडे में लंबी छलांग लगाई है। पाकिस्तान और जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीमों के बीच हाल ही में कराची में टी20 सीरीज खेली गई थी। पाकिस्तान ने इस सीरीज को 3-0 से जीता था।

इस सीरीज में फातिम का प्रदर्शन शानदार रहा था और इसका फायदा उन्हें टी20 रैंकिंग में हुआ है। आखिरी मैच में 62 रन की पारी खेल कर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाली फातिम सना 4 स्थान की छलांग लगाते हुए बल्लेबाजों की रैंकिंग में 23वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### वनडे रैंकिंग में टॉप पर स्मृति बरकरार

वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर भारत की स्मृति मंधाना, दूसरे पर दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी तीसरे स्थान पर हैं। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग पहले, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन दूसरे और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर तीसरे स्थान पर हैं।

### फातिमा ने गेंदबाजी में किया दमदार प्रदर्शन

*फातिमा सना ने गेंदबाजी में भी दमदार प्रदर्शन किया था और 5 विकेट लिए थे, इसका फायदा उन्हें गेंदबाजी रैंकिंग में भी हुआ है। वह 6 स्थान की छलांग लगाकर 29वें स्थान पर चली गई हैं। पाकिस्तान की स्पिनर नशरा संधू ने भी इस सीरीज में 5 विकेट लिए थे। उन्हें टी20 गेंदबाजों की ताजा रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है। नशरा अब सातवें स्थान पर चली गई हैं। पाकिस्तान की सादिया इकबाल ने सीरीज में छह विकेट लिए थे। वह नंबर 1 टी20 गेंदबाज हैं।*

## इंडियन प्रीमियर लीग

# मुंबई इंडियंस को दोहरा झटका डिकॉक और राज बावा बाहर

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

मुंबई इंडियन्स के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर राज अंगद बावा चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी मुंबई इंडियन्स को अभी दो मैच और खेलने हैं। टीम बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स से जबकि रविवार को राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। डिकॉक के बाएं हाथ की कलाई में चोट लगी है। उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुंबई इंडियन्स के घरेलू मुकाबले से पहले यह चोट लगी थी। बावा को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के पिछले मैच के दौरान दांए हाथ के अंगूठे में चोट लगी।



### डिकॉक ने मौजूदा सत्र में खेले तीन मैच

डिकॉक ने मौजूदा सत्र में तीन मैच खेले। उन्होंने 16 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले मैच में नाबाद 112 रन बनाए। उन्होंने अपना पिछला मैच 23 अप्रैल को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ खेला। इसके बाद अभ्यास के दौरान कलाई में गेंद लगने के कारण वह सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाए। बावा ने भी मुंबई के लिए मौजूदा सत्र में तीन मैच खेले।


### रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे क्विंटन और राज बावा

मुंबई इंडियन्स ने बयान में कहा, ‘क्विंटन और राज बावा दोनों ही अपने-अपने घरों में रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे। इसमें उन्हें मुंबई इंडियन्स की मेडिकल टीम का सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे कि वे जल्द से जल्द खेल में वापसी कर सकें।’ उन्होंने कहा, ‘मुंबई इंडियन्स उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है और आईपीएल के दिशानिर्देशों के अनुसार उनके विकल्प की घोषणा की जाएगी।’

## सुपर क्लासिक शतरंज

# प्रज्ञानानंदा ने वेस्ली से बांटे अंक, खेला ड्रॉ

**बुखारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपर शतरंज क्लासिक के पांचवें दौर में अमेरिकी वेस्ली सो के साथ अंक बांटे और इस तरह से इस टूर्नामेंट में चौथी बाजी ड्रॉ खेली। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट का हिस्सा है, जिसके पांचवें दौर में किसी भी बाजी का हार या जीत के रूप में परिणाम नहीं निकला। इस तरह से जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने अपनी आधे अंक की बढ़त बरकरार रखी। उनके 3.5 अंक हो गए हैं। कीमर के बाद प्रज्ञानानंदा तथा नीदरलैंड के अनीश गिरी और जॉर्डन वैन फोरेस्ट का नंबर आता है। इन तीनों खिलाड़ियों के तीन-तीन अंक हैं और वे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव और वेस्ली सो 2.5-2.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जबकि अमेरिका के फैबियानो कारुआना और विश्व चैंपियनशिप के दावेदार उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव समान दो अंकों के साथ उनसे पीछे हैं। रोमानिया के बोगदान-डेनियल डिएक 1.5 अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरेजा फ़िरोजा उनसे आधा अंक पीछे हैं।





# नेमार खेलेंगे चौथा विश्व कप ब्राजील टीम का हुआ ऐलान

एजेंसी ▸▸ रियो डी जनेरियो

स्टार स्ट्राइकर नेमार को उनकी फिटनेस को लेकर संदेह के बावजूद ब्राजील की विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। यह फुटबॉलर इस तरह से अपना चौथा विश्व कप खेलेगा।

34 वर्षीय नेमार के नाम पर ब्राजील की तरफ से सर्वाधिक 79 गोल करने का रिकॉर्ड है लेकिन वह अक्टूबर 2023 में बाएं एसीएल में चोट लगने के बाद से अपनी सर्वश्रेष्ठ फिटनेस हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इस साल ब्राजील के अपने क्लब सैंटोस के लिए 8 मैच खेले हैं, जिनमें चार गोल किए।

### विश्व कप में हमारे महत्वपूर्ण खिलाड़ी नेमार

ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा, ‘नेमार ने अपनी फिटनेस में काफी सुधार किया है। वह इस विश्व कप में हमारे महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। विश्व कप के पहले मैच से पूर्व उनकी फिटनेस में और सुधार होने की संभावना है।’ कोच ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम में कुछ स्थानों के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी है, जिनमें नेमार भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, ‘उन्हें इस तरह की बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव है। उनका अनुभव हमारे लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है।’

## प्रीमियर लीग : हैवर्ट्ज ने दागा विनिंग गोल, बर्नले को 1-0 से हराया

# 22 साल बाद खिताब के करीब पहुंचा आर्सेनल एफसी

एजेंसी ▸▸ लंदन

आर्सेनल एफसी की बर्नले एफसी पर 1-0 की रोमांचक जीत के बाद 22 साल में अपने पहले प्रीमियर लीग खिताब के करीब पहुंच गया। आर्सेनल के लिए मैच में एकमात्र गोल काई हैवर्ट्ज ने किया।

हाफटाइम से ठीक पहले बुकायो साका के कॉर्नर पर हैवर्ट्ज ने शानदार हेडर की मदद से गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के काफी प्रयास लिए, लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिल सकी।



आर्सेनल एक मैच बाकी रहते टेबल में टॉप पर पांच पॉइंट की बढ़त बना चुका था। हालांकि, मैनचेस्टर सिटी एफसी को अभी भी दो मैच खेलने हैं, और अगर वे एएफसी बॉर्नमाउथ को हरा देते हैं, तो वह खिताब की रेस में बने रहेंगे। वहीं, अगर इस मुकाबले में सिटी को हार का सामना करना पड़ता है, तो क्रिस्टल पैलेस एफसी के खिलाफ अपने आखिरी मैच से पहले आर्सेनल चैंपियन बन जाएगा।

### नॉर्थ लंदन में जोश भरे माहौल के साथ एंट्री

*आर्सेनल ने नॉर्थ लंदन में जोश भरे माहौल के साथ मैच में एंट्री की। बर्नले के रेलिगेट होने और स्थायी मैनेजर के बिना होने के बावजूद, आर्सेनल को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। मेहमान टीम ने हैनिबल मेजब्री के साथ शुरुआत में दबाव बनाया, जबकि आर्सेनल को भारी उम्मीदों के बीच अपनी लय पाने में मुश्किल हुई। हालांकि, धीरे-धीरे आर्टेटा की टीम ने मैच को कंट्रोल करना शुरू कर दिया। एबेरेची एजे ने गोलकीपर मैक्स वीस को परखा। लुकास पाइरेस के चैलेंज पर साका के गिरने के बाद आर्सेनल ने पेनल्टी के लिए भी नाकाम अपील की।*




### हाईकोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर कहा

# हिस्ट्रीशीटर रज्जाक की हिरासत अवैध नहीं, एफआईआर के आधार पर

**जबलपुर।** कई आपराधिक प्रकरणों में आरोपी अब्दुल रज्जाक के प्रकरण में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि उसकी हिरासत अवैध नहीं है। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस आरसीएस बिसेन की डिवीजन बेंच ने रज्जाक की ओर से प्रस्तुत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को यह निर्देश दिया कि रज्जाक और उनके परिवार के खिलाफ दर्ज सभी लंबित मामलों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा भविष्य में दर्ज होने वाले नए अपराधों की सूचना 24 घंटे के भीतर दी जाए।



जबलपुर निवासी अब्दुल रज्जाक की ओर से आरोप लगाया गया कि रज्जाक को राजनीतिक कारणों से लगातार झूठे मामलों में फंसाकर जेल में रखा जा रहा है। याचिका में कहा गया था कि वर्ष 2021 में आधी रात को उसे घर से गिरफ्तार किया गया और उसके बाद उस पर तीन बार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया, लेकिन हर बार राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड ने एनएसए को मंजूरी नहीं दी। वहीं राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने बताया कि रज्जाक वर्तमान में वैधानिक आपराधिक मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं और ऐसी स्थिति में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में माना कि रज्जाक पर लगाए गए तीनों एनएसए आदेश अब अस्तित्व में नहीं हैं और वर्तमान हिरासत विभिन्न एफआईआर के आधार पर है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के पास नियमित कानूनी उपाय, जैसे जमानत आवेदन, उपलब्ध हैं।

### हाईकोर्ट ने मंडला पुलिस को दिया निर्देश

## बीच चौराहे में हुई मारपीट की घटना से जुड़ी केस डायरी पेश करो

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मंडला पुलिस को बीच चौराहे में हुई मारपीट की घटना से जुड़ी केस डायरी पेश करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस एके निरंकारी की सिंगल बेंच ने मामले की अगली सुनवाई ग्रीष्मावकाश के बाद नियत की है। मंडला निवासी प्रकाश मिश्रा एवं वीरेंद्र चौहान की ओर से अधिवक्ता निखिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि प्रकाश के साथ 20 जुलाई 2025 में बीच चौराहे मारपीट हुई थी। घटना के संबंध में आवेदक द्वारा मारपीट के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने हेतु आवेदक द्वारा आरटीआई के तहत संबंधित चौराहे एवं कोतवाली पुलिस थाना मंडला परिसर की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के लिए आवेदन किया था। पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी द्वारा उक्त सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे बंद हैं। याचिका में चौराहे एवं पुलिस स्टेशन की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने एवं प्रस्तुत करने की मांग की गई।

### घर में श्वान के हमले से दो सगी मासूम बहनें जख्मी

# आवारा श्वान घर में सो रही बच्ची को मुंह में दबाकर भागा



**जबलपुर।** पाटन के ग्राम आगासौद गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब घर के सामने खेल रही तीन साल की मासूम बच्ची पर आवारा श्वान ने हमला कर दिया। मां ने जब बच्ची को बचाने की कोशिश की तो श्वान अंदर घुस गया और अंदर सो रही 6 माह की मासूम को मुंह में दबाकर भागा। उसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया, दोनों बच्चियां गंभीर है उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पाटन अस्पताल से बच्चियों को मेडिकल रेफर किया गया है। लेकिन परिजनों ने बच्चियों को निजी अस्पताल में भरती कराया है।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आगासोद निवासी नरेश व उसकी पत्नी सुलोचना भवेदी दो मजदूरी करते है। दो दिन पहले पति काम से बाहर गए थे, घर पर सुलोचना दो बच्चियों के साथ थी। गांव में ही एक किसान ने खेत में बना मकान उन्हें रहने को दिया था। सुलोचना घर के अंदर काम कर रही थी, बाहर तीन साल की प्राची खेल रही थी, तभी एक अवारा श्वान ने बच्ची पर हमला किया। उसकी चीख पुकार सुनकर मां सुलोचना घर के बाहर निकली और लाठी को श्वान को भगाया, इसी बीच श्वान घर में घुसा और अंदर सो रही 6 साल की मासूम बच्ची को मुंह में दबाकर ले भागा, गांव के लोगों ने श्वान के मुंह से बच्ची को छुड़ाया। दोनों ही बच्ची के शरीर में गहरे घाव आए हैं। परिजन तत्काल उन्हें इलाज के लिए पाटन स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों बच्चियों को जबलपुर रेफर कर दिया गया। परिजनों ने दोनों को शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने हालत को देखते हुए दोनों बच्चियों को भरती कर लिया है। सुलोचना का कहना है कि क्षेत्रीय नागरिकों ने दोनों ही बेटियों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। डॉक्टर ने बच्ची के चेहरे पर गंभीर चोटें होने के कारण सर्जरी की सलाह दी हैं।

**दोनों वाहनों के चालकों की मौत**

# जबलपुर-मंडला एनएच-30 पर पर खड़े ट्रक से टकराया कंटेनर



**जबलपुर।** नेशनल हाईवे-30 जबलपुर- मंडला पर टिकरिया थाना क्षेत्र के ग्राम चिरी घाट में मंगलवार 19 मई को अल सुबह ट्रक व कंटेनर की भिडंत में दोनों के चालकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 22 जे 6075 जबलपुर से मंडला की ओर जा रहा था। इस बीच रास्ते में ट्रक का टायर पंचर हो गया, जिसके बाद चालक ने वाहन सड़क किनारे खड़ा कर दिया और टायर बदलने लगा। इसी दौरान जबलपुर की ओर से आ रहा कंटेनर क्रमांक आरजे 11 जीसी 8798 तेज रफ्तार में खड़े ट्रक से जा टकराया। बताया जा रहा है कि घाट की ढलान के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कंटेनर चालक केबिन में फंस गया, जबकि ट्रक के नीचे काम कर रहे चालक को संभलने का मौका नहीं मिला।

हादसे में दोनों चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर टिकरिया थाना प्रभारी प्रदीप पांडे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला और पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज भेजा। पुलिस ने बताया कि फिलहाल मृतकों की पहचान और पते की पुष्टि के बाद दोनों वाहनों के मालिकों और परिजनों को सूचना दी गई है। मामले में मर्ग कायम कर कार्रवाई की जा रही है।

## पेट्रोल-डीजल फिर महंगा, 95 पैसे प्रतिलीटर बढ़े दाम

**जबलपुर।** आम आदमी पर महंगाई की एक और मार पड़ी है. पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मंगलवार को फिर से बढ़ोतरी कर दी गई. तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम में करीब 95 पैसे प्रति लीटर तक की वृद्धि की है. पांच दिनों के भीतर ईंधन की कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है. इससे पहले पिछले शुक्रवार को भी पेट्रोल और डीजल के दाम में करीब 3 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ोतरी की गई थी. लगातार बढ़ती कीमतों का असर अब सीधे आम लोगों की जेब पर पडने लगा है. परिवहन खर्च बढने से रोजमर्रा की चीजों के दाम भी बढने की आशंका जताई जा रही है. जबलपुर में पेट्रोल अब 110 रुपए 74 पैसे लीटर बिकेगा, जबकि 15 मई तक 109 रुपए प्रतिलीटर था। 95 पैसा प्रतिलीटर की वृद्धि हुई है। वहीं डीजल 93 पैसे की वृद्धि के साथ 96 रुपए लीटर हो गया। प्रीमियर पेट्रोल के रेट भी 95 पैसे बढ़ गए है। अब यह पेट्रोल 120 रुपए 48 पैसे लीटर मिलेगा। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से आने वाले दिनों में ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ सकती है, जिसका असर सब्जियों, दूध, राशन और अन्य जरूरी सामानों की कीमतों पर भी देखने को मिल सकता है।

**ठगी के आरोपी को लेकर पुलिस पर गंभीर आरोप**

# आरटीआई में खुलासा 58 घंटे की अवैध हिरासत की अवैध रिहाई!

**जबलपुर।** धोखेबाजी के आरोपी को 58 घंटे बिना किसी गिरफ्तारी के अवैध हिरासत में रखने और बिना कानूनी कार्रवाई के उसे छोडन्ने का सनसनीखेज आरोप एक विधवा महिला ने लगाया है। आरोपी दूर के रिश्ते में उसका भांजा लगता था। महिला का आरोप है कि सीसीटीवी फुटेज देने और आरोपी द्वारा दिए गए इकबालिया कथन के बावजूद पुलिस के अधिकार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। हाल ही में महिला ने 14 मई को जबलपुर जोन के आईजी को लिखित शिकायत दी है। इसमें कहा गया है कि यदि आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई और दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो साक्ष्यों से छेड़छाड़ की जा सकती है। कटंगी रोड रिमझा टगर निवासी लक्ष्मी बाई साहू ने जबलपुर जोन के आईजी को दी शिकायत में कहा है कि लगभग दो साल पूर्व 8 जनवरी 2024 को आरोपी धीरेंद्र कुमार साहू द्वारा व्यापार में पार्टनर बनाने का झांसा देकर साढ़े चार लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी। इसकी शिकायत 8 जनवरी 2024 को माढ़ोताल थाने में की गई। विवेचना अधिकारी एएसआई ओमप्रकाश मिश्रा 14 फरवरी 2024 को सुबह आरोपी को पकडक़र थाने ले गए पूछतांछ की और बयान दर्ज किए। आरोपी ने ठगी तो स्वीकार कर ली उसके बाद पुलिस ने वीरेंद्र कुमार साहू को बंदीगृह में बंद कर दिया और बिना किसी वैधानिक कार्रवाई के 58 घंटे लॉकअप में रखने के बाद बिना कोई चार्ज लगाए बिना न्यायालय में प्रस्तुत किए थाने से ही छोड़ दिया।

इसके बाद दो साल तक फरियादी आरटीआई के तहत थाने से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त करने के लिए संघर्ष करती रही। तब जाकर उसे सीसीटीवी फुटेज मिले। अब यहां बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया कि बिना कानूनी कार्रवाई किए आरोपी को थाने से भगा दिया गया। तभी से आरोपी फरार है। शिकायत के पांच माह बाद मानव अधिकार आयोग के हस्तक्षेप से एफआईआर हुई लेकिन आरोपी नहीं पकड़ा जा सका। यह सीधे तौर पर साक्ष्यों को मिटाने और अपराधी को बचाने सांठगांठ का नतीजा है। पीड़ित महिला ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत में सीसीटीवी फुटेज की डीवीडी और आरटीआई के तहत प्राप्त आरोपी का स्वीकारोक्ति कथन की प्रति भी संलग्र की है। इस कथन में आरोपी शिवाजी नगर फेज 2 माढ़ोताल गली नं. 30 निवासी धीरेंद्र कुमार साहू ने स्वीकार किया कि वह लोवर पेंट बनाने का कार्य करता हूं। मैं श्रीमती लक्ष्मी साहू जो कि मेरे दूर के रिश्ते की मामी हैं। मुलाकात के दौरा इनसे मेरी चर्चा हुई थी कि उनके बेटे की दुकान नहीं चल रही है। तब मैने कहा था कि लोवर पेंट का काम करता हूं इसमें पैसा लगाओ तो तुम्हारे बेटे का पार्टनर बना लूंगा जो मुनाफा होगा वह भी दूंगा। इस पर लक्ष्मी साहू ने 6अप्रैल 23 को फोन पे बैंक खाते से 4 लाख रुपऐ तथा 50 हजार रुपऐ नगर दिए। जिसे मैने व्यापार में लगाया था। यह बात सही है कि मैने लक्ष्मी साहू के बेटे रोहि साहू के साथ पार्टनरशिप के लिए कोई एग्रीमेंट नहीं कराया। मुझे व्यापार में घाटा लग गया। मैने अपने जिन ग्राहकों को माल तैयार कराकर भेजा उन्होंने भुगतान नहीं किया। जिससे मैं लक्ष्मी साहू को पैसे नहीं दे सका। लक्ष्मी साहू तथा रोहित साहू ने मेरे ऊपर पैसा देने का दबाव बनाया तो मैरे सुरक्षा के तौर पर आईसीआई बैंक का चेक क्रमांक 000518 दिनांक 02 जनवरी 2024 को तीन लाख रुपए का चेक दिया जो बाउंस हो गया। मैने उन्हें उनके सारे पैसे लौटाने के लिए कहा था। किन्तु उन्होंने मुझे एक साथ पूरे पैसे मांग जो मैं नहीं दे सका। इसलिए उन्होंने मेरे खिलाफ आवेदन दिए हैं। मैं स्वीकार करता हूं कि मैने श्रीमती लक्ष्मी साहू तथा रोहित साहू से 4 लाख 50 हजार रुपए लिए हैं तथा मेरी आर्थिक स्थिति ठीक होने पर में उनका सारा पैसा वापस कर दूंगा।

### पत्नी के परिजन वारदात करके भागे

# लव-मैरिज करने के बाद युवक पर हमला

**जबलपुर।** ओमती थानान्तर्गत गुरंदी बाजार भरतीपुर में लव मैरिज करने वाले एक युवक पर पत्नी के परिजन ने जानलेवा हमला किया। हमले में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरंदी निवासी सुमित सोनकर सब्जी का कारोबार करता है। सुमित ने पिछले दिनों चंपालाल का बाड़ा घमापुर में रहने वाली अंशिका सोनकर के साथ सदर काली मंदिर में प्रेम विवाह किया था। इसके बाद से अंशिका के परिजन गुस्से में रहे। बीती शाम 6 बजे के लगभग सुमित अपनी पत्नी अंशिका को लेकर अपने घर भरतीपुर गुरंदी बाजार आ रहा था। जैसे ही वे न्यू मछली मार्केट के सामने गुरंदी बाजार भरतीपुर पहुंचे तभी शुभम सोनकर एवं रिंकू सोनकर ने रोककर गाली गलौज शुरु कर दी। विरोध करने पर अंशिका के साथ मारपीट करने लगे। सुमित ने पत्नी अंशिका को बचाया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट करते हुए लोहे के कड़े से हमला कर दिया, जिससे सिर पर गंभीर चोटें आई और वह गिर गया। पति पर हमला होते देख अंशिका की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाने आए तो आरोपी वहां से भाग खड़े हुए। घायल सुमित को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

**संजीवनी क्लीनिकों में पदस्थ चिकित्सकों की डिग्री जांची जाएगी**

# फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद नींद से जागा स्वास्थ्य विभाग

**जबलपुर।** दमोह पुलिस द्वारा फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टरों के अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किए जाने के बाद अब जबलपुर स्वास्थ्य विभाग में भी हलचल तेज हो गई है। चेरीताल स्थित संजीवनी क्लिनिक से गिरफ्तार फर्जी डॉक्टर अजय मौर्य के मामले में अब विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इस बीच मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने डॉ. नवनीत कोठारी ने जिले में कार्यरत सभी संजीवनी क्लीनिकों में पदस्थ चिकित्सकों के दस्तावेजों की जांच कराए जाने के निर्देश दिए हैं। जबलपुर जिले में अभी 53 संजीवनी क्लीनिक कार्यरत है। जिनमें से शहर सीमा में 51 वे दो सिहोरा में चल रही हैं।

स्थानीय शिकायतों और विभागीय सूत्रों के अनुसार, इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के एपीएम संदीप नामदेव और अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान पर फर्जी डॉक्टर को संरक्षण देने और कमीशनखोरी के आरोप लगाए गए हैं। सवाल उठाया गया है कि संजीवनी चिकित्सकों को ऑफ लाईन वेतन भुगतान कैसे हो रहा था। आरोपी अजय मौर्य बिना वैध मेडिकल डिग्री के मरीजों का इलाज कर रहा था। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि वह कई बार क्लिनिक में मौजूद भी नहीं रहता था, लेकिन इसके बावजूद उसका वेतन जारी होता रहा। यह भी आरोप लगाए गए हैं कि अधिकारियों की मिलीभगत से उसे जबलपुर से चलने वाली विशेष ट्रेनों में वीआईपी ड्यूटी भी दी गई।



### जनता में नाराजगी

स्थानीय लोगों का कहना है कि गरीबों के इलाज के लिए शुरू की गई संजीवनी क्लिनिक योजना में यदि फर्जी डॉक्टरों की नियुक्ति और भ्रष्टाचार के आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह बेहद गंभीर मामला है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

### नोडल अधिकारी को जांच के निर्देश

सीएमएचओं डॉ. नवनीत कोठारी ने बताया कि उन्होने फर्जी चिकित्सक से जुड़ा मामला प्रकाश में आने के बाद अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान को जांच के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि चेरीताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ. अजय मौर्य की गिरफ्तारी के बाद यह सवाल उठ रहे थे कि दस्तावेजों की जांच क्यों नहीं की गई। अर्बन अधिकारी सोमवार को तो यह कह कर पल्ला झाड़ रहे थे कि दस्तावेजों की जांच मुख्यालय स्तर पर भोपाल में हुई थी। लिहाजा उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं बनती। लेकिन सीएमएचओ के निर्देश से साफ है कि जिम्मेदारों ने अपनी भूमिका ठीक से नहीं निभाई थी। अभी तो उक्त फर्जी चिकित्सको को ऑफ लाइन वेतन कैसे हो रहा था इस बात की भी जांच होगी। उसे विशेष ट्रेनों में ही क्यों ड्यूटी पर लगाया जाता था। यह भी जांच का विषय होगा।

**कच्चे घर में सो रहे थे परिजन, पक्के घर का ताला टूटा, लाखों के जेवर चोरी**

**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत ग्राम मुडारी में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुडारी निवासी 29 वर्षीय श्रीमति रानी मेहरा गत रात करीब 10.30 बजे पक्के वाले मकान में बाहर से ताला लगा कर अपने पति राज कुमार और बच्चे कार्तिक एवं वंशिका के साथ घर के कच्चे वाले कमरे में सो गई थी। ससुर घर के बाहर आंगन में सोए थे। सुबह करीब 4 बजे पति राज कुमार मेहरा, ससुर मुन्ना लाल पत्ती तोडने के लिए उठे तो रानी ने उनके लिए चाय बनाई और दोबारा सो गयी। सुबह करीब 6 बजे उठी तो देखा कि पक्के वाले मकान का ताला टूटा था। आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर सोने की एक पांचाली, एक नग मंगल सूत्र, एक छोटा मंगल सूत्र, एक जोडी कान की झुमकी, दो नग हाय चंद्रमा, चांदी की एक जोडी पायल पुरानी इस्तमाली, एक जोडी छोटी पायल, 3 नग चैन, 2 नग संतान साते की चूडी एक खुसना, 2 नग चांदी की गुडिया की पायल, 2 नग चांदी की अंगूठी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

*जबलपुर निवासी अधिवक्ता ने सीजेआई व सीजे को पत्र भेजकर लगाई गुहार, आरोपी को उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष से हटाने की मांग*

## ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मृत्यु की स्वतंत्र व निष्पक्ष एजेंसी से कराएं जांच

**जबलपुर।** नोएडा निवासी ट्विशा शर्मा की भोपाल में संदिग्ध मृत्यु की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच एजेंसी से कराई जाए। सीजेआई सूर्यकांत व सीजे संजीव सचदेवा को पत्र भेजकर यह मांग जबलपुर निवासी सोशल एक्टिविस्ट एडवोकेट विवेक तिवारी ने की है।

तिवारी ने बताया कि ट्विशा शर्मा के पिता नवनिधि शर्मा ने उनसे संपर्क कर अपनी पुत्री को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। जिसके बाद पत्र भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि भोपाल के कटारा हिल्स थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 133/2026 में दहेज प्रताड़ना, मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न तथा संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। मामले की एक आरोपी सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रह चुकी हैं और वर्तमान में उपभोक्ता आयोग, भोपाल में पदस्थ हैं। इसलिए पीड़ित परिवार के मन में जांच की निष्पक्षता को लेकर आशंका उत्पन्न हो रही है।

इसलिए आरोपी को तत्काल उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पद से हटाया भी जाए। अधिवक्ता विवेक तिवारी ने अपने अभ्यावेदन में एम्स भोपाल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि रिपोर्ट में एंटी-मार्टम हैंगिंग, शरीर पर कई चोटों के निशान व फारेंसिक सैंपल सुरक्षित रखे जाने जैसी महत्वपूर्ण बातें सामने आई हैं, जो मामले को अत्यंत गंभीर बनाती हैं। आरोपितों को जमानत मिलने के बाद पीड़ित परिवार को गवाहों को प्रभावित करने, साक्ष्यों से छेड़छाड़ और महत्वपूर्ण इलेक्ट्रानिक व फारेंसिक साक्ष्य नष्ट किए जाने की आशंका है। लिहाजा, मामले की स्वतंत्र एजेंसी या उच्च स्तरीय निगरानी में जांच कराई जाए। सभी इलेक्ट्रानिक व फारेंसिक साक्ष्य सुरक्षित रखे जाएं व पीड़ित परिवार और गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। दहेज मृत्यु का मामला महज एक परिवार का निजी विवाद नहीं बल्कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय व्यवस्था में जनता के विश्वास से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240